ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • श्रावण कृष्ण पक्ष 09 • विक्रम संवत 2080 • गुरुवार, 10 अगस्त 2023 • वर्ष-29 • अंक-295 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

वंशवाद, भ्रष्टाचार की राजनीति देश हित में... पेज 10 पर




झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

पहले दिन की झलकियां



समापन समारोह

झारखण्ड आदिवासी महोत्सव 2023

समृद्ध आदिवासी जीवन दर्शन की झलकियां

मुख्य अतिथि
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि
समस्त माननीय मंत्री, झारखण्ड सरकार

तथा

माननीय मंत्रीगण, माननीय सांसदगण,
माननीय विधायकगण एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की
गरिमामयी उपस्थिति में

10 अगस्त 2023

समयः सायं 05:00 बजे से

बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान, रांची



PR No. 304311 (IPRD) 2023-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## NEWS इन ब्रीफ

### पंचायत सचिवालय में मुखिया ने की बैठक

**सतबरवा।** प्रखंड के बारी पंचायत सचिवालय में बुधवार को बैठक मुखिया निरोतमा कुमारी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मतदाता पुर्ननिरीक्षण कार्य पर चर्चा की गई। इस मौके पर सतबरवा बीडीओ राजकिशोर प्रसाद ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाताओं को जागरूक करते हुए 18 वर्ष से ऊपर सभी नये लोगों का मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाएं। इस मौके पर निरोतमा कुमारी ने 6 अगस्त को दूबियाखांड सडक दुर्घटना में निरज भुईयां 23 की मौत का मामला उठाते हुए ,उसे सरकारी प्रावधान के अनुसार लाभ दिलाने का अनुरोध बीडीओ से किया। बीडीओ ने मृतक का परिजनों से कहा कि मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर प्रखंड कार्यालय में जमा करें। तत्काल पारिवारिक लाभ बीस हजार दिया जायेगा तथा मृतक की पत्नी को विधवा पेंशन ,अंबेडकर आवास के अलावे झारखंड सरकार से 1 लाख की सहायता राशि और दी जायेगी।

### बिजली के लिए 'आप' करेगी आंदोलन

**मेदिनीनगर।** ढिबरी यूग से परेशान हैं ग्रामीण। आसेहार ग्रिड में लाइट नहीं रहने के कारण दर्जनों गांव ब्लैकआउट हैं। अक्सर शाम के समय ही पांकी के दर्जनों गांव में अंधेरा छा जाता है। नाम मात्र की बिजली जो कि रात को सोने के बाद घंटा दो घंटा के लिए दर्शन देती है। पांकी



विधानसभा के क्षेत्र में माननीय विधायक के आशीर्वाद से बिजली बार-बार आती है इसलिए विधायक जी बिजली की समस्या पर कभी कुछ नहीं बोलते। जनता परेशान हताश सिर्फ महीने में बिजली बिल भरने के लिए विवश रहती है। अधिकारियों से बात करने पर बिजली की पावर कम सप्लाई होने की बात कह कर बात को टाल दिया जाता है। इस समस्या का समाधान निकालने के लिए कोई तैयार नहीं है। बिजली की गंभीर समस्या को देखते हुए आम आदमी पार्टी के नेता कौशल किशोर बच्चन ने बिजली विभाग ग्रामीण के टेलीफोन पर संपर्क किया तो उन्होंने पावर कम सप्लाई होने की बात कह कर बात को टाल दिया। कौशल किशोर बच्चन ने कहा कि बिजली विभाग की अगर यही रवैया रहा तो ग्रामीणों को गोलबंद कर बिजली की आंख मिचौली के खिलाफ उग्र आंदोलन करेंगे।

### सड़क निर्माण कार्य में रैयतों के साथ मारपीट

विश्रामपुर एनएच 39 भोगू से शंखा तक फोरलेन निर्माण को लेकर विभागीय अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। अभी तक भू स्वामियों को अधिग्रहण की जाने वाली जमीन का न तो एलपीसी निर्गत किया गया है और ना हीं मुआवजे की राशि का भुगतान ही की गई। फिर भी जबरन रैयती जमीन पर निर्माण कार्य के लिए अधिकृत भारत वाणिज्य कंपनी के कर्मियों के द्वारा निर्माण कार्य को गति दी जा रही है। विरोध करने पर कंपनी के कर्मी रैयतों के साथ मारपीट पर भी उतारु हो जा रहे हैं। इतना हीं नहीं झूठा प्राथमिकी भी दर्ज करा जेल भेजने की भी धमकी दी जा रही है। ऐसे में भू स्वामियों की बीच दहशत का माहौल बना है।

# पच्चीस पुड़िया हीरोइन के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रिशमा रमेशन के आदेश पर शहर थाना की पुलिस ने पच्चीस पुड़िया हीरोइन के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि दिनांक 09.08.2023 को टीओपी - 2 प्रभारी, स०अ०नि० रूद्रानन्द सरस को 06.00 बजे सुबह सासाराम रांची इंटरसिटी से एक युवक के स्टेशन रोड स्थित पेयजल विभाग के पानी टंकी से पास मादक द्रव्य लाकर बेचने की सूचना मिली थी। जिस सूचना पर स०अ०नि० रूद्रानन्द सरस अपने टीओपी - 2 के जवानों के साथ कार्रवाई करते हुए स्टेशन रोड स्थित पेयजल विभाग की पांनी टंकी के पास पहुंचे। पुलिस को आते देख एक व्यक्ति भागने की कोशिश में घेराबंदी कर रोक लिया गया। जिनसे नाम पता पूछने पर युवक ने अपना अवधेश कुमार शर्मा उम्र 34 वर्ष पिता स्व0 बालगोविन्द शर्मा, सा० सगालीम थाना पांकी, जिला पलामू बताया। स०अ०नि० रूद्रानन्द सरस द्वारा इनके पास मादक पदार्थ पाये जाने की



सम्भावना जताते हुए विधिपूर्ण तलाशी की कार्रवाई करायी । अवधेश शर्मा द्वारा तलाशी की सहमति दिये जाने के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर मेदिनीनगर के द्वारा विधिवत तलाशी ली गयी। तलाशी लेने पर अवधेश कुमार शर्मा के पास से अवैध रूप से रखी गयी हेरोइन की बरामदगी हुई है। जिस आरोप में अवधेश कुमार शर्मा को गिरफ्तार किया गया है।

### किसानों के खेत सुखे, सड़क पर धनरोपनी

# ग्रामीणों ने सड़क पर धनरोपनी कर किया विरोध-प्रदर्शन

### यह हमारे क्षेत्र का हैं दूर्भाग्य : कर्नल संजय

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र झरगाड़ा पंचायत अंतर्गत ग्राम चरकौल में सड़क न बनने से परेशान ग्रामीणों ने बदहाल सड़क पर धनरोपनी कर विरोध -प्रदर्शन किया। वहीं किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जगह-जगह सड़कों के गड्ढों पर धान रोपाई करते हुए प्रदेश सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त सड़कों को जल्द दुरुस्त करने की मांग की है। यहां चरकौल गांव की हालात बेहद खराब है। जहां बारिश के दिनों में ग्रामीणों की चुनौतियां और भी ज्यादा बढ़ जाती हैं। यहां सड़क खस्ताहाल है, क्षेत्र में नालियां भी नहीं बनाई गई हैं। जिसकी वजह से गंदे पानी की निकासी नहीं हो पाती। सारा पानी सड़क पर भर जाता है। चरकौल



निवासी विष्णुदेव पासवान ने कहा कि तीन दिन पहले एक किशोरी को विषैले जन्तु ने काट लिया, सड़क खराब होने के कारण कोई वाहन यहां नहीं पहुंच पाई । जिसके कारण उसे काफी मशक़्क़त से चारपाई के सहारे झरगाड़ा मुख्य पथ पर ले जाया गया था, तब उसकी जान बच सकी। कर्नल संजय सिंह ने कहा कि पहले सड़कों में गड्ढे होते थे लेकिन अब हेमंत सरकार में गड्ढों में सड़क समा गई है। उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे के अलावा किसी भी ग्रामीण सड़क का हाल अच्छा नहीं है। लोग जल-जमाव से काफी परेशान है। जलजमाव की वजह से आये दिन उक्त सड़कों पर हादसे होते रहते हैं, वहीं बरसात के मौसम में जलजमाव की स्थिति और भी बढ़ जाती है। जिससे क्षेत्र में बीमारियां फैलने का डर है। किसान के खेत सुखे है और सड़क पर धनरोपनी हो रही है। यह हमारे क्षेत्र का दूर्भाग्य हैं। यदि इस सड़क का निर्माण जल्द नहीं कराया गया तो हमलोग उग्र प्रदर्शन करेंगे। मौके पर अरुण कुमार पासवान, सनोज यादव, मनोज शर्मा, अजय सिंह, डबल सिंह, गणेश प्रजापति, विजय प्रजापति, इशरार अहमद (गुड्डू), अमित सिंह, प्रदीप पासवान, सरोज पासवान, मनोहर सिंह, सत्यनारायण यादव आदि मौजूद रहे।

# 'मेरी मिट्टी मेरा देश' कार्यक्रम को लेकर बीडीओ ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** 77वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 'मेरी मिट्टी मेरा देश' कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसे लेकर तरहसी प्रखंड क्षेत्र में कार्यक्रम के सफल आयोजन कराने के उद्देश्य से प्रखंड विकास पदाधिकारी सचिदानंद महतो ने सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, मनरेगा के पदाधिकारी, कर्मचारियों, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, रोजगार सेवक, स्वयंसेवक के साथ प्रखंड सभागार में बैठक की। बीडीओ ने कहा कि यह अभियान 9 से 15 अगस्त तक चलाया जायेगा। इस दौरान सभी पंचायतों के गांव से मिट्टी एकत्रित कर उस मिट्टी के लोटे को प्रखंड कार्यालय तक 10 अगस्त तक हर हाल में पहुंचाना सुनिश्चित करें। अगर वीर शहीद और स्वतंत्रता सेनानी हो तो उनके घर से, नहीं तो अमृत सरोवर के पास से मिट्टी एकत्रित करनी है, जबकि 15 अगस्त के दिन प्रखंड के सभी अमृत सरोवरों के पास ध्वजारोहण किया जायेगा। सभी पंचायत प्रतिनिधियों को यह जवाबदेही दी गई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिलापट स्थापित किया जाना है। इस पर आजादी के अमृत वर्ष के विजन प्रदर्शित किए जायेंगे। वसुधा वंदना कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायतों में मनरेगा से 75 पौधे भी लगाये जाने हैं। उन्होंने सभी के बीच कार्य का बंटवारा भी किया। 10 अगस्त से फाइलेरिया की दवा हर आंगनबाड़ी केंद्र पर खिलायी जाएगी। सिन्द्धो कान्हू क्लब के अध्यक्ष, सचिव एवं उपाध्यक्ष को ग्राम सभा के माध्यम से चुनना है। इसके माध्यम से खेल संस्कृति का विकास किया जाएगा।

# पंचायत सचिवालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर पलामू जिले के पाटन प्रखण्ड अंतर्गत किशुनपुर पँचायत सचिवालय में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। निःशुल्क जाँच शिविर की उद्घाटन बीडीओ पाटन मनोज कुमार तिवारी एवं मुखिया सुमन गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुरूआत किया। निःशुल्क जाँच शिविर में किशुनपुर क्षेत्र के दर्जनों गांव से आये 300 से अधिक ग्रामीणों की स्वास्थ्य जाँच हुई। निःशुल्क जाँच शिविर पारस हेल्थ केयर सेंटर एचईसी रांची के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकुर सौरभ तथा डॉ. राजीव रंजन सिंह ( एमडी) के द्वारा ग्रामीणों की जाँच किया गया। मौके पर बीडीओ मनोज तिवारी ने कहा की इस तरह की निःशुल्क जाँच शिविर सूदूरवर्ती ग्रामीणों क्षेत्रो में लगने से गरीब ग्रामीणों का बहुत लाभ होता है। ग्रामीण आमजन रांची अथवा बड़े बड़े अस्पतालों में अपना इलाज कराना तो दूर वहां जाना सोच भी नही सकते है। किशुनपुर के मुखिया सुमन गुप्ता के सौजन्य से इस तरह की कैम्प लगाना सराहनीय है। स्वास्थ्य शिविर में हड्डी सबंधित रोगी ज्यादा थे। स्वास्थ्य शिविर में बीपी, सुगर आदि सहित सामान्य स्वास्थ्य जाँच हुई। शिविर में पारस हेल्थ केयर रांची के सीनियर मैनेजर सुनील दुबे, एएनएम कलावती कुमारी, शिल्पा कुमारी एवं सहायक कर्मी उपस्थित थे।

### पाटन के विभिन्न कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वजारोहण की समय सारिणी निर्धारित

**पाटन।** प्रखण्ड अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों में राष्टीय ध्वजारोहण का समय निर्धारित किया गया है। प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय पाटन में 8:30 पूर्वाहन ध्वजारोहण प्रखण्ड प्रमुख शोभा देवी करेंगी। मध्य विद्यालय प्रखण्ड कॉलिनी में 8:50, पशुपालन अस्पताल में 9:00, मध्य विद्यालय पाटन में 9:15, पुलिस इंस्पेक्टर कार्यालय में 9:30, थाना परिसर में 9:35, सीएचसी पाटन- 9:50, वन रेंज कार्यालय में 10:00, प्लस टू हाई स्कूल पाटन में 10:10, पँचायत सचिवालय केल्हार में 10:20, पँचायत सचिवालय सेमरी 10:35 बजे पूर्वाहन ध्वजारोहण किया जाएगा। बीडीओ मनोज तिवारी ने ध्वजारोहण हेतु प्रखण्ड कार्यालय में बैठक उपरांत सर्वसम्मति से ध्वजारोहण का शेड्यूल की जानकारी दिया।

### राष्टीय स्वयंसेवक व एनसीसी कैडेटों ने पौध रोपण कर विश्व आदिवासी दिवस मनाया

**सगालीम।** पांकी प्रखंड के मजदूर किसान महाविद्यालय डंडार कला में बुधवार की दोपहर महाविद्यालय में आदिवासी दिवस के शुभ अवसर पर महाविद्यालय में संचालित राष्टीय स्वयंसेवक एव एनसीसी कैडेट द्वारा पौधा रोपण किया गया। इस दौरान मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दिलीप कुमार राम ,प्रोफेसर पुरुषोत्तम सिंह, अरविंद प्रजापति, ग्रुप लीडर नीरज कुमार सहित प्रदीप, संदीप, भारती, सुमन आदि स्वयंसेवक सेविका उपस्थित थे, ग्रुप लीडर नीरज कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत महाविद्यालय के स्वयंसेवक सेविकाओं के द्वारा आज महाविद्यालय में आदिवासी दिवस मनाया गया साथ ही आदिवासी दिवस के शुभ अवसर पर महाविद्यालय परिसर में पौधा रोपण किया गया।

### अमृत महोत्सव के तहत 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान प्रारंभ

**पाटन।** अमृत महोत्सव के तहत मेरा माटी मेरा देश अभियान की शुरूआत बीडीओ मनोज तिवारी ने किशुनपुर पँचायत सचिवालय से विधिवत की। अभियान के तहत वसुधा वंदन कार्यक्रम में पँचायत के सभी गांवों की मिट्टी कलश संग्रहन की शुरूआत चेतमा गांव से कर मिट्टी कलश को पँचायत सचिवालय तक लाया गया। चेतमा में अमृत सरोवर के किनारे स्थानीय 75 पौधे लगाने का निरीक्षण व शुरूआत किये। कार्यक्रम की शुभारम्भ करते हुऐ पँचायत सचिवालय में उपस्थित लोगों एवं जनप्रतिनिधि से अपील किये कि वसुधा वंदन कार्यक्रम के तहत प्रत्येक पँचायत के अमृत सरोवर अथवा जल स्त्रोत्र के किनारे 75 पौधे जरूर लगायें। मौके पर मुखिया सुमन गुप्ता, संतोष कुमार, स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे।

### पुलिस ने सीएचसी का किया निरीक्षण,दिए कई निर्देश

**विश्रामपुर।** सुरक्षा के मद्दे नजर विश्रामपुर पुलिस की एक टीम ने आज सीएचसी का निरीक्षण किया। जिसमें बेवजह अस्पताल परिसर में मौजूद लोगो को फटकार भी लगाई।वहीं पुलिस ने अस्पताल में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को कहा कि किसी भी अनहोनी की अंदेशा होने पर तुरंत थाना से संपर्क करें। मौके पर पुलिस बल के कई जवान मौजूद थे।

# पेंशनरों की समस्याओं से शाखा प्रबंधक को अवगत कराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पूर्व सैनिकों नेबुधवार को भारतीय स्टेट बैंक की हुसैनाबाद शाखा प्रबंधक निरंजन कुमार से मुलाकात कर पेंशनरों की समस्याओं का समाधान कराते हुए एक मोमेन्टो भेंट किया। पूर्व सैनिक सेवा परिषद हुसैनाबाद इकाई के जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने कहा कि इस ब्रांच के सभी कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्य काफी सराहनीय है। हमारे सैनिक पेंशनरों कि समस्या का निदान त्वरित किया जाता रहा है। साथ ही सभी ने ब्रांच में और बेहतर सुविधा



उपलब्ध कराने हेतु कुछ राय सुमारी की। जिसे शाखा प्रबंधक ने स्वीकारा एवं उसपर ध्यान देने की बात कही। शाखा प्रबंधक ने कहा कि हम अपने बैंक स्टाफ के साथ आगे भी पेंशनरों के साथ मिलकर बिचार विमर्श करते रहेंगे। जिसे हम सब मिलकर बेहतर काम कर सकें। इस मौके पर उप शाखा प्रबंधक एवं पूर्व सैनिक सेवा परिषद हुसैनाबाद के प्रमंडलीय अध्यक्ष कैप्टन दुखन सिंह, जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेन्ट प्रेमतोष प्रसाद, सहित कई लोग मौजूद थे।

# स्कूल प्रबंधन ने चापानल लगवाने हेतू विभाग को लिखा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** नगर परिषद अंतर्गत वार्ड संख्या 20 के भलुआनी प्रथमिक विद्यालय में चापनल नही होने से स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को पीने की पानी के लिए काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।वहीं स्कूल के



प्रधानाध्यापक रंजीत बक्सराय ने बताया कि यह स्कूल कई वर्ष पुराना है। बावजूद अब तक इसमें पानी के लिये कोई व्यवस्था नहीं है। जिससे बच्चों व स्कूल के अन्य कार्यों के लिए हमेशा पानी की समस्या बनी रहती है। उन्होंने स्कूल प्रबंधन की ओर से आवेदन देकर संबंधित अधिकारियों से इस समस्या से निजात दिलाने की बात कही है।

# घासीदाग में नव निर्मित भवन हुआ शिल्यानस

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी की कार्यसमिति सदस्य डॉक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी व विधायक जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने विश्रामपुर प्रखंड के घासीदाग में नवनिर्मित भवन का संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर शिलान्याश किया। मौके पर दामोदर प्रसाद यादव, मनोरंजन गुप्ता, विनोद प्रजापति, महेंद्र साहू सतनारायण सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।



# थाना परिसर में किया पौध रोपण



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** थाना परिसर में अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस के अवसर पर पौधारोपण किया गया। साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक संगठनों के द्वारा बुधवार को पलामू किला मेला परिसर में स्थापित पलामू के लोकप्रिय राजा मेदिनीराय के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर जिप सदस्य सुधा कुमारी ने कहा कि आज विश्व आदिवासी दिवस है। हम आदिवासी धर्म, संस्कृति, प्रकृति के प्रति हमेशा सचेत रहते हैं, हम प्रकृति प्रेमी हैं। थाना प्रभारी अमीत कुमार सोनी ने कहा कि जिस रफ्तार से पर्यावरण दूषित हो रहा है ,उसे बचाने का एकमात्र उपाय पेड़, पौधा लगाना है। बरसात के मौसम में पौधा आसानी से लग जाता है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, अजय उरांव, धावाडीह मुखिया रिंकी यादव, भाजपा युवा मोर्चा के सतबरवा प्रखंड अध्यक्ष ज्योति कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, विष्णु उरांव, मंटू कुमार, आशुतोष सिंह मौजूद थे।

### पीटीआर पर्यावरण ,वन व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने दी राहत

# पलामू टाइगर रिर्जव स्थित गांवों की पुर्नस्थापना को मिली स्वीकृति

**सहायक स्पेक्टर जेनरल ऑफ फारेस्ट ने 7 अगस्त को झारखंड सरकार के वन विभाग के प्रधान सचिव को पत्र भेजा है**

**स्वीटी वर्मा**

**मेदिनीनगर।** भारत सरकार के पर्यावरण ,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में पलामू टाइगर रिजर्व में स्थित गांव के पुनर्स्थापन के लिए स्वीकृति दे दी गई है। पलामू टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में तीन ऐसे गांव है जो कोर एरिया से बाहर होना चाहते हैं, ये तीन गांव लातु , कुजरूम और जेगिर है। भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के एक अधिकारी सुनीत भारद्वाज जो सहायक स्पेक्टर जेनरल ऑफ फारेस्ट है, उन्होंने 7 अगस्त को झारखंड सरकार के वन विभाग के प्रधान सचिव को पत्र भेजा है।




भारद्वाज ने अपने पत्र में स्पष्ट उल्लेख किया है की कुजरूम गांव के लोग जो पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र से बाहर बसना चाहते हैं, भारत सरकार ने इस प्रस्ताव की मंजूरी दे दी है। इस गांव के पुनर्स्थापना के लिए 166 हेक्टेयर जमीन की खोज कर ली गई है यह जमीन लातेहार जिले के लेइपेयला पत्थर में स्थित है। दक्षिणी प्रमंडल उप निदेशक ने प्रेस को बताया कि यह 166 हेक्टेयर जमीन गैरमजरूआ जमीन नहीं है, यह जंगल है, इससे पहले जंगल के स्वरूप से हटाना होगा। एक और महत्वपूर्ण बात है यह है कि जो व्यक्ति पलामू टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र से बाहर निकल कर पीटीआर से बिल्कुल अलग-थलग होकर रहना चाहता हो तो उसे अपनी मर्जी और अपनी इच्छा को ग्राम सभा के द्वारा पारित करा कर पलामू टाइगर रिजर्व के अधिकारियों को सौंपना होगा। पलामू टाइगर रिजर्व के अधिकारियों ने यह स्पष्ट कर दिया है के उनके हटने और हटाने में पीटीआर से ना तो कोई दबाव, न जोर जबरदस्ती और ना ही कोई लालच प्रलोभन जैसी बात है। गांव के लोगों को जो कोर एरिया से हटकर बाहर होना चाहते हैं, उन्हें स्वयं की इच्छा शक्ति और फैसले को दिखलाना होगा। पलामू टाइगर रिजर्व के अधिकारियों का मानना है कि उनके बसने बसाने के लिए जो प्रावधान एनटीसीए द्वारा लागू किया गया है, वह उन्हें मिलकर रहेगा। सूत्रों की माने तो जेगीर पहाड़ के लोग पहाड़ की कठिन जिंदगी से ऊब गये हैं, वह अब पहाड़ से समतल पर रहना चाहते हैं और पलामू टाइगर रिजर्व से भी बाहर आना चाहते हैं । सूत्र के अनुसार जेगीर पहाड़ के लोगों ने कई बार ग्राम सभा आयोजित कर पीटीआर से बाहर आने की अपनी मन्शा को स्पष्ट कर दिया है। भारत के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के स्टेज टू के स्वीकृति प्रदान करने से ये उम्मीद जगी है। जो गांव और जो लोग पीटीआर से बिल्कुल ही बाहर निकल कर रहना चाहते हैं, उनके लिए यह वरदान से कम नहीं होगी।

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● श्रावण कृष्ण पक्ष 09 ● विक्रम संवत 2080 ● गुरुवार, 10 अगस्त 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-295 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00



वंशवाद, भ्रष्टाचार की राजनीति देश हित में... पेज 10 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### गिरिडीह में डायरिया से दो की मौत, 12 भर्ती

**गिरिडीह।** जिले के पीरटाड़ में डायरिया से भु बेसरा और बड़की देवी की मौत हो गई जबकि 12 लोगों का पीरटांड़ और हरलाडीह स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के अलावा पीरटाड प्रखंड विकास पदाधिकारी और सीओ भी पीड़ित परिवार के परिजनों से मिलने पहुंचे।

### मिशनरी ऑफ चैरिटी से बच्चों की बिक्री मामले में 11 सितंबर को होगी सुनवाई

**रांची।** मदर टेरेसा की संस्था मिशनरीज ऑफ चैरिटी से बच्चों की बिक्री के मामले में अनुरंजन अशोक की जनहित याचिका पर आज झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने इस पर सुनवाई के लिए अगली तिथि 11 सितंबर निर्धारित की है। इस मामले में याचिकाकर्ता ने मिशनरी ऑफ चैरिटी के मुख्यालय कोलकाता एवं 'निर्मल हृदय' को प्रतिवादी बनाते हुए हस्तक्षेप याचिका दाखिल की है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने बुधवार को सुनवाई की। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने कहा था कि बच्चों की बिक्री का मामला गंभीर अपराध है। ऐसी संस्थाओं से सरकार को सचेत रहने की जरूरत है।

### धान व्यापारी को गोली मारने का आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** शहर के बुंडू थाना क्षेत्र के बंजारा बाजार के पास व्यापारी रोशन लाल भगत को गोली मारने के आरोपित जोटो पाहन उर्फ सोमनाथ मुंडू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह खूंटी जिले के बरटोली का रहने वाला है। इसके पास से एक देशी पिस्टल, तीन जिंदा गोली, पांच हजार नकदी और मोबाइल फोन बरामद हुआ है। बबुंडू एसडीपीओ अजय कुमार ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गिरफ्तार आरोपित ने स्वीकारोक्ति बयान में इस घटना में खुद और अपने सहयोगियों की संलिप्तता स्वीकार की है। अन्य अपराधियों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। एसडीपीओ ने बताया कि रोशन लाल भगत धान, लाह और महुआ का व्यापारी है। बीते 11 जुलाई की सुबह वह घर से बंजारा बाजार स्थित दुकान के लिए ढाई लाख रुपये लेकर निकला था। जब वह दुकान पर बैठा था तब बाइक सवार तीन लोग वहां पहुंचे और उससे पैसे मांगने लगे। पैसा नहीं देने पर अपराधियों ने उसे गोली मार दी। व्यापारी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर एसआईटी ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

## झारखंड आदिवासी महोत्सव-2023 का भव्य शुभारंभ, बोले सीएम

# एकजुट होकर लड़ें और आगे बढ़ें

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज विश्व आदिवासी दिवस है। इस अवसर पर दो दिवसीय झारखंड आदिवासी महोत्सव के उद्घाटन समारोह में शामिल होने का मौका मिला। इस महोत्सव के अपने मायने हैं। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आये हुए आदिवासी समूह नृत्य एवं गायन तो प्रस्तुत करेंगे ही, साथ ही आदिवासी समाज की समस्या एवं अन्य समसामयिक विषयों पर विमर्श का भी कार्यक्रम रखा गया है। इस महोत्सव से आदिवासी जीवन दर्शन और लोक संस्कृति को एक अलग और विशिष्ट पहचान मिलेगी।

**नृत्य, संगीत के साथ संघर्ष आदिवासी समाज की पहचान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि नृत्य, संगीत के साथ-साथ सदैव संघर्ष आदिवासी समाज की मुख्य पहचान है। आज जब मैं आदिवासी महोत्सव के मंच से बोल रहा हूं तो बिना झिझक कहना चाहूंगा कि देश के विभिन्न क्षेत्रों में हमारे आदिवासी भाई-बहन प्रताड़ना झेलने को विवश हैं। अस्तित्व की लड़ाई लड़ने को मजबूर हैं। मध्य प्रदेश, मणिपुर, राजस्थान, छत्तीसगढ़, गुजरात, तमिलनाडु और मणिपुर में हजारों घर जल कर तबाह हो गए। सैकड़ों लोगों को मारा गया। महिलाओं की इज्जत के साथ खिलवाड़ हुआ। दरअसल, यह सदियों से चले आ रहे संघर्ष का ही विस्तार है। संघर्ष है वर्चस्ववादी ताकतों और समानता- भाईचारे की ताकतों के बीच। संघर्ष है धार्मिक कट्टरपंथियों और 'जियो और जीने दो' की उदार ताकतों के बीच। संघर्ष है भविष्यवादी, भाग्यवादी चिंतकों और वर्तमान को समृद्ध करने वाली शक्तियों के बीच। संघर्ष है प्रकृति पर कब्जा करने वाली विनाशकारी शक्तियों एवं प्रकृति का सहयोगी-सहभोगी बनकर रहने वाली श्रमजीवी एवं साहसी शक्तियों के बीच। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर मैं देश के 13 करोड़ से ज्यादा आदिवासियों भाइयों-बहनों से एक होकर लड़ने एवं बढ़ने का अपील करता हूं। गोंड, मुंडा, भील, कुकी, मीणा, संथाल, असुर, उरांव, चेरो आदि सभी को एकजुट होकर सोचना होगा। आज देश का आदिवासी समाज बिखरा हुआ है। हम जाति-धर्म-क्षेत्र के आधार पर बंटे हुए हैं जबकि सबकी संस्कृति एक है। खून एक है, तो समाज भी एक होना चाहिए। हमारा लक्ष्य भी एक होना चाहिए। हमारी समस्या का बनावट लगभग एक जैसा है, तो हमारी लड़ाई भी एक होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग सभी हिस्सों में आदिवासी समाज को विस्थापन का दर्द झेलना पड़ा। केंद्र तथा राज्य में सरकार चाहे किन्हीं की हो आदिवासी समाज के दर्द को कम करने के लिए कभी समुचित प्रयास नहीं किये गये। हमारी व्यवस्था कितनी निर्दयी है? कभी यह पता लगाने का काम भी नहीं किया कि कहां गए खदानों, डैमों, कारखानों के द्वारा विस्थापित किये गए लोग? खदानों, उद्योगों और डैमों से विस्थापित-बेघर हुए लोगों में से 80 प्रतिशत आदिवासी हैं। लाखों लोगों को भाषा, संस्कृति की जड़ों से काट दिया गया। कल का किसान आज वहां साइकिल पर कोयला बेचने को मजबूर है। बड़े-बड़े शहरों में जाकर बर्तन धोने, बच्चे पालने या ईंट भट्ठों में बंधुआ मजदूरी करने के लिए विवश किया गया है। बिना पुनर्वास किये एक्ट बनाकर लाखों एकड़ जमीन कोयला कम्पनियों को दिया गया। हमारा झरिया शहर बरसों से आग की भट्ठी पर तप रहा है लेकिन कोयला कम्पनियां एवं केंद्र कान में तेल डालकर सोई हुई है।

**विलुप्त होती जा रहीं आदिवासी भाषाएं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश के विभिन्न हिस्सों में आदिवासियों की अनेक भाषाएं गायब हो चुकी हैं या गायब होने के कगार पर है। आज हमारे जीवन को आस्था के केन्द्रों से बांधने का प्रयास किया जा रहा है। लोग तो हमसे हमारा नाम तक छीनने में लगे हुए हैं। आज जब आदिवासी अपनी पहचान के लिए इतिहास में की गयी उपेक्षा के विरुद्ध बोलने का प्रयास कर रहा है तो उसे चुप कराने का प्रयास हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### एक तीर, एक कमान, आदिवासी एक समान के नारों से गूंजी राजधानी

**रांची।** राजधानी रांची में बुधवार को विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया। अलग- लग आदिवासी संगठनों में एकता देखने को मिली। हजारों की संख्या में आदिवासी महिला-पुरुष पैदल मार्च करते हुए अल्बर्ट एक्का चौक पहुंचे। इस दौरान उनके हाथों में विश्व के आदिवासी एक हों, प्रकृति के रक्षक हो, आदिवासी जिंदाबाद के नारे लिखे तख्तियां भी देखने को मिली। अल्बर्ट एक्का चौक पहुंचने के बाद आदिवासी संगठनों ने झारखंड के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें माल्यार्पण किया। इसके बाद नागपुरी गीतों के साथ विश्व आदिवासी दिवस का आगाज किया। इस दौरान महिलाएं लाल पाड़ साड़ी पहनकर मांदर की थाप पर नृत्य करते नजर आयीं। महिलाएं एवं पुरुष हाथ में हाथ डालकर थिरकते नजर आए। आदिवासी संगठनों ने बुधवार को हरमू से अरगोड़ा चौक तक मार्च निकाला। संगठन के नेताओं ने चौक स्थित शहीद वीर बुधु भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कोकर, बरियातू सहित अन्य स्थानों से भी आदिवासी संगठनों ने मार्च निकाला और अल्बर्ट एक्का चौक पहुंचे। राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा की। सरना झंडा थामे और पारंपरिक लिबास पहने नौजवानों ने आदिवासियों के अधूरे हक की मांग की। एक तीर एक कमान, आदिवासी एक समान के जमकर नारे लगाए गये।


## पलामू में महंगे फोन व गिफ्ट के नाम पर डेढ़ लाख रुपये की ठगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में एक महिला से आईफोन और महंगे गिफ्ट के नाम पर ठगी हुई है। घटना के बाद पुलिस मामले में छानबीन कर रही है। पीड़ित महिला पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली है। दरअसल महिला को कुछ दिनों पहले व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया था। मैसेज के माध्यम से महिला को आईफोन समेत कई महंगे गिफ्ट मिलने की जानकारी दी गई थी। जिसके बाद महिला ने गिफ्ट लेने की इच्छा जताई थी। कुछ दिनों बाद महिला से कहा गया कि उसका गिफ्ट आ गया है और मुंबई कस्टम में फंसा हुआ है। गिफ्ट लेने के लिए कस्टम में कुछ रुपए देने होंगे। महिला ने शुरूआत में 13 हजार रुपए दिए थे। धीरे-धीरे महिला ने कस्टम के नाम पर ठग को डेढ़ लाख रुपए दे दिए। बाद में महिला को अहसास हुआ की वह ठगी की शिकार हो गई है। इसके बाद में महिला ने छतरपुर थाना पुलिस से मामले की शिकायत की। महिला द्वारा शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। महिला पलामू के ग्रामीण इलाके की रहने वाली हैं और परिवार खेती-किसानी से जुड़ा हुआ है। गौरतलब हो कि पलामू के ग्रामीण इलाके में भी लोग इस तरह से ठगी का शिकार हो रहे हैं। कुछ दिनों पहले एक महिला स्वास्थ्य कर्मी से ऑनलाइन गिफ्ट के नाम पर 2 लाख, 70 हजार रुपए की ठगी हुई थी। महिला स्वाथ्य कर्मी ने पलामू साइबर थाना में मामले में एफआईआर दर्ज करायी थी। पलामू पुलिस के लगातार जागरुकता अभियान चलाने के बावजूद लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं। पलामू में इस तरह की ठगी से जुड़े कई केस विभिन्न थाना में रजिस्टर्ड हुए हैं।

### रांची में दो लाख के चरस के साथ तीन गिरफ्तार दो पिस्टल बरामद

**रांची।** शहर की सुखदेवनगर थाना पुलिस ने तीन लोगों को चरस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपितों में मदन कुमार उर्फ सोनू, सिन्टु जायसवाल और सरताज शाह शामिल हैं। तीनों सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के रहने वाले है। इनके पास से करीब 200 ग्राम चरस, दो देशी पिस्टल और एक कारतूस बरामद हुआ है। बरामद चरस का बाजार मूल्य दो लाख आंका गया है। एसएसपी किशोर कौशल ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि दिल्ली से दो तस्कर ट्रेन के माध्यम से मादक पदार्थ (चरस) लेकर आ रहे हैं। सूचना के बाद कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए और थाना प्रभारी विनोद कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने पहाड़ी मंदिर के पीछे मैदान के पास दो संदिग्धों को पकड़ा। दोनों की तलाशी लेने पर प्लास्टिक में चरस मिला।





**समन** — सीएम हेमंत को ईडी के समन पर झारखंड में सियासी आरोप-प्रत्यारोप तेज

# सत्तापक्ष और विपक्ष में बढ़ी तकरार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को जमीन घोटाले में ईडी के समन पर सियासी आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला तेज हो गया है। एक ओर जहां झामुमो और कांग्रेस ने इसे केंद्र सरकार की सोची-समझी साजिश करार दिया है, वहीं भाजपा ने हेमंत सोरेन पर भ्रष्टाचार और घोटाले का आरोप लगाते हुए उनके इस्तीफे की मांग की है। दरअसल, ईडी ने मंगलवार को हेमंत सोरेन को एक समन भेजकर उन्हें 14 अगस्त को रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ के लिए हाजिर होने को कहा है। ईडी ने रांची में जमीन घोटाले को लेकर एक ईसीआईआर दर्ज करने के बाद सीएमओ में कार्यरत एक कर्मी उदय शंकर के यहां छापेमारी की थी। इसके अलावा रांची के निबंधन कार्यालय में भी सर्वे कर ईडी ने कई जमीनों के डीड की कॉपी हासिल की थी। बताया जा रहा है कि ईडी ने अपनी जांच में आदिवासी स्वामित्व वाली कई ऐसी जमीनों को चिन्हित किया है, जिन्हें हेमंत सोरेन और उनके परिवार के सदस्यों ने खरीदा है। इनमें से कई जमीनों का जिक्र चुनावी हलफनामे नें नहीं है। झामुमो के महासचिव और केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि आदिवासी दिवस पर नौ अगस्त को जब सीएम हेमंत सोरेन की अगुवाई में वृहत स्तर पर महोत्सव का आयोजन हो रहा है, तब उसके ठीक पहले उन्हें समन करने से यह साफ है कि विरोधियों के पेट में दर्द हो रहा है। यही नहीं, पूछताछ के लिए 14 अगस्त की तारीख तय करना भी यह बताता है कि सीएम हेमंत सोरेन को राष्ट्रीय ध्वज फहराने से रोकने की कोशिश की जा रही है। झामुमो कभी ऐसी चुनौतियों से नहीं घबराता। सीएम हेमंत सोरेन ने भी मंगलवार को ईडी की कार्रवाई का जिक्र किए बगैर कहा था कि जिस दिन से उनकी सरकार बनी है, उसी दिन से इसे गिराने की साजिशें रची जा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि हमने राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन किया है और इसका नाम इंडिया रखा है। इससे केंद्र सरकार को परेशानी हो रही है। गठबंधन के कद्दावर नेताओं को प्रताड़ित करने की साजिश की जा रही है।






कांग्रेस नेता और राज्य सरकार में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा है कि सीएम के कामकाज की चर्चा राज्य में हर गली में है, लेकिन ईडी और सीबीआई उन्हें परेशान करने का हर प्रयास कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अगर भाजपा में हिम्मत है तो वह सरकार को अपदस्थ करके दिखलाए। उन्होंने कहा कि जब राज्य की जनता ने सरल सहज स्वभाव वाले हेमंत सोरेन को राज्य की गद्दी सौंप दी, तब से भारतीय जनता पार्टी ईडी, सीबीआई का दुरुपयोग कर सरकार को अपदस्थ करने की कोशिशों में लगी है। बन्ना गुप्ता ने चुनौती भरे लहजे में कहा कि अगर भाजपा के हिम्मत है तो राज्य में लोकप्रिय सरकार को अपदस्थ कर धारा 356 लगाकर दिखाएं। वहीं, कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने कहा कि पूरी कांग्रेस हेमंत सोरेन के पीछे खड़ी है। उन्होंने कहा कि जहां भाजपा या उसके सहयोगी दलों की सरकार नहीं है वहां भाजपा षड्यंत्र कर जनता द्वारा चुनी हुई सरकार को अपदस्थ करने करती है। लेकिन यहां हम सभी लोग एकजुट हैं और अगर हेमंत सोरेन को एक खरोंच भी आई तो राज्य की जनता सड़कों पर होगी। इनके अलावा गठबंधन में शामिल दलों जैसे राजद, जदयू, वाम मोर्चा, आप, टीएमसी ने भी कहा कि केंद्र के इशारे पर ईड़ी विरोधी दलों को परेशान कर रही है जिसका पूरी एकजुटता के साथ विरोध किया जाएगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन को भेजे गए ईडी के नोटिस पर कहा है कि वे सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं। वह पहले सीएम हैं, जिन्हें ईडी ने पूछताछ के लिए दो बार बुलाया है।

### गढ़वा में झारखंड आदिवासी महोत्सव का आयोजन, मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा

# आदिवासियों को पूरा हक व अधिकार मिलने पर ही पूरा होगा झारखंड निर्माण का उद्देश्य

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर गढ़वा में झारखंड आदिवासी महोत्सव का आयोजन किया गया। शहर के नवादा मोड़ स्थित उत्सव गार्डेन में बुधवार को आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने भगवान बिरसा मुंडा, स्वतंत्रता सेनानी जेठन सिंह खरवार व फेतल सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान मंत्री सहित सभी आदिवासी नेताओं व समाज के प्रबुद्ध लोगों का पगड़ीपोषी कर स्वागत किया गया। इससे पूर्व आदिवासी समाज के लोग टाउन हॉल के मैदान से आदिवासी नृत्य के साथ जुलूस निकाल कर कार्यक्रम स्थल उत्सव गार्डेन पहुंचे। यहां मंत्री ठाकुर का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मंत्री ने पलामू के प्रखंड सासंद जेठन सिंह खरवार व फेतल सिंह के वंशजों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

मौके पर मंत्री ने आदिवासी समुदाय को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दिशोम गुरु शिबु सोरेन ने आदिवासी एवं मूल वासियों के हित की रक्षा के लिए ही अपना सर्वस्व न्यौछावर कर झारखंड को अलग राज्य बनवाया। झारखंड निर्माण का उद्देश्य तभी पूरा होगा जब





आदिवासियों को उनका पूरा हक व अधिकार मिलेगा। मंत्री ने कहा कि हेमंत सरकार आदिवासियों के हित में बेहतर कार्य कर रही है। आदिवासियों के बच्चों को विदेशों में निःशुल्क पढ़ाई, यूपीएससी, जेपीएससी आदि प्रतियोगी परीक्षाओ की निःशुल्क कोचिंग, शिक्षा, ऋण आदि कई तरह की योजनाएं चला रही है। राज्य में आदिवासी हित एवं झारखंड वासियों के लिए बेहतर कार्य कर रहे आदिवासी के बेटे हेमंत सोरेन को केंद्र सरकार पचा नहीं पा रही है। इन्हें सत्ता से हटाने के लिए हर तरह के हथकंडे अपना रही है। केंद्र की यह करतूत पूरे झारखंड की जनता का अपमान है। इस पर सभी को गंभीरता से विचार करना होगा। उन्होंने कहा कि पूरे देश में आदिवासियों की दो प्रतिशत आबादी है। परंतु एक राजनीतिक दल के लोग आदिवासियों का उपयोग वोट बैंक के रूप में करते हैं। वे लोग सत्ता में आते ही आदिवासियों को भूल जाते हैं। झारखंड सरकार आज पूरे राज्य में धूमधाम से विश्व आदिवासी दिवस मना रही है। मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार सभी जरूरतमंद एल को वन पट्टा उपलब्ध करायेगी। यदि इस कार्य में कोई अधिकारी लापरवाही बरततें है, तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार आदिवासियों के हित की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर गर्वनर के साथ भोज में शामिल होने के लिए गढ़वा से भी आदिवासी समुदाय के लोगों का नाम भेजा गया है। मंत्री ने कहा कि पलामू की धरती से कई वीर सपूत पैदा हुए, जिन्होंने आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिये। मौके पर हेमंत लकड़ा, चैतु सिंह खरवार, हिरामन कोरवा, ज्योति लकड़ा, रामसागर उरांव, जिप अध्यक्ष शांति देवी आदि ने विचार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह खरवार छोटू ने किया। मौके पर मुख्य रूप से जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, चंदा देवी, अनिता दत्त, रजनीगंधा, ताहिर अंसारी, बनारसी सिंह खरवार, नवीन तिवारी, दिलीप गुप्ता, राजकिशोर यादव, मंदीप सिंह खरवार, कमता सिंह खरवार, बेलाश सिंह खरवार, नितेश सिंह खरवार, प्रमिला देवी, सुनैना देवी, लीलावती देवी, रतन सिंह खरवार, बसंती पन्ना, शिवलखन लकड़ा, गजाधर सिंह खरवार, बागेश्वर सिंह, कपिल देव सिंह, बंधन उरांव, मंगरू सिंह सहित काफी संख्या में आदिवासी लोग मौजूद थे।

#### मांदर बजा कर मंत्री ने किया आदिवासी नृत्य

विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर गढ़वा के उत्सव गार्डेन में आयोजित आदिवासी महोत्सव के दौरान गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मांदर बजा कर आदिवासी नृत्य किया। इस दौरान कई आदिवासी नेताओं ने भी मंत्री के साथ मांदर बजा कर नृत्य किया। इस कार्यक्रम में आदिवासी परंपरा के अनुसार मंत्री श्री ठाकुर का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों की कई टोलियों ने आदिवासी नृत्य व गीत प्रस्तुत किया। मंत्री ने कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले टोलियों को उपहार स्वरूप दो-दो मांदर दिया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी आदिवासियों को उपहार में धोती एवं साड़ी प्रदान किया।

## आदिवासी दिवस सह गौरव कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

प्रखंड के तास रार पंचायत में बुधवार को विश्व आदिवासी दिवस सह गौरव सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंचायत के पंचायत सचिवालय भवन में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे कांग्रेश पार्टी के जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, मेराल प्रमुख दीपमाला कुमारी, मुखिया मुनिता देवी, जफर इकबाल प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष कयामुद्दीन अंसारी की उपस्थिति में आदिवासी गौरव सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में विश्व आदिवासी दिवस के बारे में कार्यक्रम में शिरकत किये लोगों के द्वारा विस्तृत रूप से अपना अपना विचार रखा गया।

इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने कहा कि देश के अन्य प्रदेशों की अपेक्षा झारखंड प्रदेश में काफी संख्या में आदिवासी समाज के लोग निवास करते हैं। झारखंड प्रदेश में आदिवासी समाज की एक अलग पहचान है। इतना ही नहीं उनकी भावना के साथ-साथ रहन और सहन भी अन्य समाज के अपेक्षा काफी अलग है। उन्होंने कहा कि ऐसे दूसरे शब्दों में उन्हें विलुप्त प्राय समाज व जाति के नाम से भी जाना जाता है। ओबेदुल्ला ने कहा कि उक्त समाज के नाम पर पूरे भारतवर्ष में आज विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम मनाया जा रहा है। मेराल प्रमुख दीपमाला कुमारी ने कहा कि आदिवासियों के नाम पर विश्व आदिवासी दिवस मनाना एक गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के नाम से हमारा प्रदेश आज पूरी तरह विख्यात है। उनके लिए राज्य की हेमंत सरकार के द्वारा तरह-तरह की जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। दीपमाला ने कहा कि प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत तास रार में आदिवासियों के नाम पर कार्यक्रम का आयोजन होना एक उपलब्धि से कम नहीं है। उन्होंने कार्यक्रम में शिरकत किये आदिवासी समाज के महिला और पुरुष वर्ग के लोगों से सरकार की योजनाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए अपील किया। इससे पहले कार्यक्रम में भाग लिए अतिथियों के द्वारा पंचायत के आदिवासी समाज के लोगों को हांथ में मिट्टी देकर सम्मानित करने का काम किया गया, जबकि इस से पहले आयोजन कताओं के द्वारा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष को भी माला पहनाकर सम्मानित कया गया।

## संक्षिप्त

### आम बागवानी की 105 योजनाएं हुयीं स्वीकृत

**केतार।** केतार प्रखंड क्षेत्र में इस वर्ष आम बागवानी की 105 योजनाएं संचालित हो रही हैं। हरियाली एवं फलों की प्रचुरता को लेकर मनरेगा के तहत स्वीकृत 105 आम बागवानी के लाभुकों को जल्द ही इमारती एवं फलदार पौधे मिलेंगे। इसकी जानकारी देते हुये प्रभारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के 105 आम बागवानी के लिये 8400 इमरती पौधे जेएस एलपीएस के दीदी बगिया स्वयं सहायता समूह के बलिगढ़ पंचायत से पौधे मंगाये गये हैं, जबकि 11760 कटहल, नीबू, अमरूद के पौधों के लिये ग्रीन गार्डन लैंडस्केप एंड हॉर्टिकल्चर प्राइवेट लिमिटेड जसपुर रांची एवं आम के पौधे के लिये मां भवानी नर्सरी गिरिडीह से पौधा आपूर्ति की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में आम बागवानी को लेकर 15 दिन पूर्व ही लाभुकों के द्वारा गड्ढे की खुदाई कर ली गई है। साथ ही घेराबंदी का कार्य प्रगति पर है। ऐसे में रिमझिम बारिश के बीच दो- चार दिनों के भीतर पौधे की आपूर्ति हो जाने के बाद पौधारोपण का कार्य किया जायेगा। उन्होंने बताया कि यदि इसी तरह से मौसम ने साथ दिया तो पौधों के नुकसान की संख्या कम होगी। उन्होंने कहा कि पौधरोपण का लाभ दूरगामी है। इसका लाभ आने वाले समय में देखने को मिलेगा। फिलहाल घेराबंदी का कार्य प्रगति पर है, दो चार दिन में पौधा की आपूर्ति होने के बाद पौधारोपण किया जायेगा।

### अर्थिंग की चपेट में आने से दुधारू भैंस की मौत

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के पाचाडुमर गांव स्थित मां शायरी भगवती मंदिर के समीप विद्युत ट्रांसफार्मर की अर्थिंग की चपेट में आने से बुधवार की सुबह एक दुधारू भैंस की मौत हो गई। भुक्तभोगी किसान अवधेश यादव ने बताया कि प्रतिदिन की तरह सुबह में भैंस को चारा चराने सोन नदी किनारे ले जा रहे थे। इसी क्रम में बिजली ट्रांसफार्मर के पास भैंस चल गई और अर्थिंग की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। किसान ने बताया कि वह बहुत गरीब है। भैंस ही उसका आय का श्रोत था। भुक्तभोगी किसान ने बताया कि उसे करीब 45 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। किसान ने मुआवजे की मांग की है। घटना की जानकारी के बाद प्रमुख चंद्रावती देवी, प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद ने घटना की जानकारी ली और भुक्तभोगी किसान को सरकारी प्रवधान के अनुसार मुआवजा दिलाने की बात कही।

### मजदूरी कर घर आ रहा व्यक्ति गुम, सनहा दर्ज

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के खोनहर गांव निवासी जीतन साह ने बुधवार को केतार थाना में आवेदन देकर अपने भाई की गुमशुदगी का सनहा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी को दिये गये आवेदन में उल्लेख किया है कि मेरा बड़ा भाई विशुन साह उम्र (52) दो माह पहले मजदूरी करने पंजाब गया थ। वहां से घर आने के क्रम में विगत 23 जुलाई को जबलपुर रेलवे स्टेशन से गायब हो गया है। साथ में घर आ रहे लोगों ने बताया कि जबलपुर तक विशुन साथ में आया था फिर स्टेशन के पास से अचानक कहीं चला गया। उन लोगों के द्वारा खोजबीन की गई लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। उसने अपने भाई को देखने के बाद सूचना देने वालों के लिए 10 हजार रुपये का इनाम रखा है। जीतन साह ने थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो से अपने भाई को खोजने की गुहार लगाई है।

### अज्ञात विषैले जंतु के काटने से महिला बीमार

**गढ़वा।** मझिआंव थाना क्षेत्र के खजूरी गांव निवासी रमेश राम की आरती देवी को अज्ञात विषैला जंतु ने काट लिया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि आरती देवी अपने खेत में घास काट रही थी। इस दौरान उसके दायां पैर में अज्ञात विषैला जंतु ने काट लिया। इससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। तब उसके स्वजनों ने सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद उसकी स्थिति में सुधार हो रहा है।

### पति से झगड़ा कर खाया जहर, उपचाराधीन

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के खोलरा गांव निवासी अजय चौधरी की पत्नी नीलम कुमारी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि किसी घरेलू बात को लेकर नीलम कुमारी एवं उसके पति के बीच नोकझोंक हुई थी। इससे गुस्से में आकर नीलम कुमारी ने कीटनाशक खा लिया। सदर अस्पताल में इलाजरत नीलम कुमारी की हालत स्थिर बनी हुई है।

## मेराल में बाइक दुर्घटना में एक युवक की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

थाना गेट के सामने एन एच 75 पर बुधवार को अपराह्न करीब 3:00 बजे बाइक दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक विनय राम पिता रामचंद्र राम उम्र करीब 30 वर्ष थी और वह अरंगी पंचायत के सेमरदोहरी गांव का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार विनय राम मेराल थाना क्षेत्र के तेनार गांव से अपना घर की ओर लौट रहा था। इसी क्रम में मेराल थाना गेट के सामने एक अन्य बाइक सवार ने उसे धक्का मार दिया, जिससे वह सड़क पर गिर गया। विनय सड़क पर पड़ा था इसी दौरान पुनः एक अज्ञात बाइक सवार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। इससे विनय बुरी तरह घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मेराल थाना प्रभारी नीतीश कुमार तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे तथा घायल विनय को उठाकर मेराल अस्पताल ले गए, लेकिन इलाज के क्रम में विनय की मौत हो गई। पुलिस द्वारा शव को अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा भेजा गया। दुर्घटना की सूचना पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों को दी गई। इसके बाद परिवार के लोग पहुंचे। इधर लोगों ने बताया कि मृतक विनय राम के पिता का पहले ही देहांत हो गया था। अब उसके घर में मां, पत्नी तथा दो बच्चे हैं।

## आजादी के इतने वर्ष बाद भी संघर्षशील जीवन जीने को विवश मूल आबादी आदिवासी: बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**




निलाम्बर पिताम्बर आदिवासी संघ भवनाथपुर के तत्वधान में बुधवार को राजकीय कृत उच्च विद्यालय के स्टेडियम में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ जयपाल महतो, थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय, जिला परिसद सदस्य रंजनी शर्मा, उप प्रमुख पिंटू टोपनो, समाज सेवी अजय वर्मा को आदिवासी समुदाय के लोगों ने ढ़ोल नगाड़े मांदर बजा कर, स्वागत गीत गाकर एवं अंग वस्त्र देकर भव्य स्वागत किया। मुख्य अतिथि बीडीओ जयपाल महतो, थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय, जिला परिसद सदस्य रंजनी शर्मा, उप प्रमुख पिंटू टोपनो, समाम सेवी अजय वर्मा ने सयुंक्त रूप से ने निलाम्बर पिताम्बर एवं बिरसा मुड़ा के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। कार्यक्रम के पूर्व सांस्कृतिक रैली के साथ सामूहिक नृत्य करते हुए समाज के लोगों ने कपूरी चौक, बजार होते प्रखंड कार्यालयभ्रमण करते हुए स्टेडियम ग्राउंड पहुंचे।

इस मौके पर बीडीओ जयपाल महतो ने कहा कि आजादी के इतने दिन बीत जाने के बाद भी देश की मूल आबादी आदिवासियों को आज भी संघर्षशील जीवन जीना पड़ रहा है। आज आदिवासियों के बीच नशापान की लत और शिक्षा का अभाव सबसे बड़ी परेशानी है। नशे का त्याग कर शिक्षा को बढ़ावा देने से हम आर्थिक और सामाजिक रूप से आगे बढ़ सकते हैं। ऐसे कार्यक्रमों के जरिए हम आज युवा पीढ़ी को भी संस्कृति से जोड़ कर रख सकते हैं। कार्यक्रम को जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, शंभू सिंह, उमेश सिंह, गोपल उरांव, शिव कुमार सिंह ने सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शक्ति सिंह एवं संचालन राजकिशोर सिंह ने किया। इस मौके पर एसआई कुंदन यादव, एएसआई अभिमन्यु सिंह, धमेंद्र कोरवा, श्यामलाल सिंह, रामराज तिर्की, बाबूलाल सिंह, वीरेंद्र सिंह, नागेंद्र सिंहनंद, कुमार सिंह, रामप्रति कोरवा, शेखर सिंह, विजय उरांव, सुनीता देवी, बंधन कुजूर, विजय सिंह, छोटन सिंह, उपेंद्र सिंह, अरुण पाल, सरिता देवी, विशंभर राम, प्रर्मिला देवी, सरस्वती देवी, सावित्री देवी, पूजा देवी, सिलवंती देवी, प्रभा देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

**धर्म-कर्म** किसी का भला नहीं कर पाये तो बुरा भी नहीं करना चाहिए

# हरि कृपा से मिलती है मानव योनि इसे व्यर्थ में बर्बाद न करें : जीयर

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जीयर स्वामी महाराज ने लोगों को समझाते हुए कहा कि हरि कृपा से मानव योनी मिलती है। इसे व्यर्थ में बर्बाद नहीं करना चाहिए। जितना हो सके संसार से मोह माया त्याग कर हरि के भजन में अपना समय लगाना चाहिए। संसार में रहते हुए अपने तथा अपने परिवार के पालन पोषण में भी समय देना चाहिए यह भी अनिवार्य है। संसार का नियम है। लेकिन ईश्वर की भक्ति बी इसी नियम के अंतर्गत आता है। जीयर स्वामी ने कहा कि भगवान के भक्तों का अपमान नहीं करना चाहिए। इससे समस्त कुल का नाश हो जाता है। क्योंकि भगवान अपना अपमान सह लेते हैं लेकिन भक्तों का अपमान सहन नहीं करते हैं। वैसे तो किसी का भी अपमान नहीं करना चाहिए। मानव योनि दुर्लभ है इसमें बड़े सोच समझकर कोई भी कार्य करना चाहिए। भले ही अच्छा कार्य ना हो पाए लेकिन बुरा कार्य



नहीं करना चाहिए। किसी का भला नहीं कर पाए तो बुरा भी नहीं करना चाहिए। जहां तक हो सके सबसे आदर पूर्वक बात करनी चाहिए। संत महात्मा तथा द्वार पर आए हुए अतिथि का भरपूर सम्मान करना चाहिए।

भगवान के भक्तों का अपमान करना यह भगवतापचार है। दूसरा भागवतापचार इसमें भगवान के साथ अपमान है। यह भी पाप है। हम मुर्ति की नही मुर्ति में पूजा करते हैं। तीसरा है अतितकरण अपचार इसमे जो शास्त्र में निषेध किया गया काम जो करता है यह भी पाप है। क्या करें क्या न करे पुस्तक सभी को पढ़ना चाहिए। चौथा है कृतकर्म अपराध जो शास्त्र में बताने के बाद भी हम नहीं करते हैं जैसे शास्त्र में बताया गया है कि स्नान करके ही खाना बनाना चाहिए। यदि ऐसा नहीं करते हैं तो यह भी पाप है। जहां भोजन बनता है वह भी देवालय है। पांचवां है असह्य अपराध जो शास्त्र में धर्म बताया गया वह नहीं करते हैं। जैसे नया नया पंथ संप्रदाय निकालना भी पाप है।

जीयर स्वामी ने कहा कि गाय को कसाई के यहां बेचने वाला महापापी है। जो सदाचारी विप्रों इत्यादि की हत्या करता है, उसको धोखा देता है, उससे कपट करता है। उसको महापापी कहा गया है। दूसरा महापापी है गोघाती जो गाय को कसाई के यहा बेचता है। और कसाई से उसको पहचान है या सम्पर्क है। वह भी महापापी है। शास्त्र में गोघाती भी कहा गया है। तीसरा है विश्वासघाती रात दिन मैत्री है थोड़ी सी बात में अपने मित्र से परिवार से विश्वासघात कर दिया उसे भी महापापी कहा गया है। मद्यसेवी यानी शराब पीने वाला व्यक्ति भी महापापी है। चौथा है गुरू पत्नी गामी वैसा व्यक्ति जो बहन के समान, गुरु पत्नी के समान, बेटी के समान, माता के समान, चाची के समान, फुआ के समान के औरतों को लालच देकर, प्रलोभन देकर बहकाकरके अनुचित व्यवहार करता है वह महापापी कहा गया है, परंतु भागवत कथा सुनने से उसका भी उद्धार हो जाता है।

## 101 गरीब कन्याओं की शादी को सहयोग मांगा



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के द्वारा गढ़वा जिले में स्थित टाउन हॉल के मैदान में 6 दिसंबर को 101 गरीब असहाय कन्याओं की शादी को लेकर कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के सचिव विकास कुमार माली शादी समारोह को सफल बनाने को लेकर गढ़वा पलामू प्रमंडल के विभिन्न क्षेत्रों के जिला पदाधिकारी से मिलकर प्रशासनिक व्यवस्था की मांग की।

इस दौरान कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी संस्था की और से 6 दिसंबर को गढ़वा जिला के टाउन हॉल के मैदान में 101 गरीब असहाय कन्याओं की शादी कराना का समय निर्धारित कर दिया गया है, जिसे लेकर जिला के विभिन्न प्रशासनिक पदाधिकारी से मिलकर प्रशासनिक व्यवस्था के लिए मांग की है। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी संस्था के पदाधिकारी गांव के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सर्वे करने का काम करते हैं। उसमें कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा माहौल खराब करने की स्थिति में प्रशासन हमारी मदद करें। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि 6 दिसंबर को 101 कन्याओं की शादी गढ़वा के लिए मिसाल कायम होगा। उन्होंने कहा कि 6 दिसंबर के दिन गढ़वा जिला का नजारा अलग होगा। मौके पर हसीबउल्लाह अंसारी, अयूब खान, टिंकू तिवारी, अमानत खान आदि उपस्थित थे।

# कांग्रेस भवन में युवा कांग्रेस का स्थापना दिवस मना



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** युवा कांग्रेस के 63वें स्थापना दिवस पर कांग्रेस भवन डाल्टनगंज में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष परवेज अली मुन्ना खान और कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक ने युवा कांग्रेस का झंडा फहराकर स्थापना दिवस मनाया गया एवं युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी के निर्देशानुसार युवा कांग्रेस के शपथ-पत्र का शपथग्रहण किया गया । इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष परवेज अली मुन्ना खान ने कहा आज ही के दिन 9 अगस्त 1960 को युवा कांग्रेस की स्थापना भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी ने सामाजिक कार्य करने और दक्षिणपंथी दलों के खिलाफ मोर्चा खोलने के उद्देश्य से, कांग्रेस पार्टी के एक फ्रंटल संगठन के रूप में युवा कांग्रेस को स्थापित करके एक नया आयाम दिया। प्रियरंजन दासमुंशी भारतीय युवा कांग्रेस के पहले निर्वाचित अध्यक्ष थे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि आज स्वस्थ लोकतंत्र के लिए राजनीति में युवाओं का सशक्तिकरण और भागीदारी काफी महत्वपूर्ण है । क्योंकि युवा ही नई सोच और नई ऊर्जा के साथ देश का विकास कर सकते हैं। इस मौके पर युवा कांग्रेस मीडिया सेल जिला संयोजक तौसीफ कमर, जिला महासचिव इफ्तेखार अली नन्हे, जिला सचिव राजा खान,सोनू खान, ,मोनू अग्रवाल पांकी विधानसभा के कार्यकारी अध्यक्ष शहीद अली ,देवांग शुक्ला साहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## तस्वीर झूठ न बोले



छाया- भोला

कहावत है 'घोरान ही फसल चरने लगे तो उस खेत की रक्षा भगवान भी नहीं कर सकते ' और यह कहावत चैनपुर अंचल में लागू हो रहा है। यहां की गैरमजरुआ व सार्वजनिक जमीन की बात कौन करे, नदी नालों की जमीन भी अंचल से बंदोबस्त हो गई है। तस्वीर चैनपुर अंचल मुख्यालय के हाई स्कूल के सामने बहने वाली नदी की है। अतिक्रमण और अवैध बंदोबस्ती से इस नदी की जमीन का अस्तित्व ही खत्म होने के कगार पर है, पर इससे अधिकारीयों को क्या खामियाजा तो जनता को झेलना पड़ेगा।

## NEWS इन ब्रीफ

### बिना खर्च किये मिलेगी कोर्ट आदेश की कॉपी

**मेदिनीनगर।** झारखंड हाईकोर्ट ने आदेश जारी किया है कि अब सिविल कोर्ट द्वारा जिस अभियुक्तों की जमानत अर्जी खारिज होगी, उन्हें बिना किसी शुल्क न्यायालय के आदेश की कॉपी मिलेगी। मंगलवार को हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जेनरल द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि जो भी विचाराधीन कैदी जेल में बंद है वह जमानत अर्जी रदद् होने पर उसकी कॉपी निःशुल्क प्राप्त करने के अधिकारी हैं। राज्य के सभी ट्रायल कोर्ट को यह निर्देश दिया जाता हैं कि जमानत याचिका रदद् होने पर अभियुक्त के वकील को बिना किसी शुल्क के रिजेक्शन आर्डर की कॉपी मुहैया करायी जाय।यह कॉपी सभी न्यायिक कार्यो के सर्टिसफाइड कॉपी के रूप में इस्तेमाल की जा सकेगी।

### झाक्रामं के जिला महासचिव व विधानसभा प्रभारी का मनोनयन

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि विश्रामपुर प्रखण्ड के झगरुवा ग्रामवासी बलराम रवि को झारखण्ड क्रांति मंच के पलामू जिला इकाई का महासचिव सह विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी मनोनीत किया गया है। ज्ञातव्य है कि बुधवार को मेदिनीनगर में मंच के जिलाध्यक्ष विजय राम, केन्द्रीय उपाध्यक्ष रामनरेश राम, केन्द्रीय महासचिव विश्वनाथ राम व चैनपुर इकाई के महासचिव यासीन अंसारी की उपस्थिति में मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने प्रभार का नियुक्ती पत्र सौंपते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की,साथ ही आशा प्रकट की कि बलराम रवि के नेतृत्व में जिला के साथ ही विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में झारखण्ड क्रांति मंच का ना केवल जमीनीस्तर पर विस्तार होगा। इस अवसर पर मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष रामनरेश राम, महासचिव विश्वनाथ राम, जिलाध्यक्ष विजय राम के अलावा केन्द्रीय सचिव सह नावाबाजार प्रखण्ड के पूर्व प्रमुख रेणु देवी, केन्द्रीय महासचिव बुद्धिनारायण पासवान, केन्द्रीय सचिव सत्येन्द्र ठाकुर, केन्द्रीय संयुक्त सचिव राणा सिंह चौहान आदि ने बलराम रवि के महासचिव सह विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी मनोनीत होने पर हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी।

# स्वस्थ जीवन के लिए खेलकूद जरूरी : मैंनक

**मेदिनीनगर।** हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस में आयोजित इंटर डिपार्टमेंट फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला आपरेशन टू बनाम सिक्यूरिटी के बीच खेला गया। जिसमें आपरेशन टू की टीम ने सिक्यूरिटी टीम को 1-0 से पराजित कर कप पर कब्जा जमाया। माइंस हेड मैनक चक्रवर्ती ने विजेता व प्रोडक्शन मैनेजर अश्विनी कुमार ने उपविजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया। मौके पर माइंस हेड मैनक चक्रवर्ती ने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के साथ साथ मानसिक तनाव को दूर करने के लिए खेलकूद जरूरी है। हिन्डालको कंपनी सिर्फ व्यवसाय नहीं बल्कि अपने कर्मियों के साथ साथ कार्य क्षेत्र के परिधि में आने वाले लोगों के बेहतरी के बारे में हमेशा सजग व संवेदनशील होकर सोचती है। कहा कि माइंस कर्मी समय अभाव में बाहर खेल-कूद नहीं कर पाते हैं इसलिए प्रबंधन ने कर्मियों को स्वस्थ व तनाव मुक्त रहने के लिए समय समय पर इस तरह का आयोजन करतीं हैं।

# विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित





### कार्यक्रम में आदिवासी बच्चियों महिलाओं ने सामूहिक आदिवासी नृत्य कर सबको मनमोहित किया

### निराला स्कूल की बच्चियों ने स्वागत गान गाकर स्वागत किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर बुधवार को युवा पंचायत के निराला टोला में सदर उपप्रमुख शीतल सिंह निराला के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाकपा के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी, सदर प्रमुख बसंती देवी, जिला परिषद सदस्य बासो देवी, कोड़िया मुखिया कुमारी अंजना सिंह, सुआ मुखिया दुलारी देवी, उमेश सिंह चेरो, अर्जुन सिंह, रविंद्र सिंह, उपाध्याय सिंह आदि लोग उपस्थित थे। सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा सिंधु कान्हो के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मौके पर निराला स्कूल की बच्चियों ने स्वागत गान गाकर स्वागत किया। मौके पर भाकपा जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने विश्व आदिवासी दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज पूरे दुनिया में आदिवासियों का गौरवशाली दिवस मनाया जा रहा है। लेकिन जिस प्रकार से देश के अंदर मणिपुर में घटना घटी। आदिवासी महिलाओं को सरेआम निर्वस्त्र कर सड़क पर घुमाया गया। उनकी अस्मत लूटी गई, उनकी हत्या की गई, यह दुनिया और मानव जाति को शर्मशार कर देने वाली घटना है। ऐसी स्थिति में हम सभी को संकल्पित होकर एकजुट होकर आदिवासी समाज के कल्याण और उत्थान के लिए उनकी इज्जत आबरू की रक्षा के लिए संकल्प लेना होगा। मौके पर नृत्य कर रही सभी बच्चियों को कॉपी और कलम का वितरण किया गया। कार्यक्रम में, मुनेश्वर सिंह, जितेंद्र सिंह कैरो, अजीत सिंह, अनुज सिंह चेरो, सुरेश सिंह, दिनेश राम, बसंत सिंह, श्याम सिंह, सनी सिंह, दिनेश राम विजय सिंह, दुराल सिंह, शाहिद सैकड़ो लोग उपस्थित थे। **वहीं झामुमो ने** जिला कार्यालय में विश्व आदिवासी दिवस बहुत ही धूम धाम से मनाया। पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सह आदिवासी नेता बालकिशन उरांव, पाहन मनेश उरांव, दाऊद केरकेट्टा, दिलीप कोरबा, निरंजन सिंह चेरो ने विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम का नेतृत्व किया । झामुमो जिला कार्यालय में आदिवासी परंपरा के अनुसार पाहन के द्वारा शहीद बेदी की पूजा की गई और जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा द्वारा वरिष्ठ आदिवासी नेताओं को पगड़ी और माला पहना कर सम्मान किया गया साथ ही झामुमो के सभी नेता, पदाधिकारी जुलूस की शक्ल में पूरे शहर का भ्रमण करते हुए स्टेशन रोड स्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की गई।अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने बताया झामुमो द्वारा पूरे झारखंड में आज आदिवासियों के सम्मान में किसी उत्सव की तरह विश्व आदिवासी दिवस मनाया जा रहा है। यह विश्व आदिवासी दिवस संतुलित विकास और स्थिरता प्राप्त करने के लिए आदिवासी आवाजों को सुनने और साझेदारी को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डालता है। इस मौके पर केंद्रीय समिति सद्स्य संजीव तिवारी, सुनील तिवारी, मुन्ना सिन्हा, मनोज गुप्ता, सचिव सन्नू सिद्धकी, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, उपाध्यक्ष बालकिशुन उरांव, राकेश सिन्हा, कमाल खान, जिला संगठन सचिव नवीन सिन्हा, शाहबाज आलम, अनुराग सिंह , युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, वरिष्ठ नेता प्रदीप सिंह, संजय साहनी, युवा मोर्चा सचिव आशुतोष विनायक, व्यवसायिक मोर्चा अध्यक्ष दीपू चौरसिया, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष फजायल अंसारी, सचिव नन्हे खान, कोषाध्यक्ष मन्नत सिंह बग्गा, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष डॉ जशवंत सिंह, वीरेंद्र पासवान सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### झाखण्ड आदिवासी महोत्सव पलामू प्रशासन के तत्वावधान में प्रारंभ

झारखंड सरकार के निर्देश पर पलामू प्रशासन के तत्वधान में 9 और 10 अगस्त 2023 को प्रातः 9:00 बजे से सहोदय उच्च विद्यालय शाहपुर मेदिनीनगर के मैदान में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बालक बालिकाओं के लिए फुटबॉल, हॉकी और एथलेटिक्स प्रतियोगिता का का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पलामू के फुटबॉल बालक वर्ग में 14 टीम, बालिका वर्ग में 8 टीम, हॉकी प्रतियोगिता के बालक वर्ग में 9 और बालिका वर्ग में 4 टीमों ने भाग लिया। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बुधवार को 200 मी. और 100 मी. दौड़ हुई। इस प्रतियोगिता में पूर्णतः अनुसूचित जनजाति के ही खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रथम स्थान पाने वाले को हॉकी और फुटबॉल में 21000/,द्वितीय स्थान पाने वाले को15000/एवं तृतीय स्थान पाने वाले को स्थान पाने वाले को 11000 प्राइज मनी के रूप में दी जाएगी। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले को 5000, द्वितीय स्थान पाने वाले को 3000 और तृतीय स्थान पाने वाले को 2000 पुरस्कार के रूप में दिया जाएगा। कार्यक्रम का प्रारंभ पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी , सहोदय उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक फादर विनोद तिर्की के साथ तरंग ध्वनि पर पलामू जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

# जल संकट की बाबत अंबेडकर पार्क में पौधरोपण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जल संकट से उत्पन्न समस्याओं व पर्यावरण संतुलन के मद्देनजर बुधवार को प्रथम उपमहापौर नगर निगम मेदिनीनगर राकेश कुमार सिंह (मंगल सिंह) और उनकी टीम द्वारा वृक्षारोपण एवं जल संचयन हेतु संकल्प अभियान कार्यक्रम के निहित आज नगर निगम मेदिनीनगर बड़ा तालाब सह बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर पार्क में प्रतिदिन पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मार्गदर्शन में संचालित निशुल्क योगाभ्यास करने वाले योग साधको व साधिकाओ के बीच पौधा वितरण किया गया। साथ ही उनके द्वारा पार्क में वृक्ष भी लगाया गया। सभी से प्रथम उपमहापौर व उनकी टीम ने अपील की कि अपने अपने घरों में एक-एक पौधा अवश्य लगाएं ,आने वाले समय में यही पौधे वृक्ष बनेंगे, जिससे वर्षा का जल स्त्रोत बना रहेगा और नगर निगम मेदिनीनगर में गर्मी के दिनों में जो जल की समस्या उत्पन्न हुई, इस प्रकार की विकराल समस्या नहीं आएगी। साथ ही अपने घरों में वर्षा का जल स्त्रोत को वाटर हार्वेस्टिंग, सोखता गड्ढा आदि के माध्यम से कैसे बढ़ाया जा सकता है इसकी भी जानकारी देकर लोगो को जागरूक किया गया। उन्होंने सभी से अपील की मेरे इस अभियान में सहयोग करे और आने वाले पांच सालों में मेदिनीनगर के हर घर पेड़ लगाने का जो संकल्प उन्होंने लिया है उसे पूर्ण करने में सहयोग करें। मौके पर योगाचार्य पवन, मंजय कुमार, निलय कुमार, किशोर सिन्हा, जितेंद्र सिंह, मनदीप प्रजापति, राहुल कुमार, पवन कुमार, सहित काफी संख्या योग साधक साधिकाएं उपस्थित रही।

# सहायक लोक अभियोजक को स्थानांतरण उपरांत बिदाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के सहायक लोक अभियोजक अनुराग शुक्ला के स्थानांतरण उपरांत जिला अभियोजन कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदित हो कि अनुराग शुक्ला का स्थानांतरण साहेबगंज सिविल कोर्ट में हो गया है। इसकी अध्यक्षता प्रभारी लोक अभियोजक राजेश शर्मा ने की। इस मौके पर सहायक लोक अभियोजक अनुराग शुक्ला के कार्य की प्रशंसा की गई। मौके पर सहायक लोक अभियोजक को पुष्प गुच्छ देकर माल्यार्पण कर व अंग बस्त्र देकर सम्मानित किया गया। अनुराग शुक्ला ने कहा कि पलामू जिले के अधिवक्ताओं के साथ-साथ न्यायिक पदाधिकारी व आम जनमानस का न्यायिक कार्य निष्पादन के सहयोग में भरपूर सहयोग मिला है। इस मौके पर प्रभारी लोक अभियोजक राजेश शर्मा , सहायक लोक अभियोजक अनुराग कुमार सिंह, अपर लोक अभियोजक ओम कुमार व एल ए डी सी के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने भी सहायक लोक अभियोजक के कार्य की प्रशंसा की। मौके पर देव प्रताप तिवारी,रविन्द्र नाथ चौरसिया प्रशिक्षु सहायक लोक अभियोजक, के अलावे सुनील कुमार, बबन प्रसाद,एम डी ताज उद्दीन,नन्दलाल राम, सोनू कुमार गुप्ता,संतोष पांडेय,धर्मेंद्र कुमार ,राजमणी तिवारी राजेश कच्छप एवं अन्य कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।



## आयोजन

## मनुष्य से ज्यादा चिंता मवेशियों की, रापयुवा की पहल

# पलामू में अकाल-सुखाड़ से मुक्ति के लिए रुद्राभिषेक

### रुद्राभिषेक के मुख्य पुजारी पंडित हृषीकेश पाण्डेय पराशर वेदाचार्य ने मंत्रोच्चार से जहां पलामू मुख्यालय को गुंजायमान किया

### रुद्राभिषेक के पश्चात संकीर्तन का आयोजन किया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में बारिश की कमी से होने वाली अकाल से मुक्ति एवं पलामू में सुख,शांति,समृद्धि के लिए राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के द्वारा बुधवार को रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस अवसर सुबह नौ बजे से पूजा-अर्चना एवं दो बजे से संकीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। रुद्राभिषेक के मुख्य पुजारी पंडित हृषीकेश पाण्डेय पराशर वेदाचार्य ने मंत्रोच्चार से जहां पलामू मुख्यालय को गुंजायमान किया। वहीं मुख्य यजमान के रूप में पलामू जिला प्रभारी रिंकू तिवारी के बड़े भाई पंडित मुकेश तिवारी एवं उनकी अर्धांगिनी अंजनी तिवारी ने महादेव का अभिषेक किया। जहां बारिश, हरियाली, सुख-शांति, समृद्धि की मंगलकामना की गई। मौके पर युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा कि पलामू दशकों से पानी के लिए तरस रहा है। हालात इस कदर बदतर हैं कि मनुष्य से ज्यादा चिंता मवेशियों के लिए होने लगी है। इसके लिए विप्र परिवार चिंतित है। पलामू की समृद्धि के लिए राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी ने अपने अराध्य का आह्वान किया है। रुद्राभिषेक के पश्चात संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय कलाकारों के द्वारा कई भजन कीर्तन प्रस्तुत किये गये। जिससे पुरा इलाका भक्ति मय हो गया। जिसमें रजवाडीह संकीर्तन मंडली ने भक्तिमय समां बांधा। इस आयोजन में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, सचिव आशुतोष पाण्डेय लक्की, आशीष भारद्वाज, नवीन तिवारी, कोषाध्यक्ष राकेश पाण्डेय, संजय मिश्रा, शैलेश तिवारी, चंदन तिवारी, विकास दूबे, श्वेता तिवारी, प्रदीप दूबे, मनोज ओझा, राधेश्याम तिवारी, प्रभात दूबे, मनोज पाठक, गोरख पाठक, लल्लू पाण्डेय, संजय पाण्डेय, बृजेश शुक्ला, रुद्र शुक्ला, सौरव तिवारी, विक्रांत त्रिपाठी, आनंद दूबे मुन्ना, दिलीप तिवारी, राकेश तिवारी लडडू, विनित तिवारी, अभिमन्यु दूबे, सत्यवान पाण्डेय, व्यास शशि शंकर प्रसाद, रूपेश तिवारी समेत सैकड़ों परशुराम वंशज मौजूद रहे।

# वाईजेके प्रतिनिधिमंडल ने की परीक्षा नियंत्रक से मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने जिला सचिव मोहित साहू के नेतृत्व में नीलांबर पितांबर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक शिवपूजन सिंह से मुलाकात की और विद्यार्थियों की समस्याओं से अवगत कराया। जिला अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि विद्यार्थियों की बी .एड सत्र 21- 23 की परीक्षा की तिथि 22 अगस्त से 25 अगस्त तक है और उसी अवधि में बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा की तिथि भी घोषित की गई है। ऐसी स्थिति में बहुत से छात्र छात्राएं ऐसे भी हैं जिन्होंने बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी की है और उन्हें परीक्षा देनी है। वे सभी असमंजस की स्थिति में है कि क्या किया जाए। जिला सचिव मोहित साहू ने कहा कि विद्यार्थियों के इस समस्या का समाधान होना जरूरी है क्योंकि उनके लिए दोनों परीक्षाएं काफी महत्वपूर्ण है। इसलिए हम नीलांबर पितांबर विश्वविद्यालय प्रशासन से यह मांग करते हैं कि बी.एड की परीक्षा की तिथि में बदलाव किया जाए ,ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की समस्या सामना ना करना पड़े। इस पर परीक्षा नियंत्रक ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए परीक्षा परीक्षा तिथि को 26 और 29 अगस्त को बढ़ा दिया। इस मौके पर अभिषेक मौर्य, चीतेश मिश्रा, रवि रंजन मिश्रा, विवेक कुशाग्र आदि लोग मौजूद थे।

### एसबीआई के सीएसपी केंद्र का उद्घाटन

**पांकी।** भारतीय स्टेट बैंक के शाखा के फील्ड ऑफिसर अनूप कुमार, प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद, उप मुखिया अनारिक राम के द्वारा संयुक्त रूप से बुधवार को प्राचीन हनुमान मंदिर के सामने में ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन फीता काटकर किया। मौके पर फील्ड ऑफिसर अनूप कुमार ने संबोधित करते हुए बताया कि यह सीएसपी बैंक खुलने से आम लोगों को बैंकिंग सेवा से जोड़ना, अब ग्राहक कम समय में पैसा का लेनदेन भी कर सकते हैं। फील्ड ऑफिसर ने उपस्थित लोगों को बताया कि इस बैंक के माध्यम से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधान मंत्री किसान समृद्धि योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस बैंक से खाता खुलवा कर एटीएम कार्ड लेंगे उन ग्राहकों को बैंक के तरफ से दो लाख का मुफ्त बीमा किया जायेगा।

NEWS इन ब्रीफ

## सरकार ओपन मार्केट में बेचेगी लाखों टन गेहूं-चावल

**नई दिल्ली।** गेहूं और चावल के दामों में आने वाले समय में गिरावट देखने को मिली सकती है। सरकार ने बुधवार को घोषणा की कि वह बढ़ती कीमत पर अंकुश लगाने के लिए केंद्रीय पूल से अतिरिक्त 50 लाख टन गेहूं और 25 लाख टन चावल खुले बाजार में बेचेगी। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा, हाल में गेहूं और चावल की कीमतों में तीव्र वृद्धि हुई है...सरकार ने 50 लाख टन गेहूं और 25 लाख टन गेहूं खुला बाजार बिक्री योजना के तहत बेचने का निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि यह कुछ महीने पहले घोषित खुला बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत 15 लाख टन गेहूं और पांच लाख टन चावल की बिक्री के अलावा है। चोपड़ा ने कहा कि अबतक सात लाख टन गेहूं ओएमएसएस के तहत ई-नीलामी के जरिए बेचा गया है। चावल की बिक्री बहुत कम रही है।

## आठ सत्रों के दौरान एफआईआई द्वारा 10,437 करोड़ रुपये की बिकवाली

**नई दिल्ली।** बाजार में एक महत्वपूर्ण निकट अवधि का रुझान पिछले आठ कारोबारी सत्रों के दौरान एफआईआई द्वारा 10,437 करोड़ रुपये की निरंतर बिक्री है, जो इसी अवधि में डीआईआई द्वारा 10,860 करोड़ रुपये की निरंतर खरीद से मेल खाती है। यह बात जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने कही। उन्होंने कहा, यह समझना महत्वपूर्ण है कि जहां एफआईआई गतिविधि डॉलर इंडेक्स और अमेरिकी बांड पैदावार जैसे बाहरी कारकों से प्रभावित होती है, वहीं डीआईआई गतिविधि मुख्य रूप से जीडीपी वृद्धि और कॉर्पोरेट आय जैसे घरेलू कारकों से निर्धारित होती है। निकट अवधि में अमेरिका में 10-वर्षीय बांड की पैदावार में 4 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई।

### काफी संघर्ष कर रहा वीवर्क

## व्यवसाय में बने रहने पर भी शक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

फ्लेक्सिबल वर्कस्पेस प्रोवाइडर वीवर्क, जिसकी कीमत कभी 47 बिलियन डॉलर थी, आजकल काफी संघर्ष कर रहा है। उनका कहना है कि कंपनी बड़ी चिंताओं के चलते व्यवसाय में बने रहने की क्षमता को लेकर 'संदेह' में है। कंपनी, जिसने अपनी दूसरी तिमाही में 397 मिलियन डॉलर का शुद्ध घाटा दर्ज किया, अनुमानित नकदी जरूरतों और बढ़े हुए सदस्य कारोबार के बीच कमजोर भविष्य का अनुमान लगाया है। अपने तिमाही नतीजों के बाद मंगलवार को कारोबार के बाद कंपनी के शेयरों में 30 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई। इसका स्टॉक केवल 166 मिलियन डॉलर के मूल्यांकन के साथ 21 सेंट पर बंद हुआ। कुल मिलाकर, वीवर्क का स्टॉक 2023 की शुरूआत से 85 प्रतिशत नीचे है। वीवर्क ने सॉफ्टबैंक, इनसाइट पार्टनर्स, ब्लैकरॉक और गोल्डमैन सैक्स जैसे निवेशकों से 22 बिलियन डॉलर से अधिक की फंडिंग जुटाई थी। वीवर्क के अंतरिम सीईओ डेविड टॉली ने कहा, मुश्किल ऑपरेटिंग माहौल में, हमने साल-दर-साल ठोस राजस्व वृद्धि और नाटकीय लाभप्रदता में सुधार किया है। उन्होंने कहा, ₹हम विभिन्न क्षेत्रों और भौगोलिक क्षेत्रों के सभी आकार के व्यवसायों की बढ़ती कार्यस्थल आवश्यकताओं को पूरा करने की अपनी क्षमता में आश्वस्त हैं, और हमारी दीर्घकालिक कंपनी की दृष्टि अपरिवर्तित बनी हुई है। 30 जून तक, वीवर्क के रियल एस्टेट पोर्टफोलियो में 39 देशों में 777 स्थान शामिल थे, जो लगभग 906,000 वर्कस्टेशन और 653,000 भौतिक सदस्यता का समर्थन करते थे।

# तेजी से गिरने लगा विल्मर का शेयर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



गौतम अडाणी के नेतृत्व वाले अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी विल्मर के शेयर में बुधवार को बड़ी गिरावट देखने को मिली है। शुरूआती कारोबार में यह शेयर 5 फीसदी तक गिर गया। वहीं, अडानी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर में 1 फीसदी से अधिक की तेजी देखने को मिली। शेयरों में यह उतार-चढ़ाव उन रिपोर्ट्स के बीच देखने को मिला है, जिनके अनुसार अडाणी एंटरप्राइजेज अडानी विल्मर में हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रही है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार अडानी एंटरप्राइजेज कुछ महीनों से अडानी विल्मर में अपनी 44 फीसदी हिस्सेदारी बेचने पर विचार अडाणी एंड फैमिली कंपनी में मामूली हिस्सेदारी रख सकते हैं। पिछले हफ्ते अडानी विल्मर ने अपना पहली तिमाही का रिजल्ट जारी किया था। खाद्य तेलों की कीमतों में गिरावट के चलते पहली तिमाही में कंपनी को घाटा हुआ था। पहली तिमाही में अडानी विल्मर के समेकित राजस्व में 12 फीसदी की गिरावट आई, जिससे यह 12,928 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने बताया कि पहली तिमाही में कंपनी के राजस्व में गिरावट की वजह खाद्य तेलों की कीमतों में आई भारी गिरावट है। फूड और एफएमसीजी सेगमेंट में साल-दर-साल आधार पर 28 फीसदी की रेवेन्यू ग्रोथ दर्ज की गई, जो 1100 करोड़ रुपये के करीब रहा। अडाणी विल्मर, अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड और सिंगापुर की विल्मर इंटरनेशनल लिमिटेड की जॉइंट वेंचर है। फॉर्च्यून अडानी विल्मर का ही एडिबल ऑयल ब्रांड है। अडानी विल्मर की फरवरी 2022 में शेयर मार्केट में लिस्टिंग हुई थी। अडानी विल्मर के आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 218-230 रुपये प्रति शेयर रखा गया था। इस शेयर का अब तक का ऑल टाइम हाई 878.30 रुपये है, जो इसने 28 अप्रैल, 2022 को छुआ था।

# स्टैनलो टर्मिनल्स और एनी यूके ने किया समझौता

**एजेंसी। नई दिल्ली**



ब्रिटेन की सबसे बड़ी थोक तरल भंडारण प्रदाता स्टैनलो टर्मिनल्स लिमिटेड ('स्टैनलो टर्मिनल्स') ने यूके की सहायक वैश्विक ऊर्जा कंपनी एनी यूके लिमिटेड ('एनी यूके') के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। इसके तहत स्टैनलो टर्मिनल पर कार्बन डाइऑक्साइड का भंडारण और शिपिंग का विकास और फिर प्राप्त कार्बन डाइऑक्साइड को यूके उत्तर पश्चिम में विकसित किए जा रहे एनी यूके भंडारण बुनियादी ढांचे में वितरित किया जाएगा। स्टैनलो टर्मिनल्स और एनी यूके एक ओपन-एक्सेस कार्बन डाइऑक्साइड परिवहन और भंडारण टर्मिनल स्थापित करने के अवसरों का मूल्यांकन करेंगे जो अलग-अलग जगहों से शिपिंग के माध्यम से औद्योगिक उत्सर्जकों और अन्य स्त्रोतों से कार्बन डाइऑक्साइड प्राप्त कर भंडारण करने में सक्षम होंगे। इसका मकसद एक खुली पहुंच प्रणाली के जरिए कई उत्सर्जकों को एनी यूके के लाइसेंस प्राप्त भंडारण स्थान से जोड़ना है, जिससे भविष्य में कार्बन डाइऑक्साइड की पर्याप्त सुविधा मिल सके। स्त्रोतों और भंडारण स्थलों के बीच लचीले मार्गों की पेशकश कर कार्बन डाइऑक्साइड जहाज परिवहन का विकास सीसीएस बुनियादी ढांचे के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बुनियादी ढांचा कैप्चर किए गए कार्बन डाइऑक्साइड का परिवहन औद्योगिक कंपनियों को करने में मदद करेगा। यह समझौता स्टैनलो टर्मिनल की मर्सी नदी पर ओपन एक्सेस वाली हरित अमोनिया सुविधाएं विकसित करने की योजना की घोषणा के बाद हुआ है, जो एस्सार एनर्जी ट्रांज़िशन की यूरोप की अग्रणी एकीकृत ऊर्जा ट्रांज़िशन हब बनने की महत्वाकांक्षा का समर्थन करती है। स्टैनलो टर्मिनल्स एस्सार एनर्जी ट्रांज़िशन का हिस्सा है। फरवरी 2023 में लॉन्च किया गया ईईटी अगले पांच वर्षों में कम कार्बन ऊर्जा संक्रमण परियोजनाओं की एक श्रृंखला विकसित करने में 3.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश कर रहा है, जिसमें से 2.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर इंग्लैंड के उत्तर पश्चिम में अपनी साइटों पर निवेश किया जाएगा। ईईटी में एस्सार ऑयल यूके, उत्तर पश्चिम इंग्लैंड में कंपनी का रिफाइनिंग और मार्केटिंग व्यवसाय शामिल होगा; वर्टेक्स हाइड्रोजन, जो यूके के बाजार के लिए 1 गीगावाट (जीडब्ल्यू) ब्लू हाइड्रोजन विकसित कर रहा है, जिसकी अनुवर्ती क्षमता 3.8 गीगावॉट तक पहुंचने के लिए निर्धारित है; ईईटी हाइड्रोजन इंडिया, जो यूके और अंतरराष्ट्रीय बाजारों को ध्यान में रखते हुए भारत में 1 गीगावॉट हरित अमोनिया विकसित कर रहा है; स्टैनलो टर्मिनल्स लिमिटेड, जो सक्षम भंडारण और पाइपलाइन बुनियादी ढांचे का विकास कर रहा है; और ईईटी बायोफ्यूल्स, जो 1 मीट्रिक टन कम कार्बन जैव ईंधन विकसित करने में निवेश कर रहा है। ईईटी का निवेश कार्यक्रम यूके के लो कार्बन परिवर्तन में तेजी लाने, सरकार की डीकार्बोनाईजेशन नीति का समर्थन करने और उत्तरी पावरहाउस अर्थव्यवस्था के केंद्र में अत्यधिक कुशल रोजगार के अवसर पैदा करने में प्रमुख भूमिका निभाएगा।

## भारत की फैब्रिक केयर श्रेणी सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी

**नई दिल्ली।** मिंटेल की उपभोक्ता अनुसंधान रिपोर्ट के अनुसार, भारत का फैब्रिक केयर बाजार 2022 में 521 अरब रुपये से बढ़कर 2025 में 639 अरब रुपये होने का अनुमान है, इसमें तरल डिटर्जेंट के इस बाजार पर हावी होने और नए उत्पाद लॉन्च में अग्रणी होने की उम्मीद है। मिंटेल का अनुमान है कि भारतीय लॉन्ड्री देखभाल बाजार 7 प्रतिशत से अधिक की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ेगा, जो 2022 और 2027 के बीच वैश्विक लॉन्ड्री देखभाल बाजार के लिए अनुमानित 4.28 प्रतिशत की वृद्धि दर से बेहतर प्रदर्शन करेगा। टेक्नावियो की एक रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक लॉन्ड्री केयर बाजार का आकार 2027 तक बढ़कर 23.85 बिलियन डॉलर हो जाएगा। भारत में, कपड़े की देखभाल के लिए पाउडर डिटर्जेंट परंपरागत रूप से सबसे पसंदीदा रहे हैं।

# भारत ने 1,240 मिलियन डॉलर के हर्बल उत्पादों का किया निर्यात



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने पिछले दो वर्षों (2021-2022 से 2022-23) में कुल 1,240.6 मिलियन डॉलर के आयुष और हर्बल उत्पादों का निर्यात किया है। यह जानकारी केंद्र सरकार ने मंगलवार को राज्यसभा में दी। 2021-2022 में कुल 612.1 मिलियन डॉलर जबकि 2022-2023 में 628.25 मिलियन डॉलर के आयुष और हर्बल उत्पादों का निर्यात किया गया। केंद्रीय आयुष मंत्री सबानंद सोनोवाल ने लिखित में एक पश्न का जवाब देते हुए यह जानकारी दी। इंडिया एक्जिम बैंक द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों का हवाला देते हुए, मंत्री ने कहा कि आयुष और हर्बल उत्पादों को विभिन्न खुराक रूपों जैसे टैबलेट, पाउडर, जेल, घी, पेस्ट, गोलियां, आईड्रॉप्स, नाक की बूंदें, बॉडी लोशन, त्वचा और बालों की देखभाल के उत्पादों में निर्यात किया जाता है। मंत्री ने यह भी कहा कि भारत के आयुष और हर्बल उत्पादों के निर्यात में पिछले कुछ वर्षों के दौरान वृद्धि देखी गई है। एक सवाल का जवाब देते हुए सोनोवाल ने कहा, ₹आयुष और हर्बल उत्पादों के निर्यात को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं लागू की जा रही हैं।

# विदेश

### चीनी नौसेना पर कसेगी लगाम, भारत के साथ आए फ्रांस देश

# अंडमान बनेगा ड्रैगन का काल

**एजेंसी। बीजिंग/पेरिस**



चीनी ड्रैगन की नौसेना ने दक्षिण चीन सागर के बाद अब हिंद महासागर में भी फुफकारना शुरू कर दिया है। चीन के महाविनाशक युद्धपोत और किलर पनडुब्बियां अब हिंद महासागर के चक्कर लगा रहे हैं। यही नहीं चीन ने हिंद महासागर के प्रवेश द्वार पर कंबोडिया में विशाल नेवल बेस बना लिया है। चीन की बढ़ती दादागिरी से निपटने के लिए अब क्वॉड देश और फ्रांस भारत की शरण में आ गए हैं। क्वॉड देश और फ्रांस अब अंडमान और निकोबार द्वीप को सैन्य किले के रूप में विकसित करने में भारत की मदद कर रहे हैं। दरअसल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह मलक्का स्ट्रेट के पास स्थित हैं जो चीन की दुखती रग है। यूरो एशिया टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक दरअसल, इंडोनेशिया से सटा मलक्का स्ट्रेट काफी संकरा है और इसी वजह से चीन की सबमरीन को ऊपर आने के लिए मजबूर होना पड़ता है। यही वजह है कि चीन की नौसेना को घेरने के लिए मलक्का स्ट्रेट सबसे मुफीद जगह बन गया है। चीन भी मलक्का स्ट्रेट को लेकर अक्सर खौफ में रहता है और यही वजह है कि उसे कंबोडिया में नौसैनिक अड्डा बनाना पड़ा है। दुनिया की फैक्ट्री चीन का अरबों डॉलर का व्यापार मलक्का स्ट्रेट के जरिए होता है। चीन को हमेशा डर बना रहता है कि भारत और पश्चिमी देश उसे मलक्का स्ट्रेट में घेर सकते हैं। बता दें कि अमेरिका का नेवल बेस डियागो गार्सिया भी हिंद महासागर में स्थित है। यहां परमाणु बॉम्बर से लेकर पनडुब्बियां तक तैनात रहती हैं।

### नेपाल में फेल हुई चीन की चाल

# 6 साल बाद भी आगे नहीं बढ़ा बीआरआई

**एजेंसी। काठमांडू**

भारत के पड़ोसी देश नेपाल में चीन को बड़ा झटका लगा है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने साल 2013 में बीआरआई प्रॉजेक्ट को शुरू किया था। चीन की यह बेल्ट एंड रोड परियोजना कर्ज का जाल बन गई है और श्रीलंका जैसे दुनिया के कई देश आर्थिक रूप से तबाह हो चुके हैं। चीन ने बीआरआई के तहत नेपाल को फांसने की कोशिश की थी लेकिन 6 साल बीत जाने के बाद भी उसे सफलता नहीं मिल पाई है। इससे चीन की बौखलाहट बढ़ती जा रही है और वहां के नेता खुलकर अपनी हताशा जाहिर कर रहे हैं। चीन के नेताओं ने अब एकतरफा तरीके से चीन की नेपाल में बनाई हुई परियोजनाओं को बीआरआई के तहत बताना शुरू कर दिया है। चीन ने दावा किया है कि पोखरा एयरपोर्ट को बीआरआई के बनाया गया है लेकिन नेपाल सरकार का कहना है कि देश में अभी यह परियोजना शुरू हुई नहीं हुई है। इस पूरे मामले में रोचक बात यह है कि नेपाल ने साल 2017 में बीआरआई पर हस्ताक्षर किया था और पोखरा एयरपोर्ट का चीन की ओर से निर्माण इससे पहले ही साल 2016 में शुरू हो गया था। इससे चीन के दावे की पोल खुल गई है। चीन बीआरआई के तहत अब अपने सिल्क रोडस्टर प्रोग्राम को बढ़ा रहा है। पिछले 6 साल में चीन कई बार कोशिश करने के बाद भी नेपाल में बीआरआई के तहत एक भी प्रॉजेक्ट को शुरू नहीं करा पाया है।

### मुझे अटक जेल से बाहर निकालो, मैं यहां नहीं रहना चाहता

# वकीलों से गिड़गिड़ाए इमरान खान

**एजेंसी। इस्लामाबाद**



जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपने वकीलों से कहा है कि उन्हें अटक जेल से बाहर निकाला जाए क्योंकि वह ऐसी कोठरी में नहीं रहना चाहते जहां दिन में मक्खियां और रात में कीड़े-मकौड़े भरे रहते हैं। खान को तोशाखाना मामले में भ्रष्टाचार को लेकर तीन साल कैद की सजा सुनाई गई है। वह नाखुश और चिंतित है क्योंकि वह जेल की कोठरी में बंद हैं। क्रिकेटर से नेता बने 70 वर्षीय खान को इस्लामाबाद की निचली अदालत द्वारा मामले में 'भ्रष्ट आचरण' का दोषी पाए जाने के तुरंत बाद शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया था। इमरान खान ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर करके अपनी दोषसिद्धि के खिलाफ अपील की थी जहां उन्हें राहत नहीं मिली। जियो न्यूज ने खान और उनके वकील के बीच मुलाकात की जानकारी रखने वाले अटक जेल के सूत्रों के हवाले से बताया कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अध्यक्ष ने अपनी कानूनी टीम से कहा है कि वह जेल में नहीं रहना चाहते। अधिकारियों ने खान को उद्धृत करते हुए कहा, 'मुझे यहां से बाहर निकालो, मैं यहां नहीं रहना चाहता। खान के वकील नईम हैदर पंजोथा को सोमवार को जेल अधिकारियों ने उनसे मिलने की इजाजत दी। पंजोथा ने पीटीआईअध्यक्ष से मिलने के बाद कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री को सी-क्लास जेल सुविधाएं प्रदान की गई हैं और उन्हें परेशान करने वाली परिस्थितियों में रखा जा रहा है। पंजोथा ने कहा कि इतनी कठिनाइयों के बावजूद खान का मनोबल ऊंचा था और उन्होंने संकल्प व्यक्त किया कि वह पूरा जीवन जेल में बिता देंगे लेकिन गुलामी के आगे नहीं झुकेंगे।

## बैरिक पाकिस्तान की रेको डिक परियोजना में खरीदेगा हिस्सेदारी

**टोरंटो।** बैरिक गोल्ड कॉर्प कंपनी पाकिस्तान की सोने और तांबे की खदान रेको डिक परियोजना में हिस्सेदारी खरीदने की तैयारी कर रही है। इसकी जानकारी बैरिक गोल्ड कॉर्प कंपनी के सीईओ मार्क ब्रिस्टो ने दी है। जानकारी देते हुए मार्क ब्रिस्टो ने बताया कि कंपनी पाकिस्तान की सोने और तांबे की खदान रेको डिक परियोजना में हिस्सेदारी खरीदने की योजना बना रही है। उन्होंने जून की उस मीडिया रिपोर्ट को भी खारिज किया जिसमें कहा गया था कि बैरिक कनाडाई खनिज फर्स्ट क्वांटम मिनरल्स के साथ बातचीत कर रहे थे।

बैरिक गोल्ड के पास पाकिस्तान की रेको डिक खदान में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी है, शेष 50 प्रतिशत हिस्सेदारी पाकिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत की सरकारों के पास है। बैरिक इस खदान को दुनिया के सबसे बड़े अविकसित तांबे-सोने के क्षेत्रों में से एक मानते हैं। ब्रिस्टो ने कहा कि बैरिक परियोजना में अपनी इक्विटी को कम नहीं करेगा लेकिन अगर सऊदी अरब का सार्वजनिक निवेश कोष (पीआईएफ) पाकिस्तान सरकार की इक्विटी खरीदना चाहता है।

### युद्ध की शुरूआत — नाटो देशों की सीमा के पास मिसाइलें बरसा रहा बेलारूस

# नजर आए वैगनर लड़ाके, तनाव चरम पर

**एजेंसी। वॉर्सा**



रूस के सबसे करीबी देश बेलारूस ने नाटो देशों पोलैंड और लिथुआनिया की सीमा पर जोरदार अभ्यास शुरू किया है। बेलारूस की सेना मिसाइल और टैंकों की मदद से बारूदी अभ्यास कर रही है। ऐसी खबरें आ रही हैं कि वैगनर के लड़ाके भी सीमा के पास देखे गए हैं। बेलारूस यह अभ्यास सुवाल्की गैप के पास कर रहा है जो पोलैंड से लेकर लिथुआनिया की सीमा तक फैला हुआ है। इस इलाके में अब बड़ी तादाद में सैनिकों की तैनाती की गई है। नाटो देशों को डर सता रहा है कि रूस का दोस्त बेलारूस भड़काने वाली कार्रवाई कर सकता है। इस बीच बेलारूस ने दावा किया है कि वर्तमान अभ्यास के दौरान सैनिकों को इस बात के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि वे युद्ध के दौरान अपनी यूनिट को कंट्रोल कर सकें। वहीं नाटो देशों को डर सता रहा है कि यह रूसी राष्ट्रपति पुतिन के आदेश पर बेलारूस के तानाशाह लुकाशेंको करवा रहे हैं। हालांकि अभी तक इस बात के सीधे सबूत नहीं मिले हैं कि अभ्यास में रूस के वैगनर लड़ाके शामिल हैं या नहीं। हालांकि वैगनर के सैनिक हाल के दिनों में नाटो देशों की सीमा के पास देखे गए हैं। इस बात की पुष्टि हो गई है कि वैगनर के लड़ाके बेलारूस के सैनिकों को ट्रेनिंग दे रहे हैं ताकि वे लड़ाई लड़ सकें। बेलारूस का दावा है कि वे वैगनर से उनके लड़े हुए युद्ध के सबक सीख रहे हैं। पोलैंड ने कहा कि उसने पाया है कि बेलारूस से अवैध घुसपैठ की कोशिश की गई है जिसके बाद पोलैंड को अब 1000 सैनिकों को तैनात करना पड़ा है। सुवाल्की गैप एक संकरा सा इलाका है जो बेलारूस को रूस के कब्जे वाले कालिनग्राद से अलग करता है। कालिनग्राद रूस का सैन्य किला है जहां परमाणु हथियार तक रखे जाने की रिपोर्टें आई हैं। अगर जंग होती है तो सुवाल्की गैप नाटो और यूरोपीय देशों के लिए जिनता अहम होगा, उतना ही रूस के लिए भी होगा। पश्चिमी देशों के लिए यह एकमात्र जमीनी रास्ता है जो पूर्व सोवियत देशों लिथुआनिया, लाटविया और एस्टोनिया को नाटो देशों से जोड़ता है। वहीं पुतिन के लिए यह दुखती रग की तरह से है और नाटो देश कालिनग्राड को पूरी तरह से घेर सकते हैं। रूस अगर इस पर भविष्?य में कब्?जा करता है तो कालिनग्राड में तैनात अपनी बाल्टिक फ्लीट से सीधे जुड़ जाएगा।

### एफआईआर पर भड़का नसरुल्ला, बोला-

# मैं किसी से नहीं डरता हूं बच्चों को लेकर ठनी

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

जुलाई में भारत से युवती अंजू के पाकिस्तान जाने की खबरें आई थीं। अंजू जो अपने फेसबुक दोस्त नसरुल्ला से मिलने के लिए पाकिस्तान गई थी, अब लगता है उसने वहीं रहने का इरादा कर लिया है। पहले उसके और नसरुल्ला के निकाह की खबरें आईं तो अब उसके वहीं बसने की खबरें आ रही हैं। इन सबके बीच भारत में अंजू के दो बच्चों को सिर्फ अपनी मां के बारे में खबरें सुनने को मिल रही हैं। नसरुल्ला ने कहा है कि वह भारत सरकार से बच्चों को पाकिस्तान भेजने की अपील करेंगे। मगर अंजू के भारतीय पति अरविंद ने जोर देकर कहा है कि बच्चे उसके पास भारत में ही रहेंगे। अब इन बच्चों की वजह से नसरुल्ला और अरविंद में ठन गई है। अंजू ने अभी तक नसरुल्ला के साथ अपनी शादी की पुष्टि नहीं की है। वह शुरूआत से यही कहती आ रही है कि वह जल्द ही भारत लौटेगी। नसरुल्ला जो अंजू को अपनी पत्नी कह रहा है, उसे भारत नहीं भेजना चाहता है। उसका कहना है कि अंजू की जान को भारत में खतरा है। लेकिन उसने यह भी कहा कि उसके दोनों बच्चों के पाकिस्तान भेजने के लिए भारत सरकार से अनुरोध करेगा। राजस्थान तक ने नसरुल्ला के हवाले से कहा है कि उसका अंजू से निकाह हो चुका है। अंजू को एक साल का वीजा मिल चुका है और जल्द ही उसे पाकिस्तान की नागरिकता भी मिल जाएगी। नसरुल्ला का कहना था कि अंजू भारत जाकर अपने बच्चों को पाकिस्तान लेकर आएगी। नसरुल्ला खुद चाहता है कि अंजू के बच्चे मां के साथ पाकिस्तान में रहें। अब नसरुल्ला ने अपना रुख बदल लिया है। अंजू के पति अरविंद ने उसके खिलाफ राजस्थान में केस दर्ज करवाया है। जब भारतीय मीडिया ने नसरुल्ला से इस बाबत सवाल किया तो वह भड़क गया।

# किसानों को उम्मीदें

***झारखंड*** में इस साल भी सामान्य से काफी कम वर्षा हुई है। हालांकि अभी दो तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है। ऐसे में एक बार फिर किसानों को खेती को लेकर उम्मीदें जग गई हैं। ऐसे देखा जाये तो राज्य के 24 में से 22 जिलों में स्थिति चिन्ताजनक है। ऐसे में अब तक धान की खेती करने वाले किसानों को राज्य सरकार मोटे अनाज की खेती करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 में भारत सरकार भी राज्य सरकार की मदद कर रही है। भारत सरकार की ओर से 9000 किलोग्राम 'श्रीअन्न' के बीज झारखंड को दिये हैं। जिसे प्रखंड स्तर पर मिनी किट बनाकर किसानों के बीच वितरित किया जा रहा है। राज्य सरकार ने अपने स्तर से भी किसानों को मडुआ, ज्वार और बाजरा के बीज उपलब्ध करा रही है। ताकि किसान मोटे अनाज की खेती की ओर आकर्षित हों। साथ ही पलामू कृषि अनुसंधान के वैज्ञानिक किसानों को धान की खेत में बने मेढ़ पर रहर बोने की सलाह दिये हैं। कुलमिलाकर धान के नहीं होने पर स्थिति एकदम भयावह न हो,इसके लिए किसानों को चौकस रहने की जरूरत है। राज्य में 28 लाख हेक्टेयर जमीन पर खेती की जाती है। इसमें मोटे अनाज सिर्फ 2200 हेक्टेयर में होती है। अब झारखंड सरकार ने लक्ष्य रखा है कि इस वर्ष कम से कम 53 हजार हेक्टेयर में 'श्रीअन्न' यानी मोटे अनाज की खेती की जाये। जिसमें अकेले मडुआ की खेती 48 हजार हेक्टेयर में होगी। राज्य सरकार ने मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने के लिए 50 करोड़ की राशि का अलग से बजट भी रखा है। रांची के एक कृषि पदाधिकारी की मानें तो कई कारण हैं जिस वजह से धान, गेंहू की जगह मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन की वजह से लगातार कम होते वर्षापात में मोटे अनाज की खेती आसानी से की जा सकती है। जलवायु के अनुकूल होने की वजह से मोटे अनाजों पर क्लाइमेट चेंज का कोई खास असर नहीं होता। इसलिए इसकी खेती को बढ़ावा दिया जा सकता है। डिजीज बढ़ें हैं। ऐसे में कई तरह के न्यूट्रियंट्स, माइक्रो न्यूट्रियंट्स, अच्छे किस्म के फाइबर्स प्रोटीन, काबोर्हाइड्रेट की वजह से मोटे अनाज स्वास्थ्य के लिए काफी अच्छे होते हैं। कृषि विशेषज्ञ कहते हैं कि जमीन की उर्वरा शक्ति को बनाये रखने के लिए यह काम जरूरी होता है। इतने सारे लाभ को देखते हुए ही दुनिया मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने में लगी है। उन्होंने कहा कि झारखंड के संदर्भ में तो ये और भी जरूरी है क्योंकि यहां के किसान मोनो क्रॉप यानी एक फसल ही उगाते हैं। ऐसे में मोटे अनाज की खेती उनकी आय का एक दूसरा स्त्रोत बन सकता है। राज्य में मोटे अनाज की खेती करने के लिए सरकार जहां कई कार्यक्रम चला रही है। वहीं बिरसा कृषि विश्वविद्यालय तकनीकी सहायता के साथ साथ झारखंड की आबोहवा के अनुसार अच्छी उपज देने वाले मोटे अनाजों की बीज विकसित कर किसानों को उपलब्ध कराने जा रही है। यह एक अच्छी बात है। कारण राज्य में मिलेट्स की खेती की असीम संभावनाएं हैं। आज जिस तरह से लोग स्वास्थ्य को लेकर जागरूक हुए हैं और दुनिया भर में मोटे अनाज और उसके उत्पादों की मांगें बढ़ी है। वैसे में अगर राज्य के किसानों ने मोटे अनाज की खेती को उसी जोश और उत्साह से अपनाया जैसे वह धान की खेती करते हैं तो वह दिन दूर नहीं जब मोटे अनाज के बल पर राज्य के अन्नदाता खुशहाल होंगे।

**राज्य में 28 लाख हेक्टेयर जमीन पर खेती की जाती है। इसमें मोटे अनाज सिर्फ 2200 हेक्टेयर में होती है। अब झारखंड सरकार ने लक्ष्य रखा है कि इस वर्ष कम से कम 53 हजार हेक्टेयर में 'श्रीअन्न' यानी मोटे अनाज की खेती की जाये। जिसमें अकेले मडुआ की खेती 48 हजार हेक्टेयर में होगी।**

# अंधाधुंध शहरीकरण से उपजी समस्याओं का निदान जरुरी





दीपक कुमार त्यागी

इन दिनों

***भारत*** में पिछले कुछ दशकों में ग्रामीण क्षेत्रों से तेजी के साथ शहरों की तरफ बड़ी आबादी का पलायन हुआ है, जिसके चलते देश में जगह-जगह अंधाधुंध अव्यवस्थित शहरीकरण हुआ है। हालांकि किसी क्षेत्र को शहरी क्षेत्र माने जाने के लिए कुछ आवश्यक मानदंड हैं, जिनके अनुसार उस क्षेत्र में 5000 या इससे अधिक व्यक्तियों की आबादी का निवास करना जरूरी है, वहां की 75 फीसदी आबादी गैर-कृषि व्यवसाय करती हो, वहीं इस क्षेत्र का जनसंख्या घनत्व भी 400 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर होना चाहिए। शहरी क्षेत्र के लिए कुछ अन्य विशेषताएँ भी होती हैं, जिसमें उस क्षेत्र में उद्योग-धंधे, व्यवस्थित आवासीय क्षेत्र, सुनियोजित ढंग से बिजली-पानी, सीवरेज की व्यवस्था और सार्वजनिक परिवहन जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था होती है, ऐसे आबादी वाले क्षेत्र को ही शहर के अंतर्गत मानते हैं। इन सुविधाओं से आकर्षित होकर व ग्रामीण क्षेत्रों की कठिन जीवनशैली के चलते देश में पिछले कुछ दशकों में लोगों ने रोजी-रोटी व सुविधाओं की तलाश में बड़े पैमाने पर गांव से शहरों की तरफ पलायन किया है, जिसके चलते आज आलम यह है कि पुराने शहरों के अव्यवस्थित विस्तार के साथ कुकुरमुत्ते की तरह जगह-जगह अंधाधुंध वैध व अवैध शहरी क्षेत्र बन गये हैं, जिन क्षेत्रों के सभी निवासियों को गुणवत्तापूर्ण मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना हमारे सिस्टम के सामने बड़ी चुनौती बन गयी है। वैसे, शहरीकरण से संबंधित अगर कुछ आँकड़े देखें तो साफ नजर आता है कि कभी गांवों का देश माने जाने वाला भारत अब तेजी से शहरों में बदल रहा है। इन आँकड़ों के अनुसार देश में वर्ष 2001 तक हमारी आबादी का 27.81 फीसदी हिस्सा शहरों में रहता था। जबकि वर्ष 2011 के आँकड़ों के अनुसार यह स्थिति बदल कर 31.16 फीसदी तक पहुंच गई और वर्ष 2018 में तेजी के साथ बदलते हुए शहरीकरण का यह आँकड़ा बढ़ कर 33.6 फीसदी तक पहुंच गया। देश में शहरी आबादी में तेजी से हुई यह बढ़ोत्तरी बेहद आश्चर्यजनक है। वहीं देश में वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार शहर-कस्बों की कुल संख्या 5,161 थी, जो कि वर्ष 2011 की जनगणना में तेजी से बढ़ कर 7,936 हो गई, वहीं अब नयी जनगणना में इस स्थिति में फिर से वृद्धि देखने को नजर आयेगी। देखें तो संयुक्त राष्ट्र की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में विश्व की करीब आधी आबादी शहरों में निवास करने लगी है, वहीं जिस तेजी के साथ भारत में गांवों से रोजी-रोटी व सुविधाओं की तलाश में पलायन अनवरत चल रहा है, उसको देखकर लगता है कि वर्ष 2050 तक हमारे देश की भी आधी आबादी शहरों-कस्बों के क्षेत्र में आकर के निवास करने लगेगी। जो यह दर्शाती है कि भारत में शहरीकरण बहुत तेजी से बढ़ रहा है। देश में तेजी के साथ होते इस शहरीकरण का सबसे दुखद पहलू यह है कि हम लोग नित-नयी समस्याओं से जूझने के चलते औसत स्तर का जीवन जीने से भी वंचित होते जा रहे हैं। आज देश में शहरी क्षेत्रों में आलम यह है गया है कि शहरी आबादी का एक बहुत बड़ा हिस्सा लगभग 17.4 फीसदी लोग तो सुविधाओं के भारी अभाव के साथ ही झुग्गी-झोपड़ियों में जीवन यापन करने के लिए मजबूर हैं। बाकी बची शहरी आबादी की बात करें तो उसके सामने भी तरह-तरह की ज्वलंत समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। देश में तेजी के साथ होते शहरीकरण के चलते ही आज देश के अधिकांश शहर अव्यवस्थित शहरीकरण के गंभीर रूप से शिकार होकर के समस्याओं के अंबार से बुरी तरह से घिर गये हैं। शहरों के मूलभूत सुविधाओं के ढांचे पर तेजी से बढ़ती शहरी आबादी का बोझ इतना अधिक बढ़ गया है, उस बोझ को उठाने में अब हमारे शहरों का सिस्टम जवाब देने लगा है। आज सिस्टम अपने शहर के निवासियों को गुणवत्तापूर्ण एक औसतन जीवन शैली देने में विफल होता जा रहा है। आज शहर के लोगों के सामने 'सुरसा' की तरह गंभीर समस्याएं मुंह खोल कर तैयार खड़ी हैं, शहरों का इंफ्रास्ट्रक्चर तेजी से बढ़ती आबादी का बोझा उठाने में बार-बार विफल हो रहा है। हाल ही में दिल्ली सहित देश के कुछ अन्य भू-भागों में आयी बाढ़ भी इस स्वरूप का एक हिस्सा था। आज शहरों में तेजी से बढ़ती आबादी को गुणवत्तापूर्ण रोजी-रोटी, शिक्षा, चिकित्सा, आवास, स्वच्छ पेयजल, सुरक्षित कचरा निस्तारण प्रबंधन, स्वच्छ वायु, प्रदूषण मुक्त आवोहवा उपलब्ध करवाना, बेहतर परिवहन व्यवस्था, पार्किंग, सीवरेज सिस्टम उपलब्ध करवाना एक बहुत बड़ी चुनौती बन गयी है। सिस्टम के सामने शहरों को झुग्गी-झोपड़ियों, गंदी मलिन बस्तियों की समस्या से निजात दिलवाने की बहुत बड़ी चुनौती खड़ी है, आज शहरों में सुचारू यातायात व्यवस्था, कानून व्यवस्था, सामाजिक सुरक्षा का माहौल बनाकर रखना एक बड़ी चुनौती है। तेजी से शहरीकरण की प्रक्रिया के चलते आज संयुक्त परिवार एकाकी परिवार में बदल रहे हैं, देश के शहरों में परिवारों का आकार बहुत तेजी के साथ सिकुड़ता जा रहा है, आपसी रिश्ते व नातेदारी के संबंध बेहद कमजोर हुए हैं, जिसके चलते तेजी से विघटित होते परिवारों की अपनी ही बेहद गंभीर समस्याएं हैं, उनका निदान करना बेहद चुनौतीपूर्ण है। समाज में व्याप्त आर्थिक असमानता और निर्धनता के चलते लोगों व सिस्टम के सामने विभिन्न प्रकार की गंभीर समस्याएं हर वक्त खड़ी रहती हैं। देश में शहरों के अव्यवस्थित विकास के चलते प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन हो रहा है, जिससे चलते गंभीर प्रवृत्ति की पर्यावरण व प्रकृति से जुड़ी नित-नयी गंभीर समस्याएं खड़ी हो रही हैं। शहरीकरण के चलते गांव व शहर दोनों जगहों पर लैंगिक अनुपात में अंतर पैदा हो रहा है, जो परिवार व समाज में विभिन्न समस्याओं की जननी है। हालांकि तेजी से होते शहरीकरण की प्रक्रिया ने देश में कुछ बेहद आवश्यक सकारात्मक बदलाव करने के कार्य भी किये हैं, शहरों में आकर लोगों की आय में वृद्धि तो हुई है। उनका परिवार पढ़ाई-लिखाई, महिलाओं व बच्चों के घरेलू व सामाजिक हालात को बेहतर करने पर ध्यान देता है, जिसके चलते शहरी क्षेत्रों में महिलाओं व बच्चों की परिस्थिति ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में काफी बेहतर है, वहीं शहरीकरण ने तेजी के साथ सकारात्मक रूप से देश की राजनीतिक परिस्थितियों में व्यापक बदलाव करते हुए, देश के चुने हुए जनप्रतिनिधियों को आम जनमानस के प्रति जवाबदेह बनाने का एक कार्य भी किया है।

**देश में तेजी के साथ होते इस शहरीकरण का सबसे दुखद पहलू यह है कि हम लोग नित-नयी समस्याओं से जूझने के चलते औसत स्तर का जीवन जीने से भी वंचित होते जा रहे हैं।**

## बोधि वृक्ष

### आइये सुने कथा चंद्रगुप्त मौर्य की

''***किसकी*** हिम्मत है जो सम्राट चंद्रगुप्त की आज्ञाओं का उल्लंघन करे''–चंद्रगुप्त ने इस प्रकार उत्तर दिया जैसे सचमुच ही वह राजा हो और वह ब्राह्मण जो और कोई नहीं भारतीय नीति शास्त्र के पंडित चाणक्य थे, उस उत्तर से वे बड़े प्रभावित हुए। उन्होंने बालक चंद्रगुप्त को एक उदीयमान प्रतिभा के रूप में देखा और लगा कि उनकी खोज पूरी हो गयी है। उस समय चाणक्य किसी ऐसे युवक की तलाश में थे जिसे आगे कर वे भारत को एक राष्ट्र के रूप में संगठित कर सकें। उस समय भारतवर्ष अनेक छोटे-बड़े राज्यों में बिखरा हुआ था। जिनके अधिपति राजा-महाराजा वीर तो थे परंतु अपने संकीर्ण स्वार्थों और संकुचित हितों के लिए ही परस्पर लड़ते-मरते रहते थे। फूट और तज्जनित वैमनस्यता के कारण उन्हें अपने राष्ट्रीय हितों का भी ध्यान नहीं रहता था। उस समय भारत में चारों ओर धन संपदा बिखरी पड़ी थी। आपसी फूट और बिखराव से लाभ उठाकर विदेशी लुटेरे तथा सम्राट यहां आ आकर अपना भंडार भर लेते थे। विदेशी आक्रमण-धर और जन ही नहीं यहां की संस्कृति को भी लूटने और तहस-नहस करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ते थे। यही कारण था कि चाणक्य को तक्षशिला का विद्यापीठ छोड़कर गांव-गांव भटकने के लिए विवश होना पड़ा। पंडितों और ब्राह्मणों का एक महत कर्तव्य यह भी है कि वे संस्कृति और धर्म की रक्षा के लिए अपने पद, गौरव और ऐश्वर्य को भूलकर प्राणपण से प्रयत्न करे। चाणक्य इसी कर्तव्य बोध से तक्षशिला का प्रतिष्ठित आचार्य पद छोड़कर पहले मगध सम्राट के पास पहुंचे थे। मगध उस समय भारत का सबसे बड़ा राज्य था। इस राज्य का राजा था नंद। चाणक्य ने नंद को सलाह दी कि वह बिखरे राष्ट्र को एक सूत्र में बांधकर संगठित करे।

*(क्रमशः)*

# टीकाकरण व अवेयरनेस से जीवन रेखा में उल्लेखनीय सुधार



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

स्वास्थ्य

***यदि*** कोरोना प्रकोप छोड़ दिया जाय तो अब इसमें कोई दो राय नहीं कि दुनिया के देशों में जीवन रेखा में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के समग्र प्रयासों का परिणाम है कि अपने समय की जानलेवा बीमारियां टीबी, मलेरिया, टाइफाइड, पोलियो, पीलिया, डायरिया आदि पर काफी हद तक कंट्रोल कर लिया गया है। दुनिया के देशों में बाल मृत्यु दर लगभग आधी रह गई है तो प्रसव के दौरान मातृ मृत्यु दर भी करीब एक तिहाई रह गई है। संस्थागत प्रसव ने हालात में तेजी से सुधार किया है। दुनिया के अधिकांश देशों में संक्रामक रोगों का असर भी कम हुआ है तो डेंगू, स्वाइन फ्लू व इसी तरह की कुछ जानलेवा बीमारियां सामने आने लगी हैं। पिछले कुछ दशकों से हमारे देश ही नहीं दुनिया के लगभग अधिकांश देशों में स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इसके लिए वैक्सिनेशन अभियान और सरकारों द्वारा अनवरत रूप से चलाये जाने वाले अवेयरनेस और नियंत्रण अभियानों से हालात में तेजी से सुधार हुआ है। लोगों की जीवन प्रत्याषा में बढ़ोतरी हुई है। कोरोना के अपवाद को अलग कर दिया जाय तो जहां 2000 में औसत आयु 67 साल होती थी वह 2019 तक बढ़ कर 73 साल हो गई है। यानी 19 सालों में छह साल अधिक जीने लगे हैं आम नागरिक। यह अपने आप में बड़ी उपलब्धी है सरकारों और स्वास्थ्य सेवाओं की। यदि हमारे देश की ही बात करें तो जच्चा-बच्चा सुरक्षा अभियान के तहत महिला के प्रेगनेंट होने के साथ से ही नियमित जांच, दवा और टीकों का अभियान चलने के साथ ही प्रसव के बाद बच्चों की सुरक्षा और भविष्य में बीमारी ना हो इसके लिए नवजात बच्चों को मासिक, त्रैमासिक, छमाही, वार्षिक के साथ ही पांच-सात साल की उम्र होने तक जिस तरह से अलग-अलग बीमारियों से सुरक्षा के लिए टीके लगाये जा रहे हैं और सरकारी डिस्पेंसरियों में वार विशेष को टीका लगाने की व्यवस्था होने से लोगों में अवेयरनेस आई है और इसका सकारात्मक परिणाम प्राप्त होने लगा है। टीकाकरण और समय-समय पर एनिमिया, दस्त निरोधक, कृमि नाशक दवाएं अभियान चलाकर उपलब्ध कराने से सेहत के क्षेत्र में लगातार सुधार आया है। यह वास्तव में चिकित्सा जगत की बड़ी उपलब्धि मानी जानी चाहिए और इसके लिए सरकारों व स्वास्थ्य सेवा से जुड़े लोगों को श्रेय दिया जाना चाहिए। उन्हीं के प्रयासों से यह संभव हो पाया है। एक तरफ स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार से जीवन रेखा बढ़ी है तो तस्वीर का धुंधला पहलू यह भी सामने आना लगा है कि जो चीजें हमें प्रकृति से आसानी से मिल जाती है जिन तक सहज पहुंच है उन्हीं की डेफिसिएंसी ज्यादा होने लगी है। यह सब हमारे रहन-सहन, खान-पान और दौड़ती भागती जिंदगी का परिणाम है। आज लोगों में विटामिन डी या सी की कमी आम होती जा रही है। जबकि हम जानते हैं कि चंद मिनटों यानी पांच-सात मिनट प्रतिदिन धूप सेवन ये विटामिन डी की डेफिसिएंसी को दूर किया जा सकता है पर हालात यह हो गये कि हम केमिकल से तैयार दवा लेने को तैयार है पर पांच मिनट धूप सेवन के लिए हमारे पास समय की कमी है। हालांकि मेट्रो सिटीज में गगनचुंबी अट्टालिकाओं के कारण सूर्य भगवान से साक्षात्कार करना लगभग मुश्किल भरा हो जाता है। इसी तरह से काम धंधे की भागदौड़ में धूप सेवन जैसी प्रकृति से सीधे साक्षात्कार का अवसर लाभ नहीं ले पाते हैं। और तो और रंग काला हो जायेगा इसी के चलते धूप से परहेज किया जाने लगा है। इसी तरह से बच्चों का मिट्टी में खेलने तो अब सपना रह गया है। परंपरागत खेल जो शारीरिक व मानसिक व्याधियों से बचाने में सहायक होते थे आज कहीं नेपथ्य में चले गये हैं। आज पैसा खर्च कर जिम में जाकर पसीना बहाने को तैयार है पर प्राकृतिक रूप से मिलने वाले उपहार धूप, हवा और पानी से दूर होते जा रहे हैं। एक कारण बढ़ता प्रदूषण भी है।

**कोरोना के अपवाद को अलग कर दिया जाय तो जहां 2000 में औसत आयु 67 साल होती थी वह 2019 तक बढ़ कर 73 साल हो गई है। यानी 19 सालों में छह साल अधिक जीने लगे हैं आम नागरिक।**

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# दिल्ली बिल से लोकतंत्र जीता, आप हारी



ललित गर्ग

राजनीति

***आखिरकार*** केजरीवाल सरकार के अधिकार सीमित करने वाला दिल्ली सर्विस बिल राज्यसभा में भी पास हो गया। सोमवार को राज्यसभा में बिल के समर्थन में 131 व विरोध में 102 वोट पड़े। बहरहाल, अब संसद के दोनों सदनों से पारित होने के बाद बिल राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के उपरांत कानून का रूप ले लेगा। केंद्र सरकार ने केजरीवाल सरकार की मनमानी, भ्रष्टाचार एवं अनियमिताओं पर नियंत्रण लगाने के लिये इस बिल को सफलतापूर्वक पारित कर लिया है, इससे विपक्ष और विशेषकर कांग्रेस की भी हार एवं किरकिरी हुई है। आम आदमी पार्टी की जिद, अहंकार एवं राजनीतिक महत्वाकांक्षा लोकतंत्र के मंदिर 'संसद' में संविधान के सामने परास्त हो गई। क्योंकि संविधान केवल अधिकार नहीं देता, शुद्ध आचरण की अपेक्षा भी करता है। निःसन्देह यह भाजपा सरकार की ऐतिहासिक जीत इसलिये है कि क्योंकि पहले कयास लगाये जा रहे थे कि राजग के सभी सहयोगियों के वोट मिलने के बावजूद केंद्र सरकार राज्यसभा में बिल को पारित नहीं करवा पायेगी। वह भी तब जब एक-दूसरे पर लगातार हमलावर रहने वाले आप व कांग्रेस समेत इंडियन नेशनल डिवेलपमेंटल इन्क्लुसिव अलायंस 'इंडिया' के सभी घटक दल बिल के खिलाफ एकजुट हो चुके थे। दरअसल, लोकसभा में बहुमत होने के चलते राजग सरकार ने बिल आसानी से पास करा लिया था, लेकिन राज्यसभा में बहुमत न होने ने उसकी चिंता बढ़ा दी। ऐसे वक्त में ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के बीजू जनता दल तथा जगन मोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआरसीपी ने राजग की नैया पार लगा दी। निश्चित रूप से 'इंडिया' गठबंधन की बड़ी नाकामी है। भ्रष्टाचार एवं अन्य लोकतांत्रिक मूल्यों के हनन के कारण इस तरह की पराजय नये भारत के लिये जरूरी भी है, दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी होने के बावजूद आम आदमी पार्टी और उसके नेता अरविन्द केजरीवाल ने अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के लिये दिल्ली की जनता के प्रति निरन्तर संवेदनहीनता का प्रदर्शन किया है, जिसका खामियाजा उनके प्राप्त अधिकारों के पर कतरने के रूप में सामने आया है, और इन्हीं कारणों के चलते यह संशोधन लाना पड़ा है। केंद्र सरकार के 'दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र शासन संशोधन विधेयक 2023' पर आम आदमी पार्टी और उसके साथ खड़े सभी राजनीतिक दलों को मुंह की खानी पड़ी। याद रखें कि आम आदमी पार्टी ने इस विधेयक को पारित होने से रोकने के लिए ऐड़ी-चोटी का जोर लगाया था। आप के सर्वेसर्वा एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सभी गैर-भाजपा सरकारों के मुख्यमंत्रियों एवं भाजपा विरोधी राजनीतिक दलों से बिल पर समर्थन जुटाने के लिए 'भारत भ्रमण' तक कर लिया था। दिल्ली कांग्रेस के विरोध के बाद भी कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व को मजबूर कर दिया कि वह लोकसभा और राज्यसभा में इस विधेयक के खिलाफ आम आदमी पार्टी का साथ दें। इसके बाद भी आप पार्टी के हाथ जब कुछ नहीं आया, तो उसके नेताओं ने अन्य अनैतिक एवं अलोकतांत्रिक रास्ते भी अपनाने का प्रयास किया। राज्यसभा में आप के सांसद राघव चड्ढा ने इस बिल को सिलेक्ट कमेटी के पास भेजे जाने का प्रस्ताव रखा। सत्ता पक्ष के पांच सदस्यों ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि उनकी सहमति के बिना प्रस्ताव में उनके नाम डाले गये जिसे हद दर्जे की मनमानी, फजीर्वाड़ा और अपराध मानते हुए इस मामले को विशेषाधिकार समिति के पास भेजे जाने की मांग की, उपसभापति हरिवंश ने इसकी जांच की बात कही है। संभव है इस पर आप के सांसद राघव चड्ढा को सजा हो। दिल्ली सरकार में तरह-तरह के भ्रष्टाचार एवं जालसाजी के किस्से आम बात हो गयी थी, विडम्बना है कि देश की भोलीभाली जनता को इन भ्रष्टाचारों को भाजपा की चाल करार देकर सहानुभूमि जुटाने में माहिर आप सरकार ने संसद को भी नहीं बख्शा।

**आम आदमी पार्टी की जिद, अहंकार व राजनीतिक महत्वाकांक्षा लोकतंत्र के मंदिर 'संसद' में संविधान के सामने परास्त हो गई। क्योंकि संविधान केवल अधिकार नहीं देता, शुद्ध आचरण की अपेक्षा भी करता है।**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासी समाज के लोगों ने निकाली आक्रोश रैली

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**
विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर बुधवार को सैकड़ों आदिवासी महिला-पुरुषों ने सरकार पर शोषण व दमन का आरोप लगाते हुए तख्ती व बैनर के साथ नारेबाजी करते हुए आक्रोश मार्च निकाला। यह पशु बाजार से शुरू होकर सिमरिया चौक से टाउन हॉल में पहुंच कर सभा में तब्दील हो गई।



इस दौरान आदिवासियों ने पारंपरिक हरवे-हथियारों के साथ आक्रोश व्यक्त करते हुए कोल खनन परियोजनाओं के संचालन से संस्कृति पर पड़ने वाले गहरा प्रभाव तथा जल, जंगल व जमीनों से आदिवासियों को बेदखल करने की कोशिशों की निंदा की गई। वहीं केंद्र सरकार से मणिपुर हिंसा में अविलंब रोक लगाने की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि मणिपुर में आदिवासियों का शोषण व दमन असहनीय हो चुका है, सरकार जल्द से जल्द नियंत्रण करे।अन्यथा आदिवासी समाज बड़े पैमाने पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। विश्वजीत उरांव ने कहा केंद्र सरकार के इशारे पर केंद्रीय परियोजनाऐं आदिवासियों की जमीनों को अविलंब लूटना बंद करें अन्यथा समाज सबक सिखाएगा। महिला वक्ताओं ने सरकार से सरना धर्म कोड लागू करने की मांग की। इस मौके पर मोहन टोप्पो, सुरेन्द्र उरांव, दिनेश उरांव, रीता उरांव, जीतनी उरांव, महेश उरांव, मनोज उरांव, बोले उरांव, किशोर उरांव समेत सैकड़ों महिला-पुरुष मौजूद थे।

## देश के विकास में आदिवासी समाज का महत्वपूर्ण योगदान : जिप उपाध्यक्ष

**चतरा।** विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी शामिल हुए। इस मौके पर तिवारी ने कहा कि यह दिन आदिवासी लोगों को वैश्विक मंच पर अपने विचार और चिंताओं को व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। इसका उद्देश्य सरकारों, गैर-सरकारी संगठनों और आम जनता के बीच आदिवासी मुद्दों की बेहतर समझ को बढ़ावा देना है। पिछले कुछ वर्षों में आदिवासी अधिकारों और कल्याण के विशिष्ट पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए विभिन्न विषयों को चुना गया है। तिवारी ने कहा कि इतिहास गवाह है कि समय आने पर वे देश की रक्षा के लिए डटे रहे और अपना सर्वोच्च बलिदान भी दिया। आदिवासी समाज के शहीद बिरसा मुंडा, वीर नारायण सिंह, वीर गुंडाधूर, रानी दुर्गावती, जैसे असंख्य क्रांतिवीरों को मैं इस अवसर पर नमन करता हूं। देश के विकास में आदिवासी समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मूसलाधार बारिश के बावजूद तिवारी मांदर की थाप पर खूब थिरके। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी हूलास महतो, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक शर्मा, भाजपा नेता रामदेव सिंह भोक्ता, दिलीप उरांव, सिकंदर सिंह खरवार,नरेश सिंह खरवार, सुरेन्द्र उरांव, विजय उरांव, मनोज उरांव, पोली उरांव आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।



## विश्व आदिवासी दिवस पर लातेहार जिले में कई कार्यक्रमों का आयोजन

# संस्कृति के रक्षक-पूजक हैं आदिवासी : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
प्रखंड क्षेत्र में विश्व आदिवासी दिवस बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर स्थानीय खीस्त राजा उच्च विद्यालय के प्रांगण में आदिवासी आयोजन समिति के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से सबका मन माह लिया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि लातेहार विधायक बैधनाथ राम, जेएमएम जिला अध्यक्ष लाल मोती लाल नाथ शाहदेव, जिला सचिव शमशुल होदा समेत बीडीओ विजय कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर बबलू कुमार का स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक बैधनाथ राम ने कहा कि आदिवासी संस्कृति के रक्षक के साथ साथ पूजक भी है। आदिवासियों का बोलना आदिवासियों का चलना ही नृत्य है। अगर आदिवासी न होते तो आज जंगलों का अस्तित्व खत्म हो जाता। आदिवासी समुदाय का हर त्योहार प्रकृति से जुड़ा हुआ है। चाहे वह करमा हो या सरहुल का त्योहार हो आदिवासी हर त्योहार में प्रकृति की ही पूजा करते हैं। जेएमएम जिला अध्यक्ष मोती लाल नाथ शाहदेव ने कहा कि आज पूरे विश्व में आदिवासी दिवस मनाया जा रहा है जो हम सबो के लिए बड़े गौरव की बात है।

विधायक बैधनाथ राम के द्वारा मंच से खीस्त राजा विद्यालय में सामुहिक कार्यक्रम हेतु शेड निर्माण की घोषणा की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जेएमएम जिला सचिव शमशुल होदा, पुलिस इंस्पेक्टर बबलू कुमार, बीडीओ विजय कुमार, सुदामा प्रसाद, जेएमएम युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रंजीत उरांव, समिति के अध्यक्ष सुमन सुनील सोरेंग, शितमोहन मुंडा, प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, जेएमएम प्रखंड सचिव मो इजहार, माल्हन मुखिया जतरु कुमार मुंडा, जमीरा मुखिया दुर्गावती देवी, पड़हा राजा धनेश्वर उंराव, मो सरफराज, ब्रह्मदेव प्रजापति समेत बड़ी संख्या में आदिवासी लोग मौजूद थे।



### महुआडांड़ में धूमधाम से मना आदिवासी दिवस

**महुआडांड़।** प्रखंड में विश्व आदिवासी दिवस पर छेछाड़ी आदिवासी युवा जागृति मंच महुआडांड़ के तत्वाधान में मंगलवार को मोटरसाइकिल जुलूस व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जुलूस शहीद चौक से निकल कर प्रखंड परिसर पहुंचा। प्रखंड परिसर स्थित जीतू किसान, मिट्ठू किसान की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। बिरसा चौक पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जुलूस 21 पड़ाह स्थल चटकपूर पहुंचा, जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर जेरोम जेराल्ड कुजूर, चटकपूर युथ, जेरोम जेराल्ड कुजूर, फादर दिलिप एक्का, अजीत पाल कुजूर, विनोद उरांव, प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, उप प्रमुख अभय मिंज, इफ्तेखार अहमद समेत सभी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि व कई लोग मौजूद थे। वहीं प्रखंड के जन जातीय आवासीय विद्यालय में भी विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। इस मौके पर प्राचार्य गिरजाराम की उपस्थिति में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विश्व आदिवासी दिवस पर निकाली गई आक्रोश महा रैली



### पारंपरिक हथियार के साथ पैदल मार्च किया

**बालूमाथ।** विश्व आदिवासी दिवस पर प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू हाई स्कूल परिसर से हजारों की संख्या में आदिवासी महिला-पुरुष मुख्य मार्ग से पैदल मार्च करते हुए थाना चौक मुरपा मोड़ होते हुए बिरसा मैदान पहुंचे, जहां आक्रोश महारैली सभा में बदल गई। रैली के दौरान आदिवासियों पर अत्याचार करना बंद करो सहित कई नारे लगाए गए। प्रभु दयाल उरांव, नरेश उरांव, प्रदीप गंझू, नागदेव भगत, नरेश लोहरा, संतु उरांव, रामलाल भगत सहित कई गणमान्य लोगों ने सभा को संबोधित किया। मौके पर जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव, जगदीश उरांव, रमेश उरांव, दिलीप उरांव, रीना उरांव, रूपों उरांव, शांति उरांव, तेतरा उरांव, अनुज उरांव, सुरेंद्र उरांव, प्रीतलाल यादव, मो. इमरान राजूरामबृक्ष लोहरा, राजेन्द्र गंझू, चन्र्देव उरांव, राकेश लोहरा, रामवृक्ष गंझू, राजेन्द्र गंझू, प्रेम भोग्ता, विजय उरांव, बलराम भगत, प्रमेशवर गंझू सभ्भू गंझू, भगवती उरांव, उर्मिला उरांव, रोहनी मुंडा, संध्या उरांव, प्रकाश भोगत, माधो सिंह, प्रभात मिंज, सुरेंद्र गंझू, उदय उरांव, रामकेवल उरांव, इमरान खान आदि उपस्थित थे।



## 'अधिकांश आदिवासी लोग जी रहे जिल्लत भरी जिंदगी'

**नवीन मेल संवाददाता। मनिका**
झारखंड की 86.5 लाख आदिवासी जनसंख्या में से अधिकांश आज शोषण, उत्पीड़न, भय, पलायन, भूख, कुपोषण, एनीमिया जैसी असंख्य समस्याओं के कारण जिल्लत भरी जिंदगी व्यतीत करने को विवश हैं। अमीरी की कोख से गरीबी पैदा होती रही है। देश के विकास के लिए राज्य 40 फीसदी खनिज संपदा का योगदान करता है। यहां की कुल भूमि का लगभग 29 प्रतिशत वनभूमि जो मूलतः आदिवासी इलाकों में अवस्थित है, जंगलों को बचाकर जलवायु परिवर्तन के संकट से भी देश और दुनिया को बचाने में लोग अहम भूमिका निभा रहे हैं। बावजूद इसके हाल ही में संयुक्त राष्ट्र संघ की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देश का हर दूसरा आदवासी गरीबी की चपेट में है। उक्त बातें सामाजिक कार्यकर्ता जेम्स हेरेंज ने मनिका में विश्व आदिवासी दिवस पर जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं।




इससे पूर्व मनिका हाई स्कूल से एक विशाल सांस्कृतिक रैली निकाली गई। रैली के दौरान लोग वन संरक्षण संशोधन विधेयक 2023 - वापस लो, वापस लो, समान नागरिक संहिता आदिवासियों पर थोपना - बंद करो, बंद करो, महिलाओं का यौन उत्पीड़न - बंद करो, बंद करो, आदिवासियों पर अत्याचार करना - बंद करो, बंद करो, आदिवासियों की लूटी गयी जमीन - वापस करो, वापस करो, झारखंड सरकार पेसा नियमावली - लागू करो, लागू करो जैसे नारे लगाते हुए प्रखंड परिसर पहुंचे। यहां कार्यक्रम का प्रारंभ प्रसिद्ध बॉलीवुड टाइटल गायिका मेघा श्रीराम डाल्टन के सुमधुर आदिवासी गानों से किया गया। बिपिन बिहारी, पचाठी सिंह, लालबिहारी सिंह, दिलीप सिंह, मनोरमा, सीमा देवी मौजूद रहे।

## 'वन संरक्षण अधिनियम में संशोधन लूट को बढ़ावा देगा'

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
प्रखंड के पुराना प्रखंड परिसर में विश्व आदिवासी दिवस पर संयुक्त ग्राम सभा के बैनर तले रैली एवं आम सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रखंड के विभिन्न गांवों से काफी संख्या में ग्राम प्रधान समेत आदिवासी समुदाय के लोग शामिल हुये।




जुलूस नगर भ्रमण करता हुआ रेन बसेरा परिसर पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह ने कहा कि आदिवासियों ने इस दुनिया को बचा रखा है। आदिवासी जल जंगल जमीन का रखवाला है, लेकिन आज आदिवासी की जल जंगल जमीन पर चौतरफा हमला हो रहा है। कन्हाई सिंह ने केंद्र की भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि वन संरक्षण अधिनियम में संशोधन जंगल की लूट को बढ़ावा देगा। कन्हाई सिंह ने कहा कि आदिवासी समाज समान नागरिक संहिता का पुरजोर विरोध करता है। भाकपा माले के जिला सचिव बिरजू राम ने कहा कि मणिपुर में भाजपा सरकार के संरक्षण में आदिवासियों के खिलाफ हिंसा हो रही है, लेकिन केंद्र की मोदी सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। श्रीराम ने एकजुट होकर भाजपा सरकार का विरोध करने का आह्वान किया। केदार सिंह ने कहा कि आदिवासी समाज में शिक्षा के प्रचार प्रसार को बढ़ावा देने की जरूरत है। वहीं प्रखंड के विभिन्न गांवों के प्रधानों ने पेसा कानून एवं वन अधिकार कानून के मुद्दों को जोर शोर से उठाया। झारखंड सरकार से आग्रह किया कि लंबित सामुदायिक वन पट्टा के आवेदन का जल्द से जल्द निष्पादन किया जाए। कार्यक्रम को विमल सिंह, महेंद्र सिंह, मकलदेव सिंह, सिलास गुडिया, निरंजन कुमार, विनीता देवी आदि शामिल हुए।

## संक्षिप्त

### पौधरोपण कर मनाया विश्व आदिवासी दिवस

**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत आदिवासी पहाड़ा भवन परिसर में पौधरोपण कर विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। मौके पर राजी पाड़हा सरना प्रार्थना सभा प्रखंड महासचिव रामप्रीत लोहरा, शिक्षक सुरेश उरांव, जिला अध्यक्ष अशोक उरांव, राजदेव उरांव, सुरेश उरांव, राजकुमार उरांव, उमेश उरांव सचु उरांव, रिक्शोना उरांव, मुनिया उरांव, सुमन उरांव, मालती उरांव आदि उपस्थित रहे।

### हरिनाम संकीर्तन को लेकर निकली कलश यात्रा

**हंटरगंज।** हंटरगंज प्रखंड के पांडेयपुरा पंचायत के करानी गांव में दो दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन को लेकर गुरुवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। मौके पर मुखिया प्रतिनिधी सुजील रजक,पंचायत समीति लखन दास , आकाश कुमार, दीपक कुमार, संदीप कुमार, अमीत कुमार, अजीत कुमर, प्रदीप कुमार, अनुज, समस्त ग्रामीण समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजन को सफल बनाने के लिए रामकृत पासवान अहम भूमिका निभाया।

### जमीन विवाद से जुड़े 12 मामलों का निपटारा

**प्रतापपुर।** प्रतापपुर थाना परिसर में बुधवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी जुल्फिकार अंसारी व संचालन पुलिस निरीक्षक लव कुमार ने किया। इस दौरान जमीन विवाद से जुड़े 16 मामलों में 12 का निबटारा आन स्पाट किया गया। शेष मामलों का निष्पादन कागजातों के निरीक्षण एवं स्थलीय जांच के बाद करने का निर्देशदोनों पक्षों को दिया गया।

### गिद्धौर थाना क्षेत्र में सर्प दंश से वृद्ध की मौत

**गिद्धौर।** गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंदवारी गांव की 65 वर्षीय बिमल देवी की मौत बुधवार को सर्प दंश से हो गई। वृद्धा अपने खेत में काम कर रही थी, उसी क्रम में महिला को विषैले सर्प ने डंस लिया, उसके बाद महिला को गंभीर स्थिति में अस्पताल परिजन ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 42 यूनिट रक्त संग्रह

**चंदवा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्टूडेंट फॉर सेवा के तत्वाधान में झारखंड प्रांत के एसएफएस प्रांत सह संयोजक कुमार नवनीत के नेतृत्व में बुधवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गय( शिविर में 24 लोगों ने रक्तदान किया। मौके पर एलटी चंदन सिंह, एलटी हरिशंकर मिश्र, मो गालिब आदि मौजूद थे।

### प्रशिक्षण प्राप्त कर 20 महिलाएं बनीं आत्मनिर्भर

**महुआंडाड़।** विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष में स्वतंत्रता के 75 वर्ष के अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव के तहत प्रखंड के चंपा पंचायत की आदिम जनजाति, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति की 20 महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नेशनल जुट बोर्ड (वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार) के संयुक्त तत्वाधान में जन सहभागी विकास केंद्र द्वारा 10 दिवसीय प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया गया।

### जिप उपाध्यक्ष ने योजनाओं का किया शिलान्यास

**बालूमाथ।** पश्चिमी जिला परिषद सदस्य अनीता देवी ने बुधवार को प्रखंड के चेताग पंचायत क्षेत्र में 15 वें वित्त आयोग मद से विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। चेताग ग्राम में देवी मंडप से लखन यादव के घर तक पीसीसी पथ निर्माण एवं पकरी ग्राम में रामचंद्र परहिया के घर से शनिचर परहिया के घर तक नाली निर्माण किया जायेगा। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष नागदेव उरांव, आशीष ओझा, जितेंद्र कुमार, मो रईस, मो रसूल, विक्रांत सिंह, रंजीत लाल नारायण राम, बिशून ठाकुर एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### युवा कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाया गया

**महुआडांड।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जिला परिषद (डाक बंगला) के परिसर में युवा कांग्रेस का 63वां स्थापना दिवस बुधवार को मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमीर सोहेल ने किया, जबकि संचालन कांग्रेस नेता अजीत पाल कुजूर ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मो. इफ्तेखार अहमद, विशिष्ट अतिथि प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रिडोल्फ खलखो प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, प्रखंड 20सूत्री अध्यक्ष सह प्रखंड उपप्रमुख अभय मिंज, 20सूत्री सदस्य रामनरेश ठाकुर, मुखिया सुषमा कुजूर, उषा खलखो, प्रमिला मिंज, रेणु तिग्गा, रोशनी कुजूर, कमला किंडो, रीता कुजूर, रानू खान, तनवीर अहमद उर्फ रिंकु, नुरूल अंसारी, शकील अहमद (पपू), नितिन टोप्पो आदि मौजूद थे।

### 27 वर्ष से फरार आर्म्स एक्ट का आरोपी धरा

**बालूमाथ।** थाना पुलिस ने लाल वारंटी राकेश सिंह को गिरफ्तार कर लातेहार न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इसके बारे में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर थाना क्षेत्र के बालू ग्राम निवासी लाल वारंटी राकेश सिंह पिता रावण सिंह को गिरफ्तार किया गया है, जो वर्ष 1996 में आर्म्स एक्ट का आरोपी है। वह बीते 27 वर्षों से फिरार चल रहा थ।

### फरार आरोपी के घर चिपकाया गया इश्तेहार

**महुआडांड़।** जिला सिमडेगा के कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत पुतरीटोली ग्राम में 8 अगस्त को मनोज साहू पिता स्व. रामनिवास साहू के घर पर नेतरहाट पुलिस द्वारा इश्तहार चिपकाया गया। ज्ञात हो कि मनोज के ऊपर 15 वर्षीय लड़की को बहला फुसला कर दिल्ली में बेच देने का आरोप है। इस संदर्भ में नेतरहाट थाने में 5 अक्टूबर 2021 को मामला दर्ज हुआ था। उसके बाद से मनोज फरार चल रहा है।

### आदिवासी दिवस पर हुयी खेल प्रतियोगिता

**लातेहार।** विश्व आदिवासी दिवस पर जिला खेल स्टेडियम में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बालक वर्ग के लिए 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 4 गुना 100 मीटर रिले, 4 गुना 400 मीटर रिले दौड़ का आयोजन किया गया। बालिका वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 4 गुना 100 मीटर रिले, 4 गुना 400 मीटर रिले दौड़ का आयोजन किया गया। वहीं पहला फुटबॉल मैच गारू व बरवाडीह की टीम के बीच खेला गया, जिसमें गारू की टीम जीती।

## राजनीति | युवा व्यवसायी नौशाद ने ली जेएमएम की सदस्यता

# युवाओं को रोजगार दे रही सरकार : राम

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
स्थानीय पथ निर्माण विश्रामागगार में जेएमएम की ओर से आयोजित मिलन समारोह में लातेहार विधायक बैधनाथ राम व जिला अध्यक्ष मोती लाल नाथ शाहदेव की मौजूदगी में प्रखंड के युवा व्यवसायी नौशाद अंसारी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सह प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन प्रखंड सचिव मो इजहार कर रहे थे।



इस मौके पर विधायक राम ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार प्रदेश की बेहतरी के लिए कार्य कर रही है। युवाओं को रोजगार मुहैया कराया जा रहा है। युवाओं के पार्टी में आने से निश्चित ही पार्टी को मजबूती मिलेगी। वहीं जिला अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन और राज्य के युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में आज जेएमएम राज्य में काफी तेज गति से आगे बढ़ रहा है और यही वजह है कि उसके प्रति युवाओं का रुझान बढ़ा है। मिलन समारोह में नौशाद अंसारी, सामु अंसारी, शाहिद अंसारी, मंसूर अंसारी रियाजुल अंसारी, कयामुद्दीन अंसारी समेत पचास युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है।

मौके पर लातेहार जिला सचिव शमशुल होदा, केंद्रीय कार्य समिति सदस्य दीपू कुमार सिंहा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रंजीत उरांव, सुदामा प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष शितमोहन मुंडा, प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, पूर्व उप प्रमुख हाजी फिरोज अहमद, माल्हन मुखिया जतरु कुमार मुंडा, मो. सरफराज, विपिन तिवारी, डब्लु प्रजापति, बबलू राही, तिलैयाटांड़ अंजुमन के सदर मो अब्दाल, अजमतुल्ला अंसारी, रशीद खान, ब्रह्मदेव प्रजापति, हरि भगत, मोकिम आलम समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# लातेहार में वाराणसी-रांची इंटरसिटी का हुआ ठहराव

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
लंबे अरसे के बाद लातेहार रेलवे स्टेशन में रांची-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस (18611 व 18612) का ठहराव हुआ। मंगलवार देर रात करीब 10:44 बजे ट्रेन (18612) वाराणसी से लातेहार रेलवे स्टेशन पहुंची। ट्रेन के चालक व गार्ड का माल्यापर्ण कर स्वागत किया गया। इसके बाद पूर्व विधायक प्रकाश राम, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे और भाजपा अल्पसंख्यक मोरचा के जिला अध्यक्ष मो महताब आलम ने संयुक्त रूप से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



इस मौके पर पूर्व विधायक प्रकाश राम ने कहा कि सांसद सुनील सिंह के अथक प्रयास से इस ट्रेन का लातेहार में ठहराव संभव हो सका है। इस ट्रेन का फिर से लातेहार में ठहराव होने से स्थानीय लोगों को वाराणसी जाने-आने में काफी सहुलियत होगी। मो महताब आलम ने कहा कि कोरोना काल के बाद इस ट्रेन का लातेहार में ठहराव बंद हो गया था। इसके बाद से लोग काफी परेशान थे। बता दें रांची-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस (18611) रांची से रात 8 : 45 में चलकर लातेहार रेलवे स्टेशन पर रात्रि 12 : 34 पहुंचेगी। मौके पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल, पवन कुमार साहु, रामदेव सिंह, अनिल सिंह, मुकेश पांडेय, परशुराम लोहरा, राकेश कुमार, राजकुमार पाठक, लव सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस पर बोला हमला, कहा-

# वंशवाद, भ्रष्टाचार की राजनीति देश हित में समाप्त होनी चाहिए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा ने बुधवार को महात्मा गांधी द्वारा 1942 में आज ही के दिन शुरू किए गए भारत छोड़ो आंदोलन को याद किया और कांग्रेस तथा विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक दलों पर हमला बोलते हुए आह्वान किया कि वंशवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति देश हित में समाप्त होनी चाहिए। भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति वंशवादी राजनीति के



साथ आती है। उन्होंने केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान हुए कई घोटालों के साथ-साथ इंडिया गठबंधन के घटक दलों... तृणमूल कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, द्रविड़ मुनेत्र कषगम के शासन वाले राज्यों में सामने आए घोटालों का उल्लेख करते हुए कहा कि वंशवाद की राजनीति, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति को देश के सर्वोत्तम हित में भारत छोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये देश की तीन बीमारियां हैं जिन्हें भारत छोड़ देना चाहिए। प्रसाद ने संवाददाताओं से कहा, भारत, इसकी सुरक्षा, अखंडता के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि इन तीन बीमारियों... घोर परिवारवाद, भ्रष्टाचार और शर्मनाक तुष्टीकरण को भारत छोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर देश के लोकतांत्रिक ताने-बाने की रक्षा करनी है, राजनीति में शुचिता को वापस लाना है और देश को बचाना है, तो इन तीन अभिशापों को भारत छोड़ना होगा। इस बीच, भाजपा सांसदों ने वंशवादी राजनीति, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति को देश से खत्म करने की मांग करते हुए संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया।

# सरकार ने मणिपुर में हिंदुस्तान की हत्या की : राहुल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि उनका 'अहंकार देश को वैसे ही जला रहा है, जैसे रावण के अहंकार ने लंका को जला दिया था।' सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दूसरे दिन उन्होंने कहा, अगर हम लोगों की आवाज सुनना चाहते हैं, तो हमें अपने अहंकार को कुचलना होगा। लंका को हनुमान ने नहीं जलाया, बल्कि इसे रावण के अहंकार ने जलाया था। राम ने रावण को नहीं मारा बल्कि रावण के अहंकार ने उसे मारा।

"आप पूरे भारत में मिट्टी का तेल फेंक रहे हैं। आपने मणिपुर में मिट्टी का तेल फेंका और फिर आग लगा दी। अब आप हरियाणा में ऐसा कर रहे हैं। आप पूरे भारत को जलाने की कोशिश कर रहे हैं और आप भारत को मारने की कोशिश कर रहे हैं।" लोकसभा में अपना भाषण



शुरू करने से पहले राहुल गांधी ने सबसे पहले उनकी सदस्यता दोबारा बहाल करने के लिए स्पीकर ओम बिरला को धन्यवाद दिया। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष को संबोधित करते हुए कहा, पिछली बार जब मैंने बात की थी, तो हो सकता है कि मैंने आपको परेशानी पहुंचाई हो। उसके लिए मैं आपसे माफी मांगता हूं। लेकिन मैंने सच बोला। आज भाजपा में मेरे दोस्तों को डरने की जरूरत नहीं है क्योंकि आज का मेरा भाषण उस पर नहीं है।" इसके बाद सत्तापक्ष के सदस्यों ने उनकी टिप्पणियों पर आपत्ति जताई। राहुल गांधी ने मशहूर कवि रूमी के शब्दों का जिक्र करते हुए कहा, "रूमी ने कहा था 'जो शब्द दिल से आते हैं, वो शब्द दिल में जाते हैं'।

उन्होंने कहा, "इसलिए मैं अपने दिमाग से नहीं बल्कि अपने दिल से बोलूंगा।" उन्होंने कहा कि पिछले साल 130 से अधिक दिन तक मैं भारत के एक कोने से दूसरे कोने तक पैदल चला, अकेले नहीं बल्कि कई लोगों के साथ।

उन्होंने कहा, जब मैंने (भारत जोड़ो यात्रा) शुरूआत की, तो मेरे मन में था कि अगर मैं हर दिन 8-10 किमी दौड़ सकता हूं तो 25 किमी पैदल चलना कोई बड़ी बात नहीं है। आज, जब मैं इसे देखता हूं - तो यह अहंकार था। लेकिन भारत एक सेकंड में अहंकार मिटा देता है। दो-तीन दिन में ही घुटनों में दर्द होने लगा, पुरानी चोट थी। पहले ही कुछ दिन में भेड़िया चींटी बन गया। पूरे का पूरा अहंकार गायब हो गया।" तमिलनाडु के कन्याकुमारी से जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर तक की यात्रा के अपने अनुभव को साझा करते हुए कांग्रेस सांसद ने कहा कि पहले कुछ दिन में उन्होंने लोगों से अपने मन की बात कही, लेकिन कुछ समय बाद उन्होंने उनकी बात सुननी शुरू कर दी और फिर उन्होंने उनका दर्द साझा किया। कांग्रेस सदस्य ने कहा, जब मैंने लोगों की आवाज सुननी शुरू की और उनका दर्द समझा, तो यात्रा पूरी तरह से बदल गई। मैं भीड़ की आवाज नहीं सुन सका, लेकिन जिन लोगों ने मुझसे बात की, उनकी आवाज, उनका दर्द, उनके घाव और उनके शब्द मेरे बन गए।" उन्होंने कहा, यह देश लोगों की, उनके दर्द और उनकी कठिनाइयों की आवाज है। अगर आवाज सुननी है तो अहंकार को, इच्छाओं को, सपनों को मिटाना होगा। जब हम अपने सपनों को दूर करेंगे तभी हम भारत की आवाज सुन सकेंगे।"

## NEWS इन ब्रीफ

### ई-मेल के जरिए मिला सन्देश,पीएम को बम से उड़ाने की धमकी

**पुणे।** पुणे में रहने वाले एक व्यक्ति को ई-मेल के जरिए धमकी का मैसेज मिला है। एमए मोखीम नाम के इस शख्स ने भारत में कई जगहों पर बम धमाके करने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बम से उड़ाने की धमकी दी है। ई-मेल भेजने वाले मोखिम ने कहा है कि वह कई आतंकी संगठनों को फंडिंग करता हैं। भारत से हिंदू महिलाओं और हिंदुओं को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। मोखीम ने भारत में अलग-अलग जगहों पर बम धमाके करने के साथ-साथ प्रधानमंत्री को भी बम से उड़ाने की धमकी दी है। यह ई-मेल मिलने के बाद पुणे शहर पुलिस बल के नियंत्रण कक्ष को इस बारे में सूचित किया गया है। पुणे के अलंकार पुलिस थाने में इस बारे में मामला दर्ज किया गया है। पुणे में पिछले कुछ दिनों से आतंकी गतिविधियों में तेजी आई है। शहर में छिपे कुछ आतंकी गिरफ्तार हुए हैं। एनआईए और आयबी जैसी एजेंसियां इस मामले की जांच कर रही हैं। ऐसे में इस धमकी के ई-मेल को लेकर पुलिस हरकत में आई है।

### सीबीआई दोषी आरोपी को अमेरिका से वापस लाई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) इंटरपोल की मदद से बेंगलुरु के एक मामले में दोषी ठहराए गए एक व्यक्ति को यूएसए से वापस ले आई है। व्यक्ति इनलैंड लेटर ऑफ क्रेडिट्स में जालसाजी करके बैंक को धोखा देने का दोषी है। आरोपी की पहचान टी. रवींद्रनाथ गुप्ता के रूप में हुई है। गुप्ता अदालत के द्वारा सजा सुनाए जाने के बाद से फरार था। अधिकारी ने कहा कि सीबीआई के ग्लोबल ऑपरेशंस सेंटर ने इंटरपोल चैनलों के साथ तालमेल में एक रेड नोटिस सब्जेक्ट की वापसी का समन्वय किया है। वह अमेरिका से भारत लौटा था। आरोपी उक्त रेड नोटिस सब्जेक्ट बेंगलुरु में एक सीबीआई मामले में अंतदेर्शीय क्रेडिट पत्र में जालसाजी, धोखाधड़ी और जालसाजी करके बैंक को धोखा देने के मामले में वांछित था। सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आरोपी के खिलाफ 4 अप्रैल को इंटरपोल रेड नोटिस प्रकाशित किया गया था। यह नोटिस सीबीआई की रिपोर्ट के आधार पर प्रकाशित किया गया था।

# 'अरुणाचल रंग महोत्सव एक भारत श्रेष्ठ भारत के सिद्धांतों के अनुरूप'



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और गुवाहाटी सहित भारत के विभिन्न हिस्सों में मनाए जा रहे अरुणाचल रंग महोत्सव पर प्रसन्नता व्यक्त की है। प्रधानमंत्री ने बुधवार को अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू के एक ट्वीट को साझा करते हुए लिखा, अरुणाचल रंग महोत्सव सिर्फ एक कार्यक्रम से कहीं अधिक है। यह अरुणाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक टेपेस्ट्री का उत्सव है। यह एक भारत, श्रेष्ठ भारत के सिद्धांतों के अनुरूप है। यह देखकर अच्छा लगा कि यह कार्यक्रम दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और गुवाहाटी सहित भारत के विभिन्न हिस्सों में आयोजित हो रहा है।

# 2018 से 2022 तक जम्मू-कश्मीर में 1000 से अधिक आतंकवादी मारे गए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर में वर्ष 2018 से 2022 के बीच 761 आतंकी हमलों में 174 नागरिक, 308 सुरक्षाकर्मी और 1002 आतंकवादी मारे गए। यह जानकारी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी। उन्होंने बताया कि 2018 और 2022 के बीच पिछले 5 वर्षों में जम्मू और कश्मीर में 761 आतंकी घटनाओं में जम्मू-कश्मीर में 174 नागरिक मारे गए। उन्होंने कहा कि इसके अलावा इसी अवधि में केंद्र शासित प्रदेश में 626 मुठभेड़ों और आतंकवाद रोधी ऑपरेशन में 35 नागरिक मारे गए। उन्होंने कहा कि इसी अवधि के दौरान मारे गए सुरक्षाकर्मियों की संख्या 308




रही और सुरक्षा बलों ने 1,002 आतंकवादियों को भी मार गिराया। राय ने एक अन्य प्रश्न के लिखित जवाब में बताया कि पिछले पांच वर्षों में देश के भीतरी इलाकों में 5 आतंकवादी घटनाएं हुईं और 3 नागरिकों की मौत हुई है। इन घटनाओं में कोई सशस्त्र बल का सिपाही हताहत नहीं हुआ है और एक आतंकवादी मारा गया। राय ने यह भी बताया कि गृह मंत्रालय प्रभावित आम नागरिकों को उनके परिवारों की जीविका और भरण-पोषण के लिए तत्काल सहायता के रूप में अनुग्रह सहायता प्रदान करने के लिए एक योजना आतंकवादी, सांप्रदायिक, वामपंथी उग्रवादी हिंसा और सीमा पार से गोलीबारी तथा भारतीय क्षेत्र में बारूदी सुरंग या आईईडी विस्फोटों के पीड़ित आम नागरिकों के परिवार की सहायता के लिए केंद्रीय योजना का संचालन करता है। उन्होंने कहा कि यह योजना 2008 से चल रही है। 24 अगस्त, 2016 से मुआवजे की राशि को 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया गया है। राज्य सरकारें इसका भुगतान करती हैं और उसके बाद इसकी प्रतिपूर्ति का दावा करती हैं।

# चंद्रयान-3 चांद की सतह से एक और कदम नजदीक पहुंचा

## अगला ऑपरेशन 14 अगस्त को तय

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चंद्र मिशन 'चंद्रयान-3' बुधवार (9 अगस्त) को चांद की सतह के एक और कदम नजदीक पहुंच गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो ) ने बुधवार को ट्वीट करके यह जानकारी दी। चंद्रयान - 3 और चंद्रमा की दूरी अब 174 किमी ७ 1437 किमी रह गई है। कक्षा बदलने की प्रक्रिया अब 14 अगस्त को की जाएगी। इसरो ने ट्वीट करते हुए कहा कि 'चंद्रयान-3 चंद्रमा की तीसरी कक्षा में पहुंच गया है। वह चांद के और करीब आ गया है। आज की गई प्रक्रिया




के बाद चंद्रयान-3 की कक्षा घटकर 174 किमी X 1437 किमी रह गई है। अगला ऑपरेशन 14 अगस्त को 11.30 -12.30 बजे की जाएगी। उल्लेखनीय है कि चंद्रयान-3 को 14 जुलाई को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपण यान मार्क-3 के जरिए लॉन्च किया गया था।

## बृज भूषण सिंह के वकील ने कोर्ट में कहा

# विदेश में किए गए अपराधों की सुनवाई यहां नहीं की जा सकती

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न मामले में भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने के मामले पर बुधवार को सुनवाई की। यौन शोषण मामले में भाजपा सांसद और पूर्व भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने के मामले पर बुधवार को सुनवाई पूरी हो गई। इस दौरान केस में एक नया मोड़ आया है, जब दिल्ली की राउज एवे-?यू कोर्ट में सुनवाई के दौरान सांसद के वकील ने कई दलीलें रखी। अगली



सुनवाई गुरुवार को 2:30 बजे शुरू होगी। सिंह की ओर से पेश होते हुए, वकील राजीव मोहन ने राउज एवेन्यू कोर्ट के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) हरजीत सिंह जसपाल के समक्ष दलील दी कि आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 188 के तहत, कथित अपराध देश के बाहर किए गए हैं, इसलिए इस न्यायालय द्वारा मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। मजिस्ट्रेट सिर्फ संज्ञान ले सकते हैं लेकिन ट्रायल नहीं शुरू कर सकते हैं। दिल्ली पुलिस की 1,000 पन्नों से अधिक की चार्जशीट मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट महिमा राय के समक्ष धारा 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से हमला या आपराधिक बल), 354 ए (यौन टिप्पणी करना), और 354 डी (पीछा करना) के तहत अपराधों के लिए दायर की गई थी।वकील ने कहा, सीआरपीसी के तहत अपराध का संज्ञान लेने की एक समय सीमा होती है। उनमें आरोप तय करने की समय सीमा निश्चित है।

# सेना प्रमुख ब्रिटेन की पांच दिवसीय यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल मनोज पाण्डे बुधवार को पांच दिवसीय यात्रा पर ब्रिटेन रवाना हुए और इस दौरान वह एक प्रतिष्ठित सैन्य कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा द्विपक्षीय रणनीतिक मुद्दों पर शीर्ष ब्रिटिश रक्षा अधिकारियों के साथ बातचीत करेंगे। सेना ने बताया कि जनरल पाण्डे सैंडहर्स्ट में प्रतिष्ठित रॉयल मिलिट्री एकेडमी की 201वीं सॉवरेन परेड ऑफ कमिशनिंग कोर्स का निरीक्षण करेंगे। वह परेड में सॉवरेन प्रतिनिधि के रूप में भाग लेंगे। सैंडहर्स्ट में रॉयल मिलिट्री एकेडमी में सॉवरेन परेड एक प्रतिष्ठित कार्यक्रम है जिसे अपने शानदार इतिहास के लिए जाना जाता है। सेना के अनुसार, जनरल पाण्डे भारत के पहले सेना प्रमुख हैं जो परेड के लिए सॉवरेन प्रतिनिधि बने हैं।

## साझेदारी नौसेना के दो युद्धपोत दुबई के रशीद बंदरगाह दौरे पर

# यूएई नौसेना के साथ होगा अभ्यास

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना के फ्रंटलाइन युद्धपोत आईएनएस विशाखापत्तनम और आईएनएस त्रिकंड दुबई में रशीद बंदरगाह का दौरा कर रहे हैं। पश्चिमी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग रियर एडमिरल विनीत मैक्कार्टी की कमान के तहत दोनों जहाज 11 अगस्त तक दौरे पर हैं। इस दौरान यूएई नौसेना के साथ द्विपक्षीय अभ्यास 'जायद तलवार' निर्धारित है। नौसेना के कमांडर विवेक मधवाल के मुताबिक आईएनएस विशाखापत्तनम और




आईएनएस त्रिकंड की कमान क्रमशः कैप्टन अशोक राव और कैप्टन प्रमोद जी थॉमस संभाल रहे हैं। इस यात्रा के दौरान समुद्री पोत संचालन के विभिन्न मुद्दों पर यूएई नौसेना के साथ पेशेवर वार्तालाप की जाएगी। दोनों नौसेनाओं के बीच सहयोग बढ़ाने एवं संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों को साझा भी किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि दोनों नौसेनाओं के बीच अंतर-संचालन और तालमेल बढ़ाने के लिए यूएई नौसेना के साथ द्विपक्षीय अभ्यास 'जायद तलवार' भी निर्धारित है। वर्तमान यात्रा दोनों नौसेनाओं के बीच समुद्री साझेदारी बढ़ाने के साथ ही इस क्षेत्र में सुरक्षा चुनौतियों की समान सूझबूझ को बढ़ावा देगी।

## FILMY हलचल

# विजय देवरकोंडा व सामंथा रुथ प्रभु की फिल्म 'कुशी' का शानदार ट्रेलर रिलीज

**विजय** देवरकोंडा और सामंथा रुथ प्रभु स्टारर बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कुशी' का ट्रेलर आखिरकार देश भर में रिलीज हो चुका है। हैदराबाद में हुए एक भव्य ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान फिल्म की कास्ट, क्रू और मीडिया की उपस्थिति के बीच ट्रेलर की झलक दिखाई गई। फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को आराध्या और विप्लव की दिल छू लेने वाली दुनिया में ले जाता है। हालांकि, जिंदगी की तरह इस सफर में भी उतार-चढ़ाव, संघर्ष और कुछ खट्टे-मीठे पल शामिल हैं। ट्रेलर में विजय और सामंथा की जबरदस्त केमिस्ट्री दर्शकों को इतना भा जाएगी कि उन्हें इस जोड़ी से प्यार होने में जरा भी वक्त नहीं लगेगा। फिल्म का ट्रेलर ह्यूमर, आकर्षक म्यूजिक और खूबसूरत विजुअल्स के साथ इंटेंस इमोशन्स का एक आदर्श कॉम्बिनेशन है। इसमें बेहद टैलेंटेड सपोर्टिंग कास्ट में मुरली शर्मा और सचिन खेडेकर जैसे नाम भी नजर आए हैं। कुशी का म्यूजिक पहले ही चार्ट्स में टॉप पर है।



# अभिमन्यु सिंह जूनियर एनटीआर की 'देवरा' में करेंगे एक्शन सीक्वेंस



**एक्टर** अभिमन्यु सिंह, जिन्होंने 'सूर्यवंशी', 'सेल्फी', 'बच्चन पांडे' और कई अन्य फिल्मों में काम किया है, अब जूनियर एनटीआर की अपकमिंग फिल्म 'देवरा' में दिखाई देंगे। एक्टर ने जूनियर एनटीआर के साथ काम करने के अपने एक्सपीरियंस के बारे में बताया, यह अब तक एक शानदार अनुभव रहा है। मुझे उनके होम प्रोडक्शन के लिए उनके साथ काम करना पसंद है। मेरे पास एक एक्शन सीक्वेंस है और पहला शेड्यूल हैदराबाद में है। यह दूसरी बार है जब हम साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इससे पहले, हमने 'जय लव कुश' में एक साथ काम करके अच्छा समय बिताया था।

# अमिताभ-शाहरुख के बाद अब 'डॉन' होंगे रणवीर सिंह

**बॉलीवुड** अभिनेता रणवीर सिंह बॉलीवुड के नए 'डॉन' होंगे। दरअसल, वह फरहान अख्तर की 'डॉन 3' में नजर आएंगे। फरहान की एक्सेल मूवी ने इंस्टाग्राम पर 'डॉन' की भूमिका निभाने वाले एक्टर के नाम का खुलासा किया। फिल्म के टाइटल अनाउंसमेंट के वीडियो में धमाकेदार डायलॉग के साथ रणवीर सिंह का वॉयस ओवर सुना गया, "शेर जो सो रहा है, वो जागेगा कब? पूछते हैं ये सब, उनसे कह दो, फिर जाग उठा हूं मैं, फिर सामने जल्द आने को, क्या है ताकत मेरी, क्या है हिम्मत मेरी फिर दिखाने को। मौत से खेलना जिंदगी है मेरी, जीतना ही मेरा काम है। तुम तो जानते हो, जो मेरा नाम है।" 11 मुल्कों की पुलिस ढूंढती है मुझे, पर पकड़ पाया है मुझे कौन। मैं हूं डॉन। फरहान अख्तर ने 'डॉन' (2006) और 'डॉन 2' (2011) का निर्देशन किया था, दोनों में बॉलीवुड मेगास्टार शाहरुख खान मुख्य भूमिका में थे। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पर साझा किया कि



फिल्म पर काम 2025 में शुरू होगा। डॉन का किरदार फरहान के पिता जावेद अख्तर ने उनके तत्कालीन क्रिएटिव पार्टनर और बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के पिता सलीम खान के साथ मिलकर लिखा था। असली 'डॉन' अमिताभ बच्चन थे, ये फिल्म 1978 में रिलीज हुई थी। फिल्म 'डॉन 3' में फरहान अख्तर एक बार फिर निर्देशक की भूमिका निभाने जा रहे हैं। एक्सेल एंटरटेनमेंट के रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर द्वारा निर्मित यह फिल्म 2025 में रिलीज होने वाली है।

NEWS इन ब्रीफ

## रांची के सिद्धांत सुमन राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद के सदस्य बने

**रांची।** रातू रोड स्थित इंद्रपुरी के सिद्धांत सुमन राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद के सदस्य मनोनीत किए गए हैं। उनका मनोनयन सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री द्वारा गैर सरकारी सह चयनित सदस्य के लिए नामित व्यक्ति के रूप में हुआ है। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष की ओर से परिषद का पुनर्गठन किया गया है। पुनर्गठन के बाद जारी सूची में सिद्धांत सुमन गैर सरकारी सह चयनित सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं। इस संबंध में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ की ओर से गजट का प्रकाशन भी हुआ है। यह जानकारी विज्ञाप्ति जारी कर सिद्धांत सुमन ने बुधवार को दी।

## विश्व आदिवासी दिवस पर राजद ने महिलाओं को किया सम्मानित

**रांची।** विश्व आदिवासी दिवस पर राजद के प्रदेश कार्यालय में बुधवार को आदिवासी महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा और सिदो-कान्हू के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद वैसे आदिवासी महिलाओं को सम्मानित किया गया जो अपने मेहनत के बल पर अपने परिवार का भरण पोषण करती है। उन्हें माला पहनाकर और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता यादव ने समस्त आदिवासी समाज को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि आज भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आदिवासी समाज से है पर उतने ही दुख की बात है कि आज भी हमारे समाज में आदिवासियों का शोषण जारी है मणिपुर की घटना इस बात का जीता जागता उदाहरण है। युवा के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने कहा कि आदिवासी समाज अपनी संस्कृति और सभ्यता को बचाते हुए देश के विकास में अहम भूमिका निभा रहे है।

### मेरी माटी मेरा देश अभियान शुरू

# पीआईबी-सीबीसी के कर्मियों ने विकसित राष्ट्र बनाने की ली शपथ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पत्र सूचना कार्यालय एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची द्वारा संयुक्त रूप से 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान की शुरूआत की गई। मौके पर बुधवार को सभी अधिकारी एवं कर्मियों के द्वारा शपथ ली गई। ऑनलाइन आयोजित शथप कार्यक्रम में पीआईबी और सीबीसी के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने सभी लोगों को भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने एवं नागरिक होने का कर्तव्य निभाने की शपथ दिलाई। **9 से 30 अगस्त, 2023 तक,** हमारी समृद्ध विरासत पर गर्व करने, एकता और एकजुटता बनाए रखने, नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों को पूरा करने और राष्ट्र की रक्षा करने वालों का सम्मान करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए पंच प्राण की प्रतिज्ञा ले सकते हैं। एक बार प्रतिज्ञा लेने के बाद, भागीदारी का एक डिजिटल प्रमाणपत्र वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। पिछले वर्ष, हर घर तिरंगा कार्यक्रम ने, सभी की भागीदारी से शानदार सफलता प्राप्त की थी। इस वर्ष भी, हर घर तिरंगा 13 से 15 अगस्त, 2023 के बीच मनाया जाएगा। भारतीय हर जगह राष्ट्रीय ध्वज फहरा सकते हैं, तिरंगे के साथ सेल्फी ले सकते हैं और हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड कर सकते हैं।




**'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत होंगे कई कार्यक्रम :** बता दें कि 9 से 30 अगस्त, 2023 तक, 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के अंतर्गत गांव और ब्लॉक स्तर, स्थानीय शहरी निकायों के साथ-साथ राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। सामूहिक भागीदारी (जनभागीदारी) को प्रोत्साहित करने के लिए, एक वेबसाइट मेरीमाटीमेरादेश डॉट जीओवी डॉट इन लॉन्च की गई है, जहां लोग मिट्टी या मिट्टी का दीपक हाथ में लेकर अपनी सेल्फी अपलोड कर सकते हैं। ऐसा करके, वे भारत को एक विकसित देश बनाने, गुलामी की मानसिकता को खत्म करने,

## महासचिव के झारखंड आगमन पर कांग्रेसियों ने किया स्वागत



**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव अविनाश पांडे के झारखंड आगमन पर बुधवार को गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने उनसे औपचारिक रूप से मुलाकात की अंगवस्त्र एवं शाल ओढ़ा कर पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया तथा उन्हें गो सेवा आयोग का प्रतीक चिन्ह भेंट किया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, स्वास्थ्य मंत्री बनना गुप्ता, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय भी मौजूद थे। प्रदेश कॉंग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे ने गो सेवा आयोग के अध्यक्ष को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा की संगठन ने आपको महती जिम्मेदारी दी है पूरी तन्मयता से गौ सेवा कार्य में लगें जिससे राज्य की पहचान एक गौ रक्षक एवं गौ संवर्धक राज्य के रूप में हो।

## राजनीतिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य को लेकर डा. लंबोदर महतो को मिला महात्मा गांधी बेस्ट एमएलए अवार्ड



**रांची।** इंडिया इंटरनेशनल फ्रेंडशिप सोसायटी ने आजसू पार्टी के विधायक डा. लंबोदर महतो को महात्मा गांधी बेस्ट एमएलए अवार्ड से सम्मानित किया है। उन्हें नई दिल्ली में इंडिया इंटरनेशनल के सभागार में एक भव्य समारोह में यह सम्मान पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार ने प्रदान किया। विधायक डा. लंबोदर महतो को यह सम्मान राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए जाने के साथ- साथ विधानसभा में शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने, विधायी कार्यों का कुशलता पूर्वक निर्वहन करने, राज्य के ज्वलंत विषयों पर मुखर बने रहने, प्रशासनिक अनुभव का उपयोग करने, गंभीरता के साथ अपने विधानसभा क्षेत्र में विकास योजनाओं को जमीन पर उतारने के क्रम में पुल -पुलिया, सड़क निर्माण , शत प्रतिशत पेयजलापूर्ति योजनाओं से अच्छादित करने की दिशा में सकारात्मक प्रयास, लोगों के साथ बराबर संपर्क में रहने, राज्य सरकार से समन्वय बनाकर क्षेत्र में बेहतर कार्य करने पर दिया गया है। समारोह में विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया। समारोह में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार ने डा. लंबोदर महतो को व्यवहार कुशल बताया और उनके कार्यों की सराहना की।

## वरिष्ठ नागरिकों ने मनाई हेमेंद्र प्रताप देहाती की जयंती

**रांची।** एचईसी परिसर के जगन्नाथपुर थाना के सामने निर्मित राजीव गांधी वरिष्ठ नागरिक उद्यान में बुधवार को झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री हेमेंद्र प्रताप देहाती की जयंती मनाई गई। मौके पर वरिष्ठ नागरिकों ने दो मिनट का मौन धारण कर स्व. देहाती के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित किया। गौरतलब है कि हेमेंद्र प्रताप देहाती के प्रयास और उनकी पहल पर ही उक्त स्थल पर रांची नगर निगम के सौजन्य से स्वर्गीय राजीव गांधी वरिष्ठ नागरिक उद्यान का निर्माण संभव हो सका। इस अवसर पर शिक्षाविद प्रो. रामाज्ञा पांडेय ने स्व.देहाती के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय देहाती सर्वधर्म समभाव के सिद्धांतों को आत्मसात कर सभी समुदाय के लोगों की सहायता के प्रति सदैव तत्पर रहा करते थे। सामाजिक समरसता के पक्षधर रहे स्व. देहाती गरीबों व जरूरतमंदों को हर संभव सहयोग किया करते थे।

## सहायक अध्यापक मामले को लेकर 10 अगस्त को होगी बैठक

**रांची।** राज्य के सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) सहित कई कर्मियों के मामले में गुरुवार को बैठक होगी। इस बाबत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् की राज्य निदेशक किरण कुमारी पासी संबंधित संगठनों को बुलाया है। उन्होंने एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा, झारखंड प्रदेश सहायक अध्यापक संघ, टेट सफल सहायक अध्यापक संघ, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कर्मी संघ, बीआरपी-सीआरपी महासंघ को पत्र लिखा है। परियोजना निदेशक ने पत्र में लिखा है कि विभिन्न कर्मी संघों द्वारा बार-बार कल्याण कोष को लागू करने की मांग की जा रही है। राज्य परियोजना कार्यालय लगातार कर्मियों के बेहतर कल्याण कोष की स्थापना एवं बेहतर विकल्प के लिए प्रयासरत है। बीआरपी-सीआरपी महासंघ एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कर्मी संघ के दो-दो सदस्यों की बैठक 10 अगस्त को राज्य परियोजना कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई है।

# 'स्वतंत्रता संग्राम में जनजाति समाज की भूमिका महत्वपूर्ण'

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर राज भवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को जनजातीय समुदाय की विभिन्न हस्तियों और प्रबुद्धजनों से संवाद किया। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में जनजाति समाज की भूमिका अविस्मरणीय है। उन्होंने प्रबुद्धजनों से कहा कि वे समाजहित में सक्रियता से कार्य करने के लिए सदैव प्रयासरत रहें तथा शिक्षित एवं ज्ञानवान समाज के निर्माण में अपनी अहम भागीदारी का निर्वहन करें। आपको समुदाय के लिए प्रेरणादायक कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में कहीं समस्याएं हैं, तो वहां जाकर उसका समाधान करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि




झारखंड वीरों की भूमि है। धरतीआबा भगवान बिरसा मुंडा सहित कई महान हस्तियों ने मातृभूमि और समाज के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। प्रधानमंत्री ने उल्लेखनीय पहल करते हुए धरतीआबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को पूरे देश में "जनजातीय गौरव दिवस" के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। राष्ट्र के लिए उनके द्वारा किये गये बलिदान से भावी पीढ़ियों को प्रेरणा लेनी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि जनजाति समाज प्रकृति प्रेमी होते हैं। ग्लोबल वार्मिंग के इस युग में प्रकृति के संरक्षणके लिए इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोग बड़े शहरों में रहते हैं, उनके पास बड़ी इमारतें हैं, सुख-सुविधाओं से घिरे हुए हैं, लेकिन वे दुखी हैं। ऐसे में झारखंड के छोटे-छोटे ग्रामों में रहने वाले लोगों को देखना चाहिए। वे खुश हैं क्योंकि आत्मसंतोष अथवा संतुष्टि की भावना है और वे लालच से दूर अपनी कड़ी मेहनत पर भरोसा करते हैं। राज्यपाल ने कहा जनजातियों की कला, संस्कृति, लोक परंपरा और रीति-रिवाजों में जीवंतता है। पारंपरिक गीत और नृत्य बहुत आकर्षक होते हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड एवं तमिलनाडु की संस्कृति एवं खानपान में काफी एकरूपता है, सिर्फ भाषायी अंतर है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक हमारे देश की संस्कृति अत्यन्त समृद्ध है।

# 'झारखण्ड में पहली बार आयुष कांक्लेव ऑन ट्राइबल हेल्थ का आयोजन 13 अगस्त को'

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विगत मंगलवार को प्रेस क्लब रांची के हॉल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई गई। जिसमें एच एम ए आई झारखंड स्टेट यूनिट एवं आयुष निदेशालय झारखंड सरकार के द्वारा आगामी 13/08/2023 को आयुष कॉन्क्लेव ऑन ट्राइबल हेल्थ विषय पर जूट नामकुम रांची (झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, नामकुम रांची) के सभागर में आयोजित होने जा रहे राज्य के पहले उटए सेमिनार के सम्बन्ध में एच एम ए आई झारखंड स्टेट यूनिट के अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार ने प्रेस को संबोधित किया और आयोजन सम्बंधी विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एच एम ए आई झारखंड स्टेट यूनिट के सचिव डॉ. बीएन सहाय रंजन, उपाध्यक्ष डॉ. आनन्द कुमार शाही, डॉ. डीएन तिवारी, वाई बीएन यूनिवर्सिटी के चेयरमैन रामजी यादव उपस्थित रहे।




आयोजित होने जा रहे सीएमई सेमिनार में देश के विभिन्न राज्यों से 700 से ज्यादा आयुष चिकित्सक सम्मिलित हो रहे हैं। सेमिनार में मुख्य स्पीकर के रुप में इंटरनेशनल स्पीकर डॉ. बीटी रुद्रेश, डॉ. सुभाष सिंह डायरेक्टर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ कोलकाता, डॉ. मृदुल कुमार साहनी, पटना बिहार, डॉ. कुलवंत सिंह पूर्व प्राचार्य सिंहभूम होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जमशेदपुर, डॉ. संजीव कुमार सिंह (अध्यक्ष एचएमए आई बिहार यूनिट) आएंगे। सभी स्पीकर झारखंड के जनजातीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों में होने वाली रक्त सम्बन्धित अनुवांशिक बीमारियां जिनमें एनीमिया सिकल सेल एनीमिया थैलेसिमिया हीमोफीलिया साथ ही महिलाओं में होने वाली बीमारियां जिनमें इनफर्टिलिटी पीसीओडी सहित लाइफ स्टाइल डिजीज के कारण एवं आयुष चिकित्सा पद्धति से ईलाज संबंधी विषयों पर अपना व्याख्यान देंगे। समारोह में फर्स्ट पैथी होमियो पैथी मैगजिन का विमोचन किया जाएगा। आयोजन में एच एम ए आई झारखंड के सभी जिलावार यूनिट को आयुष बिरसा मेडिसिन बैंक के तहत निःशुल्क दवा का किट वितरण किया जाएगा जिससे उस क्षेत्र के लोगों को आयुष फ्री मेडिकल कैम्प के माध्यम से निःशुल्क चिकित्सा सेवा एवं होमियोपैथिक दवा उपलब्ध कराई जा सके। इस सेमिनार में पूरे राज्य से जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी के साथ सभी आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी सहित छात्र छात्राएं एवं दवा कंपनियों के प्रतिनिधियों को आयुष गौरव सम्मान का मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाएगा।

## अधिक से अधिक वादों के निष्पादन कराने में सहयोग करें अधिकारी

**खूंटी।** व्यवहार न्यायालय खूंटी में आगामी नौ सितंबर को होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में बुधवार को डालसा सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी विभागों के अधिकारी शामिल हुए। प्रधान जिला जज ने सभी न्यायिक पदाधिकारियों और विभागों के अधिकारियों, पीएलए अध्यक्ष, एसडीआ, डीटीओ, एलडीएम और बैंक पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन करने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि वैसे लोग जिनका मामला न्यायालय में लंबित है और वाद सुलहनीय है या प्री लिटिगेशन के मामले हों, वे भी अपने वाद का निष्पादन करा सकेंगे। प्रधान जिला जज ने लोगों से अपील की है कि वे मामलों के निष्पादन के लिए व्यवहार न्यायालय अवश्य पहुंचे और न्यायालय में चल रहे लंबित मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन कराएं।

### विश्व आदिवासी दिवस पर महिला खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

# 'झारखंड में प्रतिभाओं की कमी नहीं, उन्हें तराशने की जरूरत'

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी इमा के तत्वधान में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर इमा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन बहू बाजार बसर टोली स्थित इमा कराटे स्टूडियो में किया गया जिसमें वर्ष 2023 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने वाले आदिवासी महिला खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों में मलेशिया में संपन्न अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले दो खिलाड़ी मोहिनी रितिका टोप्पो एवं काजल कुजूर एवं दिल्ली में संपन्न अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में भाग लेने वाले दो जूनियर खिलाड़ी एरोन क्रिस्टी मिंज, आशाइन ज्यूरिल मिंज शामिल है।



इन खिलाड़ियों को इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के तकनीकी निदेशक सहः नेशनल कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने शॉल ओढ़कर कर सम्मानित किया। इमा के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि ये खिलाड़ी राज्य के गौरव हैं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य को ही नहीं देश को भी गौरवान्वित किया है। झारखंड में प्रतिभाओं की कमी नहीं है सिर्फ उन्हें तराशने की जरूरत है। विदेशों में जाकर झारखंड की आदिवासी महिला खिलाड़ी ने देश का परचम लहराया है। इस अवसर पर इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के अध्यक्ष संसाइ अनिल किस्पोट्टा राकेश तिर्की अभिभावक गण एवं खेल प्रेमी आदि उपस्थित थे।

## देशभर में बढ़ रही पत्थरबाजी की घटना

**रांची।** रांची के सांसद संजय सेठ ने बुधवार को लोकसभा सत्र के दौरान देशभर में बढ़ रही पत्थरबाजी की घटनाओं पर चिंता जताई। साथ ही इसके विरुद्ध राष्ट्रीय स्तर पर समीक्षा कर एक कड़ा कानून बनाने की मांग की। सांसद ने कहा कि पहले कश्मीर में पत्थरबाजी की घटना सुनने और देखने को मिलती थी। अब पत्थरबाजी की घटना पूरे देश में सामान्य हो चुकी है। ऐसा लग रहा है जैसे देश विरोधी ताकतें राष्ट्रीय स्तर पर पत्थरबाजी का प्रशिक्षण देने का काम कर रही है। राष्ट्र विरोधी तत्वों के संरक्षण में असामाजिक तत्व अपने प्रदर्शन के दौरान पत्थरबाजी कर सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाते हैं। हत्या करते हैं। पत्थरबाजी से प्रशासन और पुलिसकर्मियों को घायल करते हैं। उन्होंने संसद में कहा कि शोभायात्रा में जुलूस के ऊपर पत्थरबाजी करके भी जान-माल का भारी नुकसान पहुंचाते हैं। विगत एक वर्ष में झारखंड की राजधानी रांची सहित पूरे देश में ऐसी लगभग 100 घटनाएं हुई, जहां सामूहिक रूप से पत्थरबाजी कर सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया। कई लोगों के जान लिए गए, कई लोग गंभीर अवस्था में घायल हो गए।

### महोत्सव | बीएयू में विश्व आदिवासी दिवस धूम-धाम से मनाया गया

# आदिवासी का धर्म और हमारी प्राचीन परंपरा ही हमारा ग्रन्थ है : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में बुधवार को विश्व आदिवासी दिवस धूम धाम से मनाया गया। विवि परिसर में प्रातः छात्र-छात्राओं ने आदिवासी सभ्यता एवं कला पर आधारित झांकी निकाली। झांकी के दौरान छात्र-छात्राओं ने ढ़ोल-नगाड़ो और मांदर थाप पर नृत्य कर उत्सव मनाया। आदिवासी कला पर आयोजित प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट कला को प्रदर्शित किया। मुख्य समारोह से पहले खिजरी विधायक राजेश कच्छप, कांके विधायक समरीलाल, डीन फॉरेस्ट्री डॉ. एमएस मल्लिक सहित विवि के वरीय पदाधिकारियों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। विवि के मेला मैदान में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का खिजरी




विधायक राजेश कच्छप, कांके विधायक समरीलाल एवं अन्य अतिथियों ने दीप जलाकर विधिवत शुरूआत की। विशिष्ट अतिथि एवं मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने आदिवासी समाज को विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यता का धरोहर बताया। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी की लड़ाई का बिगुल सबसे पहले 17 वीं शताब्दी में आदिवासी समुदाय ने ही लड़ी। इसी से प्रेरणा लेकर 1857 में सिपाही विद्रोह हुआ, जिसे स्वतंत्रता का पहला संग्राम कहा जाता है। उन्होंने कहा कि गीत-गोविंद ही आदिवासी का धर्म और हमारी प्राचीन परंपरा हमारा ग्रन्थ है। आदिवासी सामूहिकता से जुड़ा समाज है। आदिवासी सदियों से बिना लिखित ही व्यवस्थित तरीके से सरहुल, करमा, अखड़ा आदि त्योहार मनाते है। आज आदिवासियों को समाज के साथ सदा जुड़े रहने और अपनी सभ्यता एवं संस्कृति को बनाये रखने की जरुरत है। उन्होंने आदिवासियों को अपने स्वाभिमान की रक्षा करने और गर्व से कहो हम आदिवासी हैं कहने की बात कही। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि कांके विधायक समरीलाल ने प्रकृति में निवास, प्रकृति से प्रेम और प्रकृति की रक्षा को आदिवासी समाज का धर्म बताया। उन्होंने कहा कि धरती पर आदिवासी समाज है तो हमारी सभ्यता एवं संस्कृति बची हुई है। देश के आदिवासी नायकों की प्रेरणा से ही देश में आजादी की लड़ाई लड़ी गयी। जिसमें भगवान बिरसा मुंडा का अग्रणी भूमिका रही है। जिसे बिरसा जयंती के रूप में प्रधानमंत्री ने पुरे देश में पहचान दिलाई। समारोह के दौरान कोलकत्ता में चिकित्सारत बीएयू कुलसचिव डॉ. नरेंद्र कुदादा का विडियो संदेश प्रसारित किया गया। अपने संदेश में डॉ. कुदादा ने सबों को विश्व आदिवासी दिवस की बधाई दी। उन्होंने आदिवासी समाज को शिक्षित होने, अपनी परंपराओं का पालन करते हुए समाज को सुदृढ़ बनाने की बात कही।

## अंतर बटालियन क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में विजेता बनी सीआरपीएफ 94 बटालियन

**खूंटी।** सीआरपीएफ 94 बटालियन द्वारा 209 कोबरा कैंप परिसर में आयोजित तीन दिवसीय अंतर बटालियन / ग्रुप केन्द्र क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता - 2023 का समापन बुधवार को हुआ। सोमवार से आयोजित इस प्रतियोगिता में झारखंड सेक्टर अंतर्गत तैनात सीआरपीएफ के 20 बटालियन/ ग्रुप केंद्र के खिलाड़ियों ने भाग लिए। इनमें से प्रथम स्थान मेजबान सीआरपीएफ 94 बटालियन की टीम ने प्राप्त किया। दूसरे स्थान में सीआरपीएफ 157 बटालियन और तीसरे स्थान पर सीआरपीएफ 214 बटालियन की टीम रही। इनके अतिरिक्त बेहतर प्रदर्शन करने के लिए सिपाही-जीडी राहुल कुमार को प्रथम, सिपाही-जीडी चंपक दास को द्वितीय और सिपाही-जीडी डेनियल टोपनो को तृतीय पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित 94 बटालियन के कमांडेंट राधेश्याम सिंह ने प्रथम तीन स्थानों पर आनेवाली टीमों और उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले तीन खिलाड़ियों के बीच पुरस्कारों का वितरण किया।

## पृष्ठ एक के शेष

**एकजुट होकर लड़ें और...**

हम आदिवासी संस्कृति, आदिवासी समाज के इतिहास को जानने का प्रयास करते हैं, तो 1800 ईसा के पूर्व का ज्यादा जिक्र नहीं मिलता है। इन परिस्थितियों में यह कहना गलत नहीं होगा कि इस देश की सभ्यता-संस्कृति को गढ़ने में आदिवासी समाज के योगदान की पुनः व्याख्या की जाए। हमें आदिवासी समाज को आदिवासी विचारक, लेखक, विद्वान की नजरों से देखने की जरूरत है। यह सच है कि आज भी देश का सबसे गरीब, अशिक्षित, प्रताड़ित, विस्थापित एवं शोषित वर्ग आदिवासी वर्ग है लेकिन यह भी सच है कि हम एक महान सभ्यता के वारिस हैं। हमारे पास विश्व एवं मानव समाज को देने के लिए बहुत कुछ है। जरूरत है कि नीति निमार्ताओं के पास दृष्टि हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरी चाहत है कि विभिन्न आदिवासी समूहों के बीच परस्पर संवाद शुरू हो। आज जो हम विभाजित हैं, असंगठित हैं, यही कारण है कि मणिपुर के आदिवासी उत्पीड़न का विषय झारखंड के मुंडा लोगों का विषय नहीं बन पा रहा है। राजस्थान के मीणा भाई के दर्द को मध्य प्रदेश के भील अपना मान कर आगे नहीं आ रहे। राज्य समन्वय समिति के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन ने कहा कि आदिवासी समुदाय की संस्कृति एक जैसी है। आदिवासियों से मेरा आग्रह है कि वे अपने बच्चे-बच्चियों को शिक्षित जरूर करें। जब बच्चे शिक्षित होंगे तभी आदिवासी समुदाय उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी महोत्सव पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। यह महोत्सव आदिवासी समुदाय की एकजुटता और आपसी भाईचारा को दशार्ता है। आने वाली पीढ़ी भी इसी तरह अपनी संस्कृति और सभ्यता से जुड़ी रहे, इसके लिए उन्हें प्रेरित करने की आवश्यकता है।

**35 पुस्तकों और डाक टिकट का विमोचन :** इस अवसर पर टीआरआई की ओर से आदिवासी समुदाय पर आधारित 35 पुस्तकों का विमोचन किया गया। झारखंड आदिवासी महोत्सव के लोगो पर आधारित डाक टिकट का भी विमोचन किया गया। इस महोत्सव में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चम्पाई सोरेन, विधायक विनोद सिंह, विधायक जय मंगल सिंह, विधायक राजेश कच्छप, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल और मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे समेत कई अन्य मौजूद थे।

NEWS इन ब्रीफ

### एंडी मरे नेशनल बैंक ओपन के अगले दौर में पहुंचे



**टोरंटो।** ब्रिटेन के तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन एंडी मरे ने नेशलन बैंक ओपन टेनिस टूनामेंट के शुरूआती मैच में इटली के लोरेंजो सोनेगो को दो सेट में हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। मरे ने यहां 2009, 2010 और 2015 में ट्राफी जीती थीं और अब उनकी कोशिश यहां चौथा खिताब अपने नाम करने की है। उन्होंने 90 मिनट तक चले मुकाबले में 7-6 (3), 6-0 से जीत हासिल की। अब मरे का सामना आस्ट्रेलिया के मैक्स पर्सेल से होगा जिन्होंने कनाडा के फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 6-4, 6-4 से पराजित किया। कनाडा के गैब्रियल डियालो ने ब्रिटेन के डैन इवांस को 7-6 (4), 7-5 से हराकर एटीपी टूर लेवल का अपना पहला मैच जीता।

### कोपा सुदामेरिकना के अंतिम आठ में पहुंचे कोरिंथियंस

**रियो डी जेनेरो।** कोरिंथियंस ने अर्जेंटीना में नेवेल्स ओल्ड बॉयज को गोलरहित ड्रा पर रोक कर कोपा सुदामेरिकाना के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ब्राजील के दिग्गजों ने अनुभवी कैसियो को धन्यवाद दिया, क्योंकि गोलकीपर ने लक्ष्य पर 11 शॉट बचाए। कोरिंथियंस ने लक्ष्य पर केवल दो शॉट लगाए और 41% कब्जा अपने नियंत्रण में रखा, लेकिन पहले चरण में 2-1 की जीत के आधार पर वे आगे बढ़े। डेविड बारबोना के स्ट्राइक से 2020 के चैंपियन इक्वाडोर पर 1-0 की घरेलू जीत के बाद डिफेंसा वाई जस्टिसिया भी अगले दौर में पहुंच गए।

### हर मैच तैयारी का एक मौका है : बाबर आजम

पल्लेकेल, पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) में अपने समय पर विचार किया और बताया कि यह आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए लॉन्चपैड कैसे होगा। आजम ने कहा, यह एक बहुत अच्छी लीग है; क्रिकेट बहुत प्रतिस्पर्धी रहा है। इसमें प्रतिभाशाली युवा और वरिष्ठ खिलाड़ियों का बहुत अच्छा मिश्रण है। लंका प्रीमियर लीग के बाद, हमें अफगानिस्तान के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला खेलनी है, जिसके बाद एशिया कप और विश्व कप होगा। मैं इसे श्रृंखला दर श्रृंखला ले रहा हूं, और हर मैच तैयारी का एक अवसर है। फिलहाल, मेरा पूरा ध्यान लीग पर है।" कोलंबो स्ट्राइकर्स के स्टार बल्लेबाज ने भी ग्रीन कैप धारक बनने पर अपने विचार व्यक्त किए और कहा, मुझे चुनौती लेना पसंद है, और अगर टीम को मेरी जरूरत है।

# इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए बोल्ट और जैमीसन की वापसी

**एजेंसी। वेलिंगटन**

न्यूजीलैंड ने अगले महीने इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले चार मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम का नेतृत्व टॉम लैथम करेंगे। यह श्रृंखला भारत में अक्टूबर में शुरू होने वाले आईसीसी क्रिकेट विश्व कप से पहले टीम की अंतिम श्रृंखला होगी। टीम में ट्रेंट बोल्ट लगभग एक साल बाद अपना पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए तैयार हैं। वहीं, पीठ की चोट से उबरने के बाद काइल जैमीसन की भी वनडे टीम में वापसी हुई है।

ब्लैककैप्स के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि यह श्रृंखला आगामी आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के लिए एक अच्छी तैयारी है। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने स्टीड के हवाले से कहा, ₹इंग्लैंड पिछले कुछ समय से एक प्रभावशाली सफेद गेंद वाली टीम रही है और हम विश्व कप की पूर्व संध्या पर उन्हें घरेलू मैदान पर उतारने के लिए उत्साहित हैं। यह वास्तव में प्रतिस्पर्धी श्रृंखला होनी चाहिए और मुझे पता है कि समूह एक बार फिर ओवल और लॉर्ड्स जैसे मैदानों पर खेलने के लिए उत्सुक होगा।



स्टीड ने बोल्ट और जैमीसन की वापसी पर कहा, ह्लहमें टीम में काइल को शामिल करते हुए खुशी हो रही है। पीठ की सर्जरी के बाद वह अपने पुनर्वास पर बहुत कड़ी मेहनत कर रहा है और हम उसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर फिर से खेलते हुए देखने के लिए उत्सुक हैं।

उन्होंने कहा, ट्रेंट का हमारी वनडे इकाई में वापस स्वागत करना भी बहुत अच्छा है क्योंकि वह भारत में विश्व कप के लिए अपनी तैयारी शुरू कर रहे हैं। स्टीड ने पुष्टि की कि भारत में आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के लिए ब्लैककैप्स की 15-खिलाड़ियों की टीम सितंबर की शुरूआत में घोषित की जाएगी, सटीक तारीख की पुष्टि होना अभी बाकी है।

यूएई के लिए टी20 टीम 25 और 27 अगस्त को टी20 अभ्यास मैचों के लिए इंग्लैंड जाएगी। न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच चार मैचों की एकदिनी श्रृंखला का पहला मैच 8 सितंबर को, दूसरा 10 सितंबर को, 13 सितंबर को तीसरा और 15 सितंबर को चौथा मैच खेला जाएगा। एकदिनी श्रृंखला से पहले कीवी टीम यूएई के खिलाफ 17, 19 और 20 अगस्त को तीन टी-20 मैच खेलेगी।

इस श्रृंखला के बाद न्यूजीलैंड की टीम 25 और 27 अगस्त को अभ्यास मैच खेलेगी। अभ्यास मैच के बाद ब्लैक कैप्स की टीम 30 अगस्त, 1 सितंबर, 3 सितंबर और 5 सितंबर को चार टी-20 मैच खेलेगी। इंग्लैंड के खिलाफ न्यूजीलैंड की एकदिनी टीम इस प्रकार है-टॉम लैथम (कप्तान), फिन एलन, ट्रेंट बोल्ट, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, एडम मिल्ने, डेरिल मिशेल, हेनरी निकोल्स, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, टिम साउथी, विल यंग।

### टी20 टीम इस प्रकार है

**टिम साउदी** (कप्तान), फिन एलन (इंग्लैंड), आदि अशोक (यूएई), चाड बोवेस (यूएई), मार्क चैपमैन, डेन क्लीवर (यूएई), डेवोन कॉनवे (इंग्लैंड), लॉकी फर्ग्यूसन ( इंग्लैंड), डीन फॉक्सक्रॉफ्ट (यूएई), मैट हेनरी (इंग्लैंड), बेन लिस्टर (यूएई), काइल जैमीसन, कोल मैककोन्ची (यूएई), एडम मिल्ने (इंग्लैंड), डेरिल मिशेल (इंग्लैंड), जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स (इंग्लैंड) , रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, टिम सीफर्ट, ईश सोढ़ी (इंग्लैंड), ब्लेयर टिकनर (यूएई), विल यंग (यूएई)।

# टी 20-3 : सूर्यकुमार चमके, भारत ने वेस्टइंडीज को 7 विकेट से हराया

**एजेंसी। गयाना**

भारत ने कुलदीप यादव (28/3) की नायाब गेंदबाजी और सूर्यकुमार यादव (44 गेंद, 83 रन) के आतिशी अर्द्धशतक की बदौलत तीसरे टी20 में मंगलवार को वेस्ट इंडीज पर सात विकेट से जीत दर्ज की। वेस्ट इंडीज ने रोवमैन पॉवेल (19 गेंद, 40 रन) के तूफानी योगदान की मदद से भारत के सामने 160 रन का लक्ष्य रखा। भारत ने करो या मरो मुकाबले में यह लक्ष्य 17.5 ओवर में हासिल कर सीरीज की हार टाल दी।



वेस्ट इंडीज 15 ओवर में 106 रन ही बना सकी थी मगर पॉवेल की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से मेजबान टीम अंतिम पांच ओवर में 53 रन जोड़ने में सफल रही। सूर्यकुमार ने हालांकि 44 गेंद पर 10 चौकों चार छक्कों की मदद से 83 रन बनाकर मैच को भारत की झोली में डाल दिया। सूर्यकुमार भले ही शतक से चूक गये, लेकिन उनकी और तिलक वर्मा (49 नाबाद) की 87 रन की साझेदारी ने भारत को 13 गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य तक पहुंचा दिया। भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए डेब्यूटांट यशस्वी जायसवाल (एक) और शुभमन गिल (छह) के विकेट सस्ते में गंवा दिये, लेकिन सूर्यकुमार की धुआंधार बल्लेबाजी की मदद से मेहमान टीम पावरप्ले में 60 रन जोड़ने में कामयाब रही। एकदिवसीय श्रृंखला और शुरूआती दो टी20 मैचों में लयविहीन रहे सूर्यकुमार ने इस मैच में चौका जड़कर खाता खोला, जबकि दूसरी गेंद पर छक्का लगाकर उन्होंने अपने इरादे साफ कर दिये। उपकप्तान सूर्यकुमार ने आठवें ओवर में रोमारियो शेफर्ड की नीची फुलटॉस पर चौका लगाकर 23 गेंद में अर्द्धशतक पूरा किया। विंडीज के कप्तान पॉवेल ने रनों पर लगाम लगाने के लिये स्पिनरों को गेंद सौंपी।

यह प्रयास हालांकि निरर्थक साबित हुआ और सूर्यकुमार ने अपने रंग में लौटने का अंदेशा देते हुए अकील हुसैन को कवर्स के ऊपर से चौका लगाया।

# सिंधिया ने पैडलर मनिका बत्रा को उनका खोया हुआ सामान दिलाने में मदद की

**एजेंसी। नई दिल्ली।**

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा को उनका खोया हुआ सामान सुरक्षित वापस दिलाने में मदद करने के लिए त्वरित कार्रवाई की है।

8 अगस्त को मनिका बत्रा पेरू टूर्नामेंट से लौटते वक्त फ्लाइट में अपना सामान खो बैठीं। उन्होंने ट्वीट कर ज्योतिरादित्य सिंधिया से मदद की गुहार लगाई। उन्होंने लिखा, @KLM से अविश्वसनीय निराशा! बिजनेस क्लास की उड़ान में प्राथमिकता-चिह्न वाला सामान खो गया, जिसमें आगामी टूनार्मेंट के लिए मेरी आवश्यक खेल किट भी शामिल थी। हवाई अड्डे पर कर्मचारियों के पास कोई उत्तर या कोई समाधान नहीं था और उन्हें यह भी पता नहीं था कि मेरा बैग कहां है। @सिंधिया सर कृपया मदद करें।"



उनके ट्वीट पर संज्ञान लेते हुए मंत्री ने तुरंत कार्रवाई की और उनका सामान वापस दिलाने में मदद की। जेएम सिंधिया के कार्यालय ने कहा, सूटकेस दिल्ली जाने वाले कंटेनर में रख दिया गया है। हम आज की उड़ान से इसके आगमन की उम्मीद करते हैं, जो कल 01:55 बजे उतरने वाली है।"

पैडलर मनिका बत्रा ने तब मंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा, त्वरित कार्रवाई करने और मेरा सामान प्राप्त करने में मेरी मदद करने के लिए सिंधिया सर और उनके कार्यालय को बहुत-बहुत धन्यवाद। मुझे यह आज सुबह प्राप्त हुआ है।

# अगले हफ्ते तक हो सकता है राहुल की फिटनेस का फैसला



**एजेंसी। बेंगलुरु**

दाहिनी जांघ की सर्जरी करवाने के बाद रिहैब प्रक्रिया से गुजर रहे केएल राहुल की फिटनेस को लेकर बीसीसीआई अगले सप्ताह की शुरूआत तक स्पष्टता दे सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, राहुल इस सप्ताहांत बेंगलुरु में एक अभ्यास मैच में हिस्सा लेंगे, जिसके बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) की मेडिकल टीम उनकी फिटनेस पर अंतिम निर्णय लेगी। रिपोर्ट के अनुसार राहुल 100 प्रतिशत फिट नहीं हैं। इसी कारण एनसीए ने अभी तक बीसीसीआई और राष्ट्रीय चयन समिति को औपचारिक रूप से उनकी उपलब्धता के बारे में सूचित नहीं किया है। जिन लोगों ने हाल ही में राहुल से मुलाकात की है उन्होंने उल्लेख किया है कि एनसीए में चल रहे लेवल-3 कोचिंग सत्र के दौरान वह अच्छी स्थिति में दिख रहे थे। राहुल के करीबी लोगों ने यह भी दावा किया है कि वह आवश्यक कार्यभार का लगभग 85 प्रतिशत प्रबंधन करने में सक्षम हैं। यह आंकड़ा महत्वपूर्ण है क्योंकि शेष 15 प्रतिशत अभ्यास मैच में ही दिखाया जा सकता है। आमतौर पर खिलाड़ियों को अभ्यास मैचों में तब तक भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाती जब तक कि वे 85 प्रतिशत फिटनेस हासिल न कर लें।


# एशिया कप के लिए फहीम अशरफ तैय्यब ताहिर की पाक टीम में वापसी

**एजेंसी। लाहौर**

तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर फहीम अशरफ और मध्यक्रम के बल्लेबाज तैयब ताहिर को बुधवार को एशिया कप के साथ-साथ अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे मैचों के लिए पाकिस्तान की टीम में बुधवार को शामिल किया गया, जो दोनों श्रीलंका में होंगे। बाएं हाथ के बल्लेबाज शान मसूद, जिन्हें इस साल की शुरूआत में इस प्रारूप में उप-कप्तान बनाया गया था, और इहसानुल्लाह अप्रैल और मई में न्यूजीलैंड के साथ पांच वनडे मैचों में खेलने वाली टीम से अनुपस्थित रहे। हाल ही में नियुक्त मुख्य चयनकर्ता इंजमाम-उल-हक द्वारा घोषित टीम में, सऊद शकील, जिन्होंने श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट में बल्ले से प्रभावशाली समय बिताया था, को अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय मैचों में शामिल किया गया है, जिन्होंने पहले प्रारूप में केवल पांच मैच खेले थे। दो साल तक राष्ट्रीय टीम से बाहर रहने के बाद फहीम ने टीम में वापसी की और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में टीम का संतुलन बढ़ाया। इस प्रारूप में उनका आखिरी मैच जुलाई 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ पाकिस्तान की तीन मैचों की श्रृंखला के दौरान था। इस बीच, तैय्यब को अब वनडे टीम में दूसरा मौका मिला है। पाकिस्तान कप 2022-23 में शानदार प्रदर्शन के बाद जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों से पहले उनका पहला कॉल-अप आया, जिसने उन्हें इस आयोजन में अग्रणी रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में देखा। दाएं हाथ के मध्यक्रम के बल्लेबाज ने हाल ही में कोलंबो में एसीसी पुरुष इमर्जिंग कप फाइनल में भारत ए पर पाकिस्तान ए की 128 रन की शानदार जीत में शानदार शतक लगाया। पीसीबी के बयान में कहा गया है कि शान लगातार कम स्कोर के कारण चयन से चूक गए हैं, जबकि इहसानुल्लाह अपनी गेंदबाजी कोहनी में चोट के बाद अपने मेडिकल पैनल की निगरानी में पुनर्वास कार्यक्रम से गुजर रहे हैं। इसमें कहा गया है कि टीम 18 अगस्त को हंबनटोटा में इकट्ठा होगी और पाकिस्तान के खिलाड़ी 17 अगस्त को श्रीलंका के लिए प्रस्थान करेंगे। पाकिस्तान के खिलाड़ी 14, 15 और 16 अगस्त को राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी, लाहौर में तीन दिवसीय शिविर आयोजित करेंगे। लंका प्रीमियर लीग और द हंड्रेड में भाग लेने वाले खिलाड़ी 18 अगस्त को सीधे श्रीलंका में टीम में शामिल होंगे। अफगानिस्तान के खिलाफ पाकिस्तान के तीन वनडे मैच 22, 24 और 26 अगस्त को खेले जाएंगे, इसके बाद 30 अगस्त से 17 सितंबर तक एशिया कप होगा, जिसमें टीम मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में नेपाल के साथ खेलकर टूनार्मेंट की शुरूआत करेगी।



# हसरंगा थ्री इन वन है : मुश्ताक अहमद



**एजेंसी। कोलंबो**

वानिंदु हसरंगा लंका प्रीमियर लीग 2023 में अपना ए गेम लेकर आए हैं और बेहतरीन कौशल के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं। स्टार ऑलराउंडर ने दिग्गज स्पिनर और बी-लव कैंडी के कोच मुश्ताक अहमद को भी प्रभावित किया है, जिन्होंने खुलासा किया कि श्रीलंकाई खिलाड़ी को क्रिकेट में एक विशेष वस्तु क्या बनाती है। वह लीग में बी-लव कैंडी फ्रेंचाइजी का नेतृत्व भी कर रहे हैं और उन्होंने शानदार काम किया है क्योंकि टीम पांच मैचों के बाद छह अंकों के साथ इस समय तालिका में शीर्ष पर है।

मुश्ताक ने टिप्पणी की, लेग स्पिनर हमेशा एक रहस्य होते हैं, जब लोग आपको नहीं चुनते हैं, तो आप बहुत अच्छा महसूस करते हैं, और यह मजेदार लगता है। हसरंगा के पास बहुत अच्छी विविधता है और उनकी लाइन और लेंथ भी बहुत अच्छी है। और तीसरा बहुत महत्वपूर्ण है जो एक लेग स्पिनर है स्वभाव ऐसा होना चाहिए।"

उन्होंने आगे कहा, हसरंगा दबाव में अपने कौशल को बहुत अच्छी तरह से प्रस्तुत और निष्पादित कर सकता है, इसलिए, यह उसे बहुत खास बनाता है, वह थ्री इन वन है क्योंकि वह बल्लेबाजी भी कर सकता है जो एक फायदा है। हसरंगा के कप्तानी कौशल ने उनके साथियों को भी प्रभावित किया है, जिनका मानना है कि लंका प्रीमियर लीग 2023 खिलाड़ी के साथ-साथ श्रीलंका को अपने आगामी लीडर को तैयार करने में मदद कर रहा है। दिनेश चांडीमल ने कहा, वह एक उत्कृष्ट कप्तान हैं और कप्तान बनने के बाद उनमें काफी धैर्य आ गया है। पहले एक खिलाड़ी के रूप में वह इतने शांत नहीं थे।

## टूर्नामेंट | आईसीसी ने वनडे विश्व कप के कार्यक्रम में किया संशोधन

# भारत-पाक का मुकाबला अब 14 अक्टूबर को

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबले सहित टूनामेंट के आठ अन्य मैचों के कार्यक्रम में भी बदलाव किया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को एक बयान जारी कर भारत में आगामी विश्व कप के लिए संशोधित कार्यक्रम की घोषणा की।

भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला पहले रविवार, 15 अक्टूबर को अहमदाबाद में होना था, लेकिन इस मुकाबले को एक दिन पहले स्थानांतरित कर दिया गया है और अब यह मुकाबला शनिवार, 14 अक्टूबर को उसी स्थान पर होगा।

परिणामस्वरूप, दिल्ली में अफगानिस्तान के खिलाफ इंग्लैंड का मैच शनिवार, 14 अक्टूबर से स्थानांतरित किया जाएगा और अब 24 घंटे बाद रविवार, 15 अक्टूबर को खेला जाएगा।

हैदराबाद में श्रीलंका के खिलाफ पाकिस्तान का मुकाबला गुरुवार, 12 अक्टूबर से अब मंगलवार, 10 अक्टूबर को खेला जाएगा और लखनऊ में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का बड़ा मैच 24 घंटे पीछे चला गया है और अब शुक्रवार 13 अक्टूबर के बजाय गुरुवार, 12 अक्टूबर को खेला जाएगा।



इसी तरह, बांग्लादेश के खिलाफ न्यूजीलैंड का मैच मूल रूप से 14 अक्टूबर को चेन्नई में एक दिन के मैच के रूप में निर्धारित किया गया था, अब 13 अक्टूबर, शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा और इसे दिन-रात मैच के रूप में खेला जाएगा।

टूर्नामेंट के प्रारंभिक चरण से, कार्यक्रम में एक मामूली बदलाव धर्मशाला में बांग्लादेश के खिलाफ इंग्लैंड के मैच के समय को संदर्भित करता है, जिसमें यह मुकाबला अब मूल रूप से निर्धारित समय के बाद सुबह 10:30 बजे (स्थानीय समय) शुरू होगा।

लीग चरण के अंत में, रविवार, 12 नवंबर के डबल-हेडर मुकाबलों (पुणे में ऑस्ट्रेलिया बनाम पाकिस्तान (सुबह 10:30 बजे) और कोलकाता में इंग्लैंड बनाम पाकिस्तान (दोपहर 02:00 बजे)) को एक दिन पहले शनिवार, 11 नवंबर को स्थानांतरित कर दिया गया है।

इस बीच, नीदरलैंड के खिलाफ भारत का आखिरी लीग मैच अब 11 से 12 नवंबर तक स्थानांतरित कर दिया गया है, जो कि बेंगलुरु में दिन-रात का मुकाबला होगा।

विश्व कप गुरुवार, 5 अक्टूबर को शुरू होगा और पहले मैच में 2019 के फाइनलिस्ट इंग्लैंड और न्यूजीलैंड का सामना अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा और रविवार, 19 नवंबर को उसी स्थान पर फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

### भारत को मिल गया नंबर-4 का बेस्ट दावेदार : आकाश-ओझा

**नई दिल्ली।** भारत ने 0-2 से पिछड़ने के बाद पांच मैचों की टी-20 सीरीज का तीसरा मैच सात विकेट से जीत लिया। इस सीरीज में शानदार फॉर्म में चल रहे तिलक वर्मा ने एक बार फिर अच्छी ब्ललेबाजी की। वनडे विश्व कप 2023 का काउंटडाउन शुरू हो गया है। 5 अक्टूबर से इस मेगा-इवेंट का आगाज भारत में होने जा रहा है, जिसका फाइनल मैच 19 नवंबर को खेला जाएगा। सभी टीमें इस टूनामेंट के लिए तैयारियों में लगी हुई है लेकिन कुछ ऐसे पहलू हैं जो भारतीय टीम के लिए सिरदर्द बने हुए हैं। उनमें से ही एक है नंबर-4 बैटिंग पोजिशन। ऐसा इसलिए है क्योंकि आमतौर पर इस नंबर पर खेलने वाले भारत के प्रमुख खिलाड़ी श्रेयस अय्यर और केएल राहुल काफी समय से चोटिल हैं और इस वक्त वह एनसीए में रिहैब प्रोसेस से गुजर रहे हैं। उनका वर्ल्ड कप खेलना अभी तय नहीं है। इस बीच प्रज्ञान ओझा ने इस पोजिशन के लिए भारतीय टीम के उस खिलाड़ी का नाम लिया जिसने वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रही टी-20 सीरीज में टीम इंडिया के लिए डेब्यू किया है और अपनी बल्लेबाजी से सब को इंप्रेस कर रहे हैं। प्रज्ञान ने ट्वीट कर लिखा, "क्या वनडे में भारतीय टीम के लिए नंबर 4 की परेशानी को खत्म करने में तिलक वर्मा को शामिल करने की कोई संभावना है?"

